

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com    लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित    जन जन की आवाज



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 138 | मंगलवार, 30 जून 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के पुंछ में पाक नागरिक गिरफ्तार

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना ने रविवार को पाकिस्तान के एक घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। व्यक्ति की पहचान 31 साल के रईस खान के रूप में हुई है। जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का निवासी है। वह बालाकोट सेक्टर से रुष्ट पार कर भारतीय सीमा में दाखिल हुआ था, जिसके तुरंत बाद सेना ने उसे हिरासत में ले लिया। उसके पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने सीमा क्यों पार की।

### वेनेजुएला में फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप

**कराकस।** वेनेजुएला में रविवार को फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। यूरो-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक भूकंप का केंद्र अरागुआ तट के पास समुद्र में 30 किलोमीटर की गहराई में था। यह भूकंप 24 जून को आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद शनिवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया था। वेनेजुएला में अब तक 1430 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 3300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। भूकंप के 72 घंटे बाद करीब 68,900 लोग अब भी लापता हैं।

### राज्यपाल डेका ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की सौजन्य भेंट

**नई दिल्ली।** राज्यपाल रमेन डेका ने रविवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल रमेन डेका ने रक्षा मंत्री का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट की।

### कानपुर में विमान के पंखे की चपेट में आई पायलट

**कानपुर।** कानपुर एयरपोर्ट पर नाइट फ्लाइंग ट्रेनिंग के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई। शुक्रवार की रात ट्विन इंजन विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। लेकिन, इंजन बंद होने से पहले ही ट्रेनी पायलट विमान से नीचे उतर गई। इस वजह से वह घूम रहे प्रोपेलर (पंखे) की चपेट में आ गई। हादसे में उसकी पीठ पर गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। घटना के बाद नागरिक जांच उड्डयन महानिदेशालय ने शुरू कर दी है।

### ईडी ने पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव को भेजा समन

**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस विधायक और राज्य के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, उनके बेटे रोहित उरांव तथा उत्पाद विभाग के सेवानिवृत्त आयुक्त अमित प्रकाश को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। तीनों को निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने के साथ मामले से जुड़े आवश्यक दस्तावेज भी साथ लाने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी इस मामले में कथित वित्तीय लेन-देन और झारखंड की नई आबकारी व्यवस्था के क्रियान्वयन के दौरान विभिन्न निजी कंपनियों की भूमिका की जांच कर रही है।

# पीएम मोदी का सेशेल्स दौराः 1250 करोड़ की मदद, 19 बड़े समझौतों पर मुहर

## यूपीआई, रक्षा, अंतरिक्ष और समुद्री सुरक्षा में भारत-सेशेल्स साझेदारी को नई रफ्तार

- भारत ने सेशेल्स को 1250 करोड़ रुपये की लाइन ऑफ क्रेडिट देने की घोषणा की
- यूपीआई, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और समुद्री सुरक्षा जैसे 19 क्षेत्रों में बड़े समझौते
- पीएम मोदी को गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन सम्मान से नवाजा गया



**सेशेल्स**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा ने भारत की विदेश नीति को एक नई दिशा दी है। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक मौजूदगी को मजबूत करते हुए दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौतों पर सहमति बनी है। इस यात्रा के दौरान न केवल आर्थिक सहयोग बढ़ा है बल्कि रक्षा, डिजिटल तकनीक, अंतरिक्ष और समुद्री सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी साझेदारी को नई ऊंचाई मिली है। भारत ने सेशेल्स को 1250 करोड़ रुपये की लाइन ऑफ क्रेडिट देने की घोषणा की है, जिसे दोनों देशों के विकास संबंधों में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की, जिसमें दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई। इस बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल परिवर्तन, सतत विकास, अक्षय ऊर्जा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों नेताओं ने यह स्वीकार किया कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत और सेशेल्स की साझेदारी हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर एक विशेष प्रतीक (लोगो) भी जारी किया गया, जो इस लंबे सहयोग का प्रतीक है। भारत और सेशेल्स ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य सेवाओं और शिपिंग सेक्टर में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। अंतरिक्ष क्षेत्र में डेटा साझा करने और उपग्रह आधारित सेवाओं के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है। इससे सेशेल्स को आपदा प्रबंधन और मौसम पूवार्नुमान में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली को विशेष सत्र में संबोधित किया। यह पहली बार है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने वहां संसद को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने लोकतंत्र, कानून के शासन और आपसी विश्वास की ताकत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स का रिश्ता केवल कूटनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह साझा मूल्यों और विश्वास पर आधारित है। उन्होंने संसदीय सहयोग को और मजबूत करने की भी बात कही। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में योगदान के लिए प्रधानमंत्री मोदी को ह्लगार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजनह्व सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समुद्री पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को दशार्ता है। यह भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका का भी प्रतीक माना जा रहा है। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने विकास परियोजनाओं और आर्थिक सहयोग की समीक्षा की।

### 1250 करोड़ रुपये की क्रेडिट लाइनः विकास को गति

भारत ने सेशेल्स को 1250 करोड़ रुपये की लाइन ऑफ क्रेडिट देने की घोषणा की है। इस राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे, खाद्य सुरक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और विकास परियोजनाओं में किया जाएगा। यह कदम न केवल सेशेल्स की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा बल्कि दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को भी नई गति प्रदान करेगा।

### डिजिटल इंडिया की वैश्विक पहुंचः यूपीआई समझौता

इस दौरे का एक बड़ा आकर्षण भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई का सेशेल्स में विस्तार रहा। दोनों देशों ने डिजिटल पेमेंट, साइबर सुरक्षा और फिनटेक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। यूपीआई के विस्तार से सेशेल्स में डिजिटल लेनदेन आसान होगा और भारत की फिनटेक शक्ति को वैश्विक पहचान मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत की डिजिटल डिप्लोमेसी को मजबूत करेगा।

### समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग पर फोकस

बैठक का सबसे अहम पहलू समुद्री सुरक्षा से जुड़ा रहा। हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों जैसे अवैध मछली पकड़ना, नशीली दवाओं की तस्करी और समुद्री डकैती पर दोनों देशों ने गंभीर चिंता व्यक्त की। भारत ने सेशेल्स को भरोसा दिलाया कि वह उसकी समुद्री सुरक्षा और विकास प्राथमिकताओं में हर संभव सहायता करेगा। इस दिशा में रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमति बनी। भारतीय नौसेना की उपस्थिति और संयुक्त अभ्यासों को भी भविष्य में और विस्तार देने की योजना है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूती मिलेगी।

# 'साइकिल चलेगी तो होगा दंगा, अब यूपी में सब चंगा'

## मुरादाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**



**मुरादाबाद/पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुरादाबाद की जनसभा में कानून-व्यवस्था, विकास और राजनीतिक मुद्दों पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में दंगे, माफिया और अव्यवस्था का माहौल था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश कानून के राज और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

दिल्ली रोड पर सर्किट हाउस के पीछे बुद्धि विहार में उदीषा महोत्सव पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखे राजनीतिक प्रहार किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने दंगा, अपराध और अराजकता की राजनीति को पीछे छोड़कर विकास और सुशासन को चुना है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न का जिक्र करते हुए कहा कि जनता ने पहले भी अराजकता का दौर देखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब ऐसी स्थिति में वापस नहीं जाएगा और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में निवेश, उद्योग, पर्यटन और आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का माहौल बनने से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आम नागरिकों की सुरक्षा, महिलाओं के सम्मान और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहा कि देश के विभाजन की राजनीति ने राष्ट्र को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण समाज में विभाजन की स्थिति बनी रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर कार्य कर रही है और बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अपराधियों, माफिया और दंगाइयों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रही है और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कहा कि उत्तर प्रदेश अब विकास, बेहतर कानून-व्यवस्था, आधुनिक आधारभूत सुविधाओं और निवेश के कारण देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। उन्होंने जनता से विकास की इस गति को बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया।

### 2027 में भी भाजपा बड़े अंतर से जीतेगीः मौर्य

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गाजियाबाद में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 30 1वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव, राम मंदिर, काशी-मथुरा विवाद, जम्मू-कश्मीर के विकास और राम मंदिर चढ़ावा मामले सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 2017 और 2022 से भी बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी।

# असम में बारिश का कहर, 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बहा

- पूर्वोत्तर में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त
- कई सड़कें धंसीं और भूस्खलन से बढ़ा संकट
- रेलवे पुल क्षतिग्रस्त होने से ट्रेन सेवाएं प्रभावित



**दिसपुर**

पूर्वोत्तर भारत में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने असम और अरुणाचल प्रदेश में भारी तबाही मचा दी है। असम में बाढ़ और नदी के तेज बहाव के कारण करीब 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया, जबकि धेमाजी जिले में सिमेन नदी पर बना रेलवे पुल क्षतिग्रस्त होने से रेल यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। दूसरी ओर अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के चलते तीन लोगों की मौत हो गई है। कई स्थानों पर सड़कें धंस गई हैं, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। प्रशासन, आपदा प्रबंधन दल और स्थानीय एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं, जबकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। असम में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। तेज जलप्रवाह और नदी के कटाव के चलते एक 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों का संपर्क प्रभावित हो गया। पुल बहने के बाद स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने प्रभावित इलाके में वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था शुरू कर दी है, जबकि इंजीनियरिंग टीमें नुकसान का आकलन करने में जुटी हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण कई अन्य पुल और सड़कें भी खतरे की जद में हैं। लोगों को नदी किनारे के इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। भारी बारिश और नदी के किनारे तेज कटाव का असर असम के धेमाजी जिले में भी देखने को मिला। यहां सिमेन नदी पर बना रेलवे पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई ट्रेनों को रद कर दिया है, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है।

# विमान-हेलिकॉप्टर हादसों में हुई 25 लोगों की मौत

## फ्रांस में विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट समेत 11 की मौत

**पेरिस-रियाद**

उत्तर-पूर्वी फ्रांस में रविवार को स्काईडाइविंग के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट समेत विमान में सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं सऊदी अरब के रास तनुरा में सऊदी अरामको का हेलिकॉप्टर क्रैश होने से 14 लोगों की मौत हो गई है।

फ्रांस में हुए विमान हादसे की स्थानीय प्रशासन ने पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्टस में स्थानीय प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह विमान पैराशूटिंग प्रशिक्षण देने वाले एक स्कूल का था। दुर्घटना में पायलट के अलावा पांच



प्रशिक्षु (स्टूडेंट) और पांच प्रशिक्षकों की जान चली गई। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे नैन्सी शहर के निकट टॉमब्लेन क्षेत्र में हुआ। क्षेत्रीय अधिकारी यवेस सेगुई ने बताया कि विमान एयरफील्ड के पास अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि जमीन पर गिरने से पहले ही विमान को किसी प्रकार का नुकसान हुआ था। विमान एक शॉपिंग सेंटर के पास आबादी वाले इलाके में गिरा, हालांकि जमीन पर मौजूद किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। सेगुई ने कहा कि यदि विमान कुछ मीटर इधर-उधर गिरता, तो जनहानि और अधिक हो सकती थी। हादसे के बाद आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। फ्रांस के गृह मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि गृहमंत्री घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

### सऊदी अरब में हेलिकॉप्टर क्रैश, 14 लोगों की मौत



**रियाद।** सऊदी अरब के रास तनुरा में सऊदी अरामको का हेलिकॉप्टर क्रैश होने से 14 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि सऊदी अरब की बड़ी तेल कंपनी 'अरामको' का एक हेलिकॉप्टर रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में सऊदी अरब के पूर्वी तट पर स्थित 'रास तनुरा' में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी ने यह भी कहा कि दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। अरामको ने खाड़ी में स्थित अपने 'रास तनुरा' टर्मिनल पर शुक्रवार को कच्चे तेल की लोडिंग फिर से शुरू की थी, जिसे लगभग चार महीनों के लिए रोक दिया गया था। सरकारी समाचार एजेंसी ने आगे कहा, हेलिकॉप्टर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों की मदद से जांच की जा रही है।

# नोएडा की हाईराइज सोसाइटी में भीषण आग, अरन्या सोसाइटी में मची अफरा-तफरी

**नोएडा**

नोएडा के सेक्टर-119 स्थित अरन्या सोसाइटी में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक फ्लैट में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और इमारत से काला धुआं तथा ऊंची लपटें उठने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। राहत की बात यह रही कि शुरूआती जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने और घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# 'मुझे मौत का डर नहीं, इसी साल बांग्लादेश लौटूंगी': शेख हसीना

- पूर्व प्रधानमंत्री ने वर्ष के अंत तक वतन वापसी का किया ऐलान
- विरोधियों ने बताया राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति
- अवामी लीग की सक्रियता पर फिर तेज हुई चर्चा



**नई दिल्ली/ढाका**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वर्ष 2026 के अंत तक अपने देश लौटने की घोषणा कर एक बार फिर वहां की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। वर्ष 2024 में सत्ता से हटाए जाने के बाद से भारत में रह रहीं शेख हसीना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्हें मौत का कोई डर नहीं है और वह जल्द ही अपने देश लौटेंगी। उनके इस बयान को बांग्लादेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में बेहद अहम माना जा रहा है। जहां उनके समर्थक इसे लोकतांत्रिक राजनीति में वापसी का संकेत बता रहे हैं, वहीं राजनीतिक विरोधियों ने इसे मौजूदा सरकार पर दबाव बनाने और राजनीतिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश करार दिया है। इस बीच, अवामी लीग की फिर से बढ़ती सक्रियता ने भी बांग्लादेश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने संबोधन में कहा कि वह इसी वर्ष के अंत तक बांग्लादेश लौटने की योजना बना रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी जान का कोई भय नहीं है और वह देश की जनता के बीच वापस जाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाना चाहती हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि राजनीतिक परिस्थितियां चाहे जितनी कठिन हों, वह अपने देश और पार्टी के कार्यकताओं को अकेला नहीं छोड़ेंगी। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब बांग्लादेश में राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। शेख हसीना के बयान के तुरंत बाद उनके राजनीतिक विरोधियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि यह बयान मौजूदा सरकार पर दबाव बनाने और देश के राजनीतिक माहौल को प्रभावित करने की रणनीति का हिस्सा है। विरोधी दलों का आरोप है कि इस प्रकार के बयान राजनीतिक ध्रुवीकरण को बढ़ा सकते हैं। उनका मानना है कि वर्तमान परिस्थितियों में इस तरह की घोषणाएं बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिरता पर असर डाल सकती हैं।

### 2024 में सत्ता से हटने के बाद भारत में रह रही हैं हसीना

वर्ष 2024 में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद शेख हसीना को सत्ता से बाहर होना पड़ा था। इसके बाद से वह भारत में रह रही हैं। उनके देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश की राजनीति में बड़े बदलाव देखने को मिले और नई सत्ता व्यवस्था स्थापित हुई। हालांकि इस दौरान भी अवामी लीग के समर्थकों और नेताओं के बीच उनकी वापसी को लेकर लगातार चर्चाएं होती रही हैं। अब स्वयं हसीना द्वारा वापसी की समयसीमा घोषित किए जाने से इन अटकलों को और बल मिला है।

देश को घुसपैठिया मुक्त बनाने की तैयारी

# अमित शाह ने 9 जुलाई को बुलाई पुलिस महानिदेशकों की बैठक

**नई दिल्ली**



देश को माओवादियों से मुक्त करने के बाद गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह अब अवैध घुसपैठिया मुक्त बनाने के मिशन में जुट गए हैं। बिहार, राजस्थान, गुजरात और त्रिपुरा के सीमावर्ती जिलों का दौरा करने के बाद अमित शाह ने सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों की बैठक बुलाई है।

नौ जुलाई को दिल्ली में होने वाली बैठक में खुफिया ब्यूरो, रॉ, ईडी, एनआईए समेत सभी केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुख रहेंगे। बैठक में अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने के साथ-साथ घुसपैठ से जुड़े पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने की रणनीति पर चर्चा होगी। सरकार घुसपैठ की समस्या से निजात दिलाने के लिए पहले ही उच्चाधिकार प्राप्त जनसांख्यिकी बदलाव समिति का गठन कर चुकी है। दरअसल अवैध घुसपैठ की समस्या सिर्फ सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं है। सीमावर्ती इलाके से एक बार अवैध रूप से घुसपैठ करने के बाद ये पूरे देश में पहुंच रहे हैं।

अगस्त से पहला बैच शुरू होगा, 30-40 प्रतिशत तक कम होगा खर्च

# 15 विदेशी विवि को भारत में परिसर खोलने की मंजूरी

**नई दिल्ली**

भारत में विदेशी विश्वविद्यालय की डिग्री लेने के लिए केंद्र सरकार 15 विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर खोलने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी कर चुकी है। इनमें ज्यादातर परिसर अगस्त से पहला बैच शुरू करेंगे। हर कैंपस में 200 से 250 छात्रों को दाखिला दिया जाएगा। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय परिसर में पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री पूरी तरह उनके घर परिसर के वैश्विक मानकों के मुताबिक होगी। पहले चरण में एआई, कंप्यूटर साइंस और एसटीईएम विषयों पर फोकस रहेगा।



### प्रवेश के लिए यह योग्यता होगी

12वीं में कम से कम 75 प्रतिशत और ग्रेजुएशन में 55 प्रतिशत से 70 प्रतिशत अंक जरूरी होंगे। बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी में 70 प्रतिशत से 85 प्रतिशत अंक होने पर आईईएलटीएस देने की जरूरत नहीं होगी।

### भारत में इन विदेशी विवि के परिसर खुलेंगे

विश्वविद्यालय ऑफ एबरडीन (मुंबई), ब्रिस्टल (मुंबई), लिवरपूल (बेंगलुरु), यॉर्क (मुंबई), इलिनोइस टेक (मुंबई) और विक्टोरिया विश्वविद्यालय (दिल्ली) परिसर खोल रही हैं। मौजूदा सत्र के लिए 10 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं।

### विदेश के परिसर में पढ़ने का मौका मिलेगा

एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत 1 से 2 सेमेस्टर विदेश में पढ़ सकेंगे। विश्वविद्यालय ऑफ यॉर्क 2+1 मॉडल लेकर आई है। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के छात्र ब्रिटेन में मौजूद एआई सुपरकंप्यूटर का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। विक्टोरिया विश्वविद्यालय की एक-तिहाई फैकल्टी मेलबर्न से आएगी। इलिनोइस टेक विदेशी और भारतीय मूल के अनुभवी शिक्षकों की भर्ती कर रही है।

**स्कॉलरशिप मिलेगी:** अगले पांच वर्षों के लिए करीब 1,000 करोड़ रुपए का फंड रखा गया है। योग्यता और जरूरत के आधार पर 10 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप मिलेगी। एबरडीन 2 लाख और ब्रिस्टल 10 लाख रुपए सालाना तक स्कॉलरशिप देगा।

चीन का वीजा-परमिट बिना सफर करने पर सरकार ने दी चेतावनी

# कैलाश मानसरोवर गए 52 श्रद्धालु नेपाल में फंसे

**नई दिल्ली**

कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विदेश मंत्रालय ने अहम एडवाइजरी जारी की है। नेपाल में 52 भारतीय श्रद्धालुओं के फंसने की घटनाओं के बाद मंत्रालय ने एक स्पष्ट चेतावनी जारी की है। इसमें सलाह है कि चीन का वैध वीजा और सभी आवश्यक प्रवेश परमिट प्राप्त किए बिना कोई भी यात्री भारत से अपनी यात्रा शुरू न करे। मंत्रालय ने कहा कि अधूरे दस्तावेजों के साथ यात्रा शुरू करने पर श्रद्धालुओं के बीच रास्ते में फंसने का खतरा बढ़ जाता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सहायता की मांग करने वाले भारतीय नागरिक निजी टूर ऑपरेटरों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर निकले थे। मंत्रालय ने सभी श्रद्धालुओं को सलाह दी है कि यात्रा शुरू करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि उनके पास चीन में प्रवेश के लिए जरूरी वीजा और सभी अनुमतियां मौजूद हैं। साथ ही यह भी जांच लें कि संबंधित टूर ऑपरेटर रजिस्टर्ड और अधिकृत है। यह एडवाइजरी ऐसे समय में जारी की गई है, जब कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए 52 भारतीय श्रद्धालुओं के काठमांडू में फंसे होने की खबर सामने आई है।



# बरेली कप्तान अनुराग आर्य ने अपराधियों पर कसी नकेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जनपद में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय 56 शातिर अपराधियों की क्लास 'बी' हिस्ट्रीशीट खोली गई है। ये अपराधी हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, छिनैती, रंगदारी, धोखाधड़ी, चोरी, नकबजनी, गौकशी, पशु तस्करी, अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ और अवैध शस्त्र जैसे गंभीर अपराधों में लंबे समय से संलिप्त पाए गए हैं।

पुलिस द्वारा खोली गई 56 हिस्ट्रीशीटों में सर्वाधिक 13 अपराधी थाना फरीदपुर क्षेत्र के हैं। इसके अलावा सीबीगंज, मीरगंज, इज्जतनगर और किला से 5-5 अपराधी, बहेड़ी, भुता और बारादरी से 4-4, सुभाषनगर से 3, भोजीपुरा, कोतवाली और कैंट से 2-2 जबकि शेरगढ़ और देवरनियां से 1-1 अपराधी शामिल हैं।

इज्जतनगर क्षेत्र से रूपकिशोर गोला, मोहम्मद आसिफ, सुभान खां उर्फ सुब्हान, जाकिर अली उर्फ पप्पू और राजू खान को हिस्ट्रीशीटर बनाया गया है। बारादरी से नितिन, नीरज, टिंकू राठौर और आबिद, कोतवाली से राहुल कौशल व विशाल, कैंट से सुनील व हरिओम उर्फ पंकज, किला से वाहिद, सईद, टाइगर उर्फ यामीन उर्फ अमीनउद्दीन, मुर्तुजा और मोबीन के नाम सूची में दर्ज हैं। फरीदपुर, सीबीगंज, भुता, बहेड़ी, भोजीपुरा, शेरगढ़, मीरगंज और देवरनियां क्षेत्रों के कई अपराधियों को भी हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है।




**हत्या, लूट, गौकशी और नशा तस्करी में लिप्त 56 शातिर अपराधी चिन्हित, थाना प्रभारियों को कड़ी निगरानी के आदेश**

**किस अपराध में कितने आरोपी :** पुलिस के अनुसार 16 अपराधी मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ, अवैध शस्त्र और अवैध शराब से जुड़े हैं। नकबजनी, चोरी व लूट में 9, गौकशी व पशु तस्करी में 9, हत्या व हत्या के प्रयास में 7, जबकि अन्य अपराधों में शेष आरोपी शामिल हैं।

**एसएसपी का सख्त निर्देश** एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि इन हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जाए और किसी भी आपराधिक गतिविधि पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सार संक्षेप

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में शिवसेना का कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन



**बरेली।** अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में कथित 200 करोड़ रुपये के चंदा चोरी प्रकरण को लेकर शिवसेना नाथ नगरी बरेली इकाई ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मातृ शक्ति भवानी सेना इकाई के सहयोग से किया गया। शिवसेना प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा के आवाहन पर आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश सचिव राजीव कुमार पांडेय एवं मंडल प्रमुख संतोष कुमार सिंह ने किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी बरेली के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में शिवसेना ने आरोप लगाया कि प्रकरण में केवल एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संगठन ने मांग की कि जांच पूरी होने तक संबंधित ट्रस्टियों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित किया जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो। इस मौके पर शिवसेना मंडल उप प्रमुख नवीन सक्सेना ने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। अन्यथा अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के सम्मान में शिवसेना सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में भवानी सेना इकाई से कार्यकारी जिला प्रमुख आरती तिवारी, महानगर प्रमुख प्रभजोत कौर, पूजा राजपूत, मधु पाठक, गीता मिश्रा, प्रीति सैनी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। इसके अलावा राजीव पांडे, संतोष सिंह, सोनू सिंह, मुकेश चौहान, संजय चंद्रा, सुधीर शर्मा, राधाकांत पाठक, मुनीदर यादव, सोनू सक्सेना, प्रदीप गंगवार, अमर सक्सेना, आयुष वर्मा, विनोद राजपूत, हिमांशु रस्तोगी सहित सैकड़ों शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### शाही तिराहे पर ई-रिक्शा की एम्बुलेंस से टक्कर, बड़ा हादसा टला

**बरेली।** सोमवार दोपहर करीब दो बजे शाही तिराहा पर एक ई–रिक्शा ने पीछे से एम्बुलेंस में टक्कर मार दी। हादसे में एम्बुलेंस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। घटना के बाद तिराहे पर करीब आधे घंटे तक अफरा–तफरी का माहौल रहा और लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना के बाद एम्बुलेंस चालक ने पुलिस सहायता के लिए डायल 112 पर सूचना दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के समय तिराहे पर कोई पुलिसकर्मी तैनात नहीं था, जिसके चलते फतेहगंज पश्चिमी से डायल 112 की पुलिस टीम को मौके पर पहुंचना पड़ा। पुलिस ने पहुंचकर स्थिति संभाली, यातायात को सामान्य कराया और मामले की जानकारी जुटाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के लिए ई–रिक्शा चालक की लापरवाही जिम्मेदार थी। लोगों का कहना है कि शाही तिराहे पर ई–रिक्शा चालक अक्सर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाते हैं और सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े कर सवारी भरते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि तिराहे पर ई–रिक्शा संचालन पूरी तरह अव्यवस्थित है। कई चालक जहां जगह मिलती है, वहीं वाहन रोककर सवारियां भरने लगते हैं। लोगों ने प्रशासन से शाही तिराहे पर नियमित पुलिस तैनाती, ई–रिक्शा के लिए निर्धारित स्टैंड की व्यवस्था और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

# बरेली के विकास पर उठाए गंभीर सवाल, भाजपा सरकार और प्रशासन से मांगा जवाब : मयंक शुक्ला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मयंक शुक्ला ने बरेली शहर के विकास कार्यों पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार, जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन शहर की जनता आज भी टूटी सड़कों, जाम, अधूरी परियोजनाओं, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक लापरवाही से जूझ रही है।




मयंक शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन की गई कई परियोजनाएं वर्षों बाद भी जनता को समर्पित नहीं हो सकी हैं। स्काईवॉक, संजय कम्युनिटी हॉल परिसर का अमृत सरोवर तथा रेलवे स्टेशन के पास नगर निगम का निर्मित कॉम्प्लेक्स आज भी उपयोग में नहीं आ सके हैं। उन्होंने इन परियोजनाओं पर हुए करोड़ों रुपये के खर्च की जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि काष्ठकला केंद्र की निर्माणाधीन परियोजना को पहले बनाया गया, फिर तोड़ा गया और दोबारा निर्माण कराया जा रहा है, जिससे पूरी परियोजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं। इसकी उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांचये कराए जाने की मांग भी की। सीएम ग्रिड योजना के तहत दीनदयालपुरम क्षेत्र के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि तय समय सीमा बीत जाने के बावजूद सड़कें टूटी हैं, पार्किंग व्यवस्था बदहाल है और पूरा क्षेत्र अव्यवस्थित पड़ा है। सपा नेता मयंक शुक्ला ने कहा कि बरेली में एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार खराब हो रहा है, एम्स की स्थापना की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई, क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल भूमि उपलब्ध न होने के कारण लखनऊ स्थानांतरित हो गया, 300 बेड अस्पताल पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो रहा, 100 बेड यूनानी अस्पताल भी पूरी तरह जनता को समर्पित नहीं किया गया है।

उन्होंने डेलापीर में गौवंश की दुर्दशा, खुले मेनहोल, सुभाषनगर पुलिया की उपेक्षा, स्मार्ट मीटर, ट्रैफिक सिग्नलों की निष्प्रभाविता, आईटी पार्क के लंबित निर्माण तथा महंगी कॉपी-किताबों और ड्रेस के नाम पर अभिभावकों के आर्थिक शोषण जैसे मुद्दे भी उठाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। किला ओवरब्रिज पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद उसकी स्थिति खराब हो चुकी है, जबकि स्काईवॉक अब तक जनता के लिए नहीं खोला गया। अंत में मयंक शुक्ला ने कहा कि बरेली की जनता को केवल उद्घाटन और घोषणाएं नहीं, बल्कि धरातल पर विकास चाहिए। उन्होंने अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने, दोषियों की जवाबदेही तय करने और जनता के धन का पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की। राम मंदिर के करोड़ों रुपए की चोरी मामले में कहा इसकी सीबीआई जांच होना चाहिए और राम मंदिर में बनाने में ईंट सरिया सीमेंट लगा था उसकी जांच होना चाहिए।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भुवनेश यादव विक्रांत सिंह पाल राहुल यादव अभिषेक यादव मुजाहिद खान मौजूद रहे।

# जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के आगमन पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कस्बे के गंगा पैलेस में सोमवार को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आगमन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गो-रक्षा एवं सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से निकली 81 दिवसीय 'गावित (गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध) यात्रा' के अंतर्गत उनके आगमन पर श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जगद्गुरु शंकराचार्य के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने गो-सेवा और गौ-संरक्षण के कार्यों को गति देने के लिए कुछ श्रद्धालुओं व कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने सभी से गौ-सेवा को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की भी सहभागिता रही। समाजवादी पार्टी के नेताओं राम अग्रवाल और पंकज अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अलावा तेजपाल गंगवार, सुरेंद्र गंगवार, गोपेश यादव, पवन यादव, अंकित वाल्मीकि, मोहित गंगवार, सुरेश चंद्र गंगवार, छत्रपाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए 'गावित यात्रा' को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भीषण गर्मी में चरमराई बिजली व्यवस्था, कई इलाकों में आपूर्ति ठप, लोगों का हंगामा-प्रदर्शन

**बरेली।** बरेली में बिजली संकट से लोग परेशान हैं। मलूकपुर में चार दिन से बिजली गुल है। कृष्णानगर फेज टू में शनिवार रात भर आपूर्ति ठप रही। कई क्षेत्रों में ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या है। बिजली न आने से परेशान उपभोक्ताओं ने रविवार को किला उपकेंद्र पर हंगामा कर दिया। बरेली के किला उपकेंद्र के मलूकपुर में चार दिन से तो पवन विहार के कृष्णानगर फेज टू में शनिवार की पूरी रात बिजली गुल रहने से उपभोक्ता भीषण गर्मी में परेशान रहे। शास्त्रीनगर में तीसरे दिन बिजली की आपूर्ति बहाल हो सकी। इसके अलावा सीबीगंज, सुभाषनगर, सिटी स्टेशन आदि इलाकों में लोग पूरी रात ट्रिपिंग की समस्या से जूझते रहे। बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने किला उपकेंद्र पर हंगामा किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी–86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी–बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

# हिन्दी के शत-प्रतिशत प्रयोग का लिया संकल्प

## इज्जतनगर मंडल में राजभाषा प्रगति समीक्षा बैठक एवं हिन्दी संगोष्ठी आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** राजभाषा हिन्दी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मार्च–2026 तिमाही की प्रगति समीक्षा बैठक एवं हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यू.एस. नाग के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर हिन्दी के प्रयोग और प्रसार की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा कार्यालयों में नियमानुसार हिन्दी या द्विभाषी कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है। अध्यक्षीय संबोधन में सुश्री वीणा सिन्हा ने कहा कि इज्जतनगर मंडल में हिन्दी के प्रयोग का वातावरण सकारात्मक है। अधिकांश पत्राचार और टिप्पणियां हिन्दी में हो रही हैं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने सभी कार्यालयी कार्य हिन्दी में करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. श्यामपाल सिंह मौर्य ने महान साहित्यकार विष्णु प्रभाकर के साहित्य और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी को भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, तैयारियों का लिया जायजा

- **डीएम अविनाश सिंह ने जीआईसी ऑडिटोरियम व सर्किट हाउस का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रस्तावित वीवीआईपी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने रविवार को माननीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जीआईसी ऑडिटोरियम और सर्किट हाउस का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, विद्युत, पेयजल, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं, ताकि वीवीआईपी आगमन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम अविनाश सिंह ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम से जुड़ी हर व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी और लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी विभागों को निर्धारित जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने जिलाधिकारी को तैयारियों की प्रगति से अवगत कराया। प्रशासन का दावा है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।






# हैंडल लॉक तोड़कर उड़ाते थे बाइक, पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को ऐसे दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नवाबगंज कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दो शातिर आरोपियों को चोरी की दो बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे और पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट बदलकर चोरी की बाइक का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।



पुलिस के अनुसार 28 और 29 जून की रात नवाबगंज थाना पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गरेम डैम के पास पुलिया के निकट दो युवक चोरी की बाइक बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सूरज और देशराज को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुईं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों राज और आदित्य द्विवेदी के साथ मिलकर कई बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपियों ने खुलासा किया कि गिरोह के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते थे और फिर हैंडल लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर लेते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि एक बाइक पर फर्जी और बदली हुई नंबर प्लेट लगाई गई थी, ताकि चोरी के वाहनों का इस्तेमाल करते समय पुलिस की नजर से बचा जा सके। पुलिस ने बरामद बाइक की जांच ई-चालान एप के माध्यम से की। इसमें दोनों वाहन चोरी के निकले।एक बाइक नवाबगंज क्षेत्र से चोरी हुई थी, जबकि दूसरी बाइक बरेली शहर के एक वाहन स्वामी की निकली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि वाहन चोरी से जुड़े पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फतेहगंज पश्चिमी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 63 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरेली पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने सोमवार को एक युवक को 63 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी आदेश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रहपुरा अंडरपास हाईवे के समीप रबर फैक्ट्री के मैदान में एक युवक स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हसीन पुत्र मजीदुल्ला, निवासी मोहल्ला सराय नई बस्ती, वार्ड-8, कस्बा एवं थाना फतेहगंज पश्चिमी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 63 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मुर्गा सप्लाई का काम करता है। आर्थिक तंगी और कर्ज के चलते उसने पहले से रखी स्मैक को बेचकर पैसे कमाने की योजना बनाई थी।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–

7906815587, 9758444242


## एक नजर

### नाबालिग को खेत से ले जाने में कई पर केस




**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग लड़की को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर स्थानीय निवासी राहुल, उसके तीन साथियों और एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, किशोरी 22 जून को लापता हुई थी और दो दिन पश्चात मंदिर के समीप अचेत अवस्था में प्राप्त हुई। पीड़िता की स्थिति अत्यंत भयावह थी और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही थी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने उसे जबरन ले जाकर बंधक बनाए रखा, जिससे उसकी सेहत पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# एक घंटा 20 मिनट शाहबाद में रूकेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## शाहबाद के चड्ढा फार्म के मैदान से जिले को करोड़ों की देंगे सौगात, अधिकारियों ने कराई ब्रीफिंग





जनसभा स्थल पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते डीएम, एसपी। व जनसभा सुनने को बिछाई गई कुर्सियां। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार शाहबाद में पहुंचकर एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही साथ जनपद को करोड़ों रुपए की सौगात भी देंगे। मुख्यमंत्री की जनसभा को सफल बनाने के लिए अधिकारी तीन दिनों से रात दिन लगे रहे। रविवार देर शाम राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह, कमिश्नर आञ्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज, डीएम अजय कुमार द्विवेदी, एसपी सोमेंद्र मीणा ने जनसभा स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। बताते चले कि योगी आदित्यनाथ पहली बार शाहबाद की धरती पर आ रहे है, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने रात दिन एक कर दिया है। डीएम और एसपी तीन दिनों से शाहबाद में डेरा जमाए हुए है। सरकारी कार्यक्रम के अनुसार सीएम शाहबाद में एक घंटा बीस मिनट रुकेंगे। शाहबाद के रामपुर रोड स्थित चड्ढा फार्म के मैदान में सीएम की विशाल जनसभा होगी। जिसको लेकर मंच और पंडाल बनाने के लिए सैकड़ों मजदूर रात दिन काम पर लगे हुए है। चड्ढा फार्म के मैदान के एक ओर हेलीपेड भी बनाया गया है, जहां सीएम योगी आदित्यनाथ का उड़ान खटोला उतरेगा। मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था चाक- चौबंद रखने के लिए उनकी एनएसजी सुरक्षा व्यवस्था के साथ खुफिया विभाग भी नजर रखे हुए है। देर शाम डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी सोमेंद्र मीणा ने जनसभा स्थल पर ही ड्यूटी पर लगे अधिकारियों/ कर्मचारियों को ब्रीफ किया।

पहली बार शाहबाद आ रहे सीएम, लोगों में उत्साह

सीएम योगी आदित्यनाथ पहली बार शाहबाद आ रहे है, जिसको लेकर लोगों में भारी उत्साह का माहौल है, लोगों मुख्यमंत्री को सुनने और देखने के लिए बेताब है। प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर ली है।

### बाईपास से मुरादाबाद होकर बिलारी की ओर जाएंगे वाहन

सीएम के आगमन को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने रूट प्लान तैयार किया है। जनपद रामपुर से शाहबाद की तरफ जाने वाले वाहन, जो बिलारी की ओर जाते है, शाहबाद बाईपास पुल के नीचे से मुरादाबाद होकर बिलारी की ओर प्रस्थान करेंगे। थाना पटवाई से शाहबाद की ओर जाने वाले वाहन पटवाई तिराहे से मिलक की ओर जाएंगे। रेवडी कलां से शाहबाद की ओर जाने वाले वाहन चौकी रेवडी कलां से मिलक की ओर जाएंगे। आंवला सिरोली की ओर से आने वाले वाहन शाहबाद चौराहा से सैफनी बिलारी की ओर जाएंगे। अजीतपुर बाईपास से शाहबाद तक बडे वाहन के लिए रोड पूर्णत: बंद रहेगा।

### सुबह 10: 35 पर लैंड करेगा उड़ान खटोला

करेगा सीएम का उड़ान खटोला जिला प्रशासन को सीएम का मिनट टू मिनट कार्यक्रम मिल चुका है। जिसके मद्देनजर मंगलवार को मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर मुरादाबाद से उड़ान भरकर शाहबाद के चड्ढा फार्म मैदान में सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर उतरेगा। शाहबाद में मुख्यमंत्री 1 घंटा 20 मिनट रहेंगे। इस दौरान कई योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

### सीएम के आगमन को लेकर यह है इंतजाम

| | |
|---|---|
| मजिस्ट्रेट | 24 |
| एएसपी | 2 |
| सीओ | 10 |
| इंस्पेक्टर | 15 |
| पुलिसकर्मी | 1200 |

# फार्मर रजिस्ट्री में उत्तर प्रदेश में जनपद दूसरे पायदान पर

- 3 लाख 7 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत विभागीय अधिकारियों का दावा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कराने में प्रदेश में दूसरे पायदान पर जनपद पर हैं। अब तक पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे जिले के किसानों की जमीन को उनके आधार कार्ड से लिंक कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा कर लिया गया है। शत- प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा हो गया है। भविष्य में सिर्फ उन किसानों को ही पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिलेगा।

उपकृषि निदेशक राम सिंह ने बताया कि जनपद को 3 लाख 7 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य मिला था। लक्ष्य के सापेक्ष जनपद के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए किसानों को आधार कार्ड, खतौनी और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से संबंधित लेखपाल, पंचायत सहायक, जनसेवा केंद्र से पंजीकरण कराएं।

### 2.30 लाख किसानों को मिल चुकी हैं 23 वीं किस्त

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23 वीं किस्त 20 जून को जारी हो चुकी है। जिसमें 2 लाख 30 हजार किसानों के खातों में दो–दो हजार रुपये आ चुके हैं। जिन किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री का काम कर लिया है उनके खाते में यह धनराशि सीधे हस्तांरित कर दी जाएगी।

# पहाड़ी गेट क्षेत्र की 8 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

- गर्मी में बिजली नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं का हुआ हाल-बेहाल

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** बिजली निगम के अधिकारियों की हीलाहवाली के कारण शहरवासियों को निर्बाध आपूर्ति नहीं मिल रही है। भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है। इसी के चलते उपभोक्ताओं का जीना मुहाल है।

सोमवार को हल्की बूंदाबांदी होने की वजह से पहाड़ी गेट बिजली घर में सुबह पांच बजे बिजली की लाइन में खराबी आ गई। उसे जैसे तैसे कराया नौ बजे आपूर्ति 10 मिनट के लिए सुचारू हुई। उसके बाद पनवड़िया ट्रांसमिशन उपकेंद्र पर तकनीकी समस्या आ गई। जिसके कारण बिजलीघर के सभी फीडर बंद हो गए। तकनीकी में खराबी आ जाने के कारण गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल हो गया। ऐसे में बिजली नहीं आने का कारण जानने के लिए बिजली अधिकारियों के सीयूजी नंबरों पर संपर्क किया तो वह भी जल्द ही आने का सिर्फ आश्वास देते रहे। आपूर्ति दोपहर करीब 1 बजे सुचारू हुई। उपखंड अधिकारी तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि पनवड़िया ट्रांसमिशन उपकेंद्र पर तकनीकी समस्या आ जाने के कारण विद्युत बाधित रही। आई खराबी को सही करने के बाद बाधित आपूर्ति को दोपहर 1 बजे सुचारू कराया गया।

### आइसोलेशन वार्ड इंचार्ज का हुआ विदाई समारोह

**रामपुर।** जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड की इंचार्ज लीली के सिंह का सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला अस्पताल प्रशासन और स्टॉफ ने भावभीनी विदाई दी। विदाई होने पर अस्पताल के स्टॉफ के उपहार भेंट किए। विदाई समारोह के दौरान सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना समेत कई चिकित्सक और स्टॉफ कर्मी मौजूद रहे।



आइसोलेशन वार्ड इंचार्ज को उपहार देतीं मैट्रन।

# पालिका प्रशासन जमा करा रहा 50 प्रतिशत जल-गृहकर

- व्यापारियों ने कलक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय



कलक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय तिलक नगर कालोनी से एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ। वहां पहुंचकर हाउस और वॉटर टैक्स को समाप्त कराने को नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार जीआईएस सर्वे के बाद नगर पालिका परिषद द्वारा बढ़ाई गई दरों पर रोक लगा दी गई है लेकिन उसके उपरांत में नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा जानबूझकर बढ़ाया गया 50 गुना हाउस- वॉटर टैक्स पर रोक नहीं लगाई गई है। साथ ही मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार जिनका कर बढ़ा हुआ टैक्स जमा कर लिया गया है उस टैक्स को भविष्य में समायोजित किया जाना अति आवश्यक है। लेकिन हाउस व वाटर टैक्स 50 गुना अधिक रूप से बढ़ा दिया जाना जनता के हित के खिलाफ है जिससे आम जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है। शहर में उद्योगों का अभाव है जिससे यहां उद्योग व व्यापार अर्थव्यवस्था से पीड़ित है व रोजगार नहीं है। आम जनता के लिए 50 गुना हाउस, वॉटर टैक्स जमा करना संभव नहीं है। इसलिए बढ़े हुए टैक्स से भारी आक्रोश है इसको समाप्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में प्रचार मंत्री गोपाल शर्मा, विष्णु रस्तोगी विशेष सचिव उत्तर प्रदेश, अमित रस्तोगी, राहुल सैनी, लालमन सैनी हरिओम सैनी, बब्लू रस्तोगी, नवाब युसूफ अली आदि मौजूद रहे।

# युवती की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में किया पेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**टांडा।** थाना टांडा क्षेत्र के ग्राम परशुपुरा निवासी साजिद अली उर्फ सेफ पुत्र जाकिर अली को पुलिस ने युवती को जहर देकर हत्या करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जरीफ अहमद निवासी ग्राम देहरा घनश्याम, थाना रजवपुर, जिला अमरोहा ने पुलिस को 25 जून को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पुत्री का लगभग 5 वर्ष पहले साजिद उर्फ सेफ के साथ रिश्ता तय हुआ था। दोनों एक साथ रहने लगे। साजिद ने अपनी पहली शादी छिपाई हुई थी। उसने नोसिना के साथ शारीरिक शोषण भी किया। जब नोसिना शादी का दबाव बनाने लगी तो आरोपी 19 जून को उसे गुरुग्राम से अपने गांव परशुपुरा ले आया। अपनी पहली पत्नी सबीना से सलाह-मश्विरा कर आरोपी ने 22 जून को नोसिना खातून को खाने में जहर दे दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना में मुकदमा साजिद उर्फ सेफ व उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी और थाना टांडा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को भगतपुर तिराहा से आरोपी साजिद उर्फ सेफ को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

# एंबुलेंस, दो सेफ हाउस किए तैयार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने विशेष इंतजाम किए है। जिसमें एंबुलेंस, सेफ हाउस तैयार कराया गया है। किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटा जाए। सीएम आज तहसील शाहबाद में विकास कार्यों की योजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि सीएम के काफिले से लेकर जनसभा में शामिल होने वाले 50 हजार से लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीमों की तैनाती, एंबुलेंस व्यवस्था और आपातकालीलन चिकित्सा सेवाएं की गई है। सीएम के सुरक्षा और स्वास्थ्य देखते हुए दो सेफ हाउस बनाए गए है। इसके अलावा दो अतिरिक्त एएलएस एंबुलेंस पूरी तरह से तैयार है। जिनमें आवश्यक जीवनरक्षक और प्रशिक्षित मेडिकल स्टॉफ की तैनाती रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के सभी चिकित्सकों, कर्मचारियों की डयूटी लगाई है विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भी तैनात की गई है जरूरत पड़ने पर तुरंत ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त की व्यवस्था साथ ही अस्पतालों में बैकअप इंतजाम भी किए गए हैं। सीएमओ ने कहा कि पटवाई-शाहबाद और मुख्यालय पर भी स्वास्थ्य व्यवस्था के लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारियों के निर्वाहन में जुटे हुए हैं।

# अनियंत्रित कार खाई में गिरी, पांच युवक घायल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार खाई में जा गिरी। हादसे में गाड़ी में बैठे पांच युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला थाना क्षेत्र के खेमपुर चौराहे के पास का है। स्वार की ओर से आ रही कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार के अंदर बैठे युवक गाड़ी के अंदर फंस गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों नें माझरा देखा तो उनके होश उड़ गए। काफी मशक्कत के बाद गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में इमरता गांव निवासी सौरभ, अनिकेत, आशीष, मानसिंह और अंशु को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सभी युवक बाजपुर से घूम कर वापस अपने घर लौट रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 14 दिन में दो किसानों से हुई 86 क्विंटल मक्का खरीद

- खरीद के लिए जनपद में बनाए गए है चार क्रेय केंद्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में सुस्त गति की वजह से 14 दिन में दो किसानों से 86 क्विंटल मक्का की खरीद हुई है। जबकि खरीद की बात की जाए तो 15 जून से आरंभ हो चुकी है। वहीं जानकारी में आया है मानक के अनुसार मक्का नहीं आ रही है।

जनपद में 15 जून से 31 जुलाई तक मक्का खरीद होगी। खरीद के लिए टांडा, बिलासपुर, शाहबाद और मिलक की नवीन मंडी में चार केंद्र बनाए गए हैं। किसानों को समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। केंद्र सुबह 9 से शाम 4 बजे तक खुले हुए है। शासन से इस बार 3500 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया है। 14 दिन के भीतर जनपद में दो किसानों से 86 क्विंटल खरीद हुई है।



बिलासपुर नवीन मंडी समिति में खरीद के पहुंचे किसान। –जागरण मोर्चा

# तैयारियां:पालिका प्रशासन ने कर्मचारियों के लिए लगाई छह बसें

- ईओ ने सभागार में सभी कर्मचारियों की ली बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को शाहबाद आएंगे। वह जनसभा को संबोधित करने के साथ मिलक और बिलासपुर से जुड़ी 685.46 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां ने शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जनपद के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। जोकि अपने-अपने क्षेत्र में डयूटी को अंजाम देंगे। इसी को लेकर पालिका प्रशासन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को शाहबाद जाने के छह बसें लगाई है सुबह 5:30 बजे कर्मचारी सीधे राधा रोड वर्कशाप पहुंचेंगे। इसके बाद यहां से कर्मचारी बसों से शाहबाद के लिए रवाना होंगे। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने डयूटी में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी को डयूटी करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मालूम हो कि सीएम के आगमन को लेकर नगर पालिका परिषद ने कर्मचारियों की ब्लॉक जी-1, ब्लॉक जी-2 में कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। जिसमें प्रभारी ब्लॉक जी-1 में मुख्य सफाई निरीक्षक दिलशाद हसन, उमेश बाबू अवर अभियंता, मूलचंद्र सिंह जलकल अभियंता, शमीम अहमद प्रभारी कर अधीक्षक, जबकि ब्लॉक जी-2 में प्रभारी के रूप में कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत प्रताप सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अविनाश कुमार, राजस्व निरीक्षक अभय यादव, सफाई निरीक्षक राजीव बालियान समेत अन्यों की डयूटी लगाई है।

कार्यक्रम — फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# दवा उपचार के लिए है, नशे के लिए नहीं की दिलाई गई शपथ

जागरण मोर्चा, कार्यालय



औषधि निरीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट करते दवा व्यापारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** नशे के विरूद्ध जन जागरूकता आयोजित कार्यक्रम में औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने कहा कि दवा उपचार के लिए है, नशे के लिए नहीं, इसका सिर्फ प्रयोग दवा के लिए किया जाए। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में दवा व्यापारियों को समाज के प्रति अपने दायित्वों एवं नशा मुक्ति अभियान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से एक युद्ध नशे के विरुद्ध सामूहिक शपथ एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. अरुण रस्तोगी रहे। औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल, दवा व्यापारियों के प्रति सकारात्मक सहयोग एवं सराहनीय सेवाओं के लिए भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही जनपद की जिला औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य का संगठन की ओर से पुष्पगुच्छ एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। सहायक खाद्य आयुक्त सुनील कुमार शर्मा को दवा व्यापारियों के हित में फूड लाइसेंस पंजीकरण शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला नशा मुक्ति प्रभारी डॉ. शमशाद को नशा मुक्ति अभियान में उनके योगदान एवं समाज के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य सभी दवा विक्रेताओं एवं दवा व्यापारियों को एक युद्ध नशे के विरुद्ध सामूहिक शपथ दिलाई। समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

# गौमाता को राष्ट्रमाता किया जाए घोषित: शंकराचार्य

## बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुजरैला स्थित मंगलधाम आश्रम में किया संबोधित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने सोमवार को अपनी गविष्ठा गौ-धर्म यात्रा के अंतर्गत बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुजरैला स्थित मंगलधाम आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में हिंदू धर्मावलंबियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, केंद्र सरकार तथा गौ-रक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए।




गांव गुजरैला स्थित मंगलधाम आश्रम में संबोधित करते शंकराचार्य। -जागरण मोर्चा

शंकराचार्य ने कहा कि जिस संगठन ने राम मंदिर के शिलान्यास से लेकर प्राण-प्रतिष्ठा तक शास्त्रसम्मत परंपराओं का पालन नहीं किया, सनातन धर्माचार्यों की आपत्तियों का सम्मान नहीं किया तथा दोहरे आचरण का परिचय दिया, उसे सनातन परंपरा का वास्तविक प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि "संघ वाले असली हिंदू नहीं हैं।" उन्होंने कहा कि जो संगठन डंडे और झंडे को गुरु मानकर उसके नाम पर दक्षिणा एकत्र करता है तथा जिसके हजारों कार्यकर्ताओं पर गौमांस सेवन के आरोप लगते रहे हैं, वह स्वयं को हिंदुत्व का वास्तविक प्रतिनिधि नहीं कह सकता। उनके अनुसार, "असली हिंदू वही है जो शास्त्रों का पालन करें, अपने गुरुजनों का सम्मान करें, मर्यादा का पालन करें और गौमाता के प्रति श्रद्धा रखे।

उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सभा में जब उन्होंने मुस्लिम समाज से पूछा कि क्या वे गाय को माता मानने के लिए तैयार हैं, तो एक मुस्लिम ने उत्तर दिया कि "इस्लाम के अनुसार गाय हमारी माता नहीं है, लेकिन चूंकि हमारे हिंदू भाई गाय को माता मानते हैं। इसलिए इस रिश्ते से वह हमारी भी माता हैं। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने रात्रि विश्राम मंगलधाम आश्रम में किया। शंकराचार्य ने पूर्व विधायक बिलासपुर संजय कपूर को शाल उड़ाकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि संत समाज द्वारा उठाए गए जनहित और गौ-संरक्षण जैसे विषयों पर सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर गंभीरता से विचार करना चाहिए। देश की विविधता, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

### कार्यक्रम में यह रहे लोग मौजूद

जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित, संतोष कपूर, लीना कपूर, कपिल चौधरी, अजीव सिंह, विधानसभा प्रभारी साहिर रजा खां, मिलक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवेंद्र गंगवार, उमेश दुबे, देवेंद्र सिंह, रवि टंडन, सोनू टंडन, सरदार गुरबाज सिंह, रामेश्वर दयाल, वेदराम यादव, असलम जावेद, मोहम्मद उमर बेग, नोमान मुमताज़ खां, मोहम्मद ज़की, पूर्व सभासद अथर खां आदि मौजूद रहे।

# शरबत वितरण कर दिया सेवा, सद्भाव का संदेश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिलक।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मिलक स्थित हेरिटेज चिल्ड्रेन एकेडमी में शरबत वितरण का सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार पांडे, प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे, कोऑर्डिनेटर एलआर. कुशवाहा, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, ऑटो-रिक्शा, बस आदि वाहनों की सवारियों एवं जरूरतमंद लोगों को शीतल शरबत वितरित किया गया।विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य विद्यार्थियों में मानवता, करुणा, सहयोग, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का विकास करते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे ने विद्यार्थियों को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कोऑर्डिनेटर एल आर कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और समाज के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना भी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के यशपाल सिंह, रोहित चंदन, प्रेम शंकर, मुनीश कुमार, दुर्गा प्रसाद, वीरेंद्र पांडे, विनोद कुमार, दीपांकर सिंह सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# जिला अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों पर हो रही लूट खसोट: सलीम

- आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क पहुंचे। जिला अस्पताल में किसान मजदूर से हो रही बदसलूकी, सिटी स्कैन अल्ट्रासाउंड में आ रही दिक्कत, डॉक्टर समय से न पहुंचाने एवं विकलांग सर्टिफिकेट बनाने वाले डॉक्टर विकलांग को से पैसे मांग रहे हैं। न देने पर अभद्र और बदसलूकी कर रहे हैं।



आंबेडकर पार्क में नारेबाजी करते जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूरे जिले में जिला अस्पताल से लेकर तहसीलों में स्वास्थ्य केंद्रो में खुलेआम गरीब किसान को लूटा जा रहा है। सरकारी डॉक्टरों ने बाहर मेडिकल वालों से कमीशन बांध रखी है। दवा बाहर की लिख रहे हैं तथा खून की जांच भी बाहर लिख रहे हैं। लैब द्वारा 60 प्रतिशत कमिशन इन डॉक्टरों को दिया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद आरिफ रेखा रानी अजय सिंह गिल भारत अली खान मक्खन सिंह रईस अहमद चंद्रपाल उषा देवी कालिदास जी आरिफ अली इमरान खान वलवीर सिंह सतनाम सिंह जमुना प्रसाद भूरा राजेंद्र सिंह राजू गुप्ता विजय पाल समीर वारसी शकील अहमद राजकिशोर मोहनलाल गुप्ता आदि शामिल रहे।

## मकान में नकब लगाकर ढाई लाख की चोरी

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में अज्ञात चोरों ने मकान में पीछे से नकब लगाकर नगदी सहित ढाई लाख रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पीड़ित के द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव डाकेवाली निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र मानसिंह का गांव में बहारी छोर पर मकान है। रविवार की देर रात किसी समय अज्ञात चोरों ने घर के पीछे जंगल की ओर से मकान में नकब लगाकर घर में दाखिल हुए चोरों के द्वारा संदूक में राखी पचास हजार रुपए की नगदी एक चांदी वह एक सोने की हसली पर हाथ साफ कर दिया। चोरों के द्वारा संदूक में कपड़े मकान के पीछे स्थित गन्ने के खेत में पड़े मिले।पीड़ित के द्वारा नगदी सहित चोरी गए सामान की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। पीड़ित के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में तैयारी दी गई है। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। पीड़ित के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



घर में बिखरा हुआ सामान।

# 241 वां उर्स के दूसरे दिन उमड़ा अकीदतमंदों का जनसैलाब

- काजी ए शरआ ने फरमाया खिताब

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** हजरत शाह बगदादी साहब का 241 वां सालाना उर्स मुबारक के दूसरे दिन असर की नमाज के बाद काजी ए शरआ सैयाद फैजान मियां ने खिताब फरमाते हुए कहा कि इन लोगों ने अल्लाह की बारगाह में दिन-रात में इबादत करके इस्लाम के परचम को बुलंद किया। अपने आपको इस्लाम के खातिर खुद को फनाह कर दिया है। उन्होंने हाफिज शाह जमाल उल्लाह, हजरत शाह दरगाही के बारे में बताते हुए कि आपका नाम अब्दुल्ला शाह बगदादी है और आपको फरजंद ए गौसुल आजम भी कहा जाता है।



उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के आस्तानों पर जो नेक नियत से आता है वह खाली हाथ नहीं जाता। दूसरे दिन सुबह कुल शरीफ का आगाज हुआ, मदरसे के बच्चों ने हजरत की शान में नाते पेश की गई। इसके बाद दुआ कराई गई। इस अवसर पर सज्जादशीन सैयद साजिद मियां, राशिद मियां, चांद मियां, इकबाल मियां, मुस्लिम मुईन कुरैशी, शाकिर मुईन कुरैशी, आकिल मुईन कुरैशी, अब्दुल्ला कुरैशी और जावेद अली खां, मौलाना नाजिल रजा, मौलाना मुश्ताक अहमद, मौलवी युनूस, मौलवी अब्बास आदि मौजूद रहे। देर रात तक चादरपोशी, गुलपोशी का सिलसिला जारी रहा।

# जिला अस्पताल में लिखीं जा रही बाहर की दवाएं

- जन औषधि केंद्र पर नहीं मिली, मरीज हुए परेशान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं लिखने का सिलसिला नहीं थम रहा है। जिला अस्पताल के डॉक्टर कमीशन के चक्कर में रोगियों को बाहर की दवाएं लिखकर दे रहे हैं। यह स्थिति तब है कि अस्पताल प्रशासन ने साफ तौर लिखित-मौखिक तौर पर निर्देश दे रखे हैं इसके बाद भी डाक्टर सीएमएम के आदेशों के अवहेलना कर रहे हैं। सोमवार को खौद निवासी रामचंद्र चिकित्सक को दिखाने के लिए आए। तो यहां पर चिकित्सक ने अस्पताल में दवा होने के बजाए बाहर का 150 रुपये का सिरप लिख दिया। रामचंद्र की पत्नी ने बताया कि उनका परिवार मजदूरी कर किसी तरह गुजारा करता है उन्हें एक-एक रुपये का हिसाब




रखना पड़ता है उन्होंने डॉक्टर से अस्पताल से दवा देने के लिए बोला लेकिन कोई बात नहीं सुनी। इसके बाद रामचंद्र अस्पताल परिसर में बने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पहुंचे।

जहां डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा नहीं मिली। मरीजों का आरोप है कि केंद्र पर निर्धारित दवाओं के बजाए मनमर्जी के दूसरी दवाएं बेची जा रही है। जिसस उन्हें अधिक कीमत चुकानी पड़ रही हैं। इसको लेकर सीएमओ डॉ.दीपा सिंह का कहना है यह मामला अभी उनकी जानकारी में आया है और वह जल्द ही इसकी जांच कराकर कार्रवाई अवश्य करेंगी।

# बिलारी स्टेट बैंक के नए शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार का व्यापार मंडल ने किया भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलारी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बिलारी शाखा में मुरादाबाद से स्थानांतरित होकर आए नए शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार का नगर व्यापार मंडल द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उन्हें बुके एवं भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



बिलारी एसबीआई शाखा प्रबंधक का व्यापारी स्वागत करते हुए। -जागरण मोर्चा

स्वागत समारोह के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शाखा प्रबंधक के समक्ष बैंक और व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को प्रमुखता से रखा। व्यापारियों ने कहा कि बैंक के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण ग्राहकों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बैंक परिसर अथवा उसके आसपास पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि बैंक प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए प्रत्येक तीन माह में एक बैठक आयोजित की जानी चाहिए, जिससे बैंकिंग सेवाओं से संबंधित समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके। नवागत शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने व्यापार मंडल द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक ग्राहकों और व्यापारियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुरादाबाद से स्थानांतरित होकर आए बैंक के नए अकाउंटेंट हिमांशु सिंह का भी व्यापार मंडल की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

व्यापारियों ने उन्हें भी स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, दुष्यंत चौहान, शशांक जैन, राकेश कुमार सिंघल, रमाकांत गुप्ता, चंदन डूडेजा, धर्मपाल चावला, आशु गुप्ता, मोहम्मद आलम, सुरेंद्र चुग, प्रदीप सिंघल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# भामाशाह से प्रेरणा लेकर दें ईमानदारी से राजस्व: सीडीओ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में शाम 5 बजे एक खास कार्यक्रम हुआ। मौका था दानवीर भामाशाह की जन्म जयंती का। यूपी सरकार के आदेश पर इस दिन को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में जनसहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और अध्यक्ष रहे गुलाब चंद, मुख्य विकास अधिकारी को उपायुक्त प्रशासन राज्य कर संदेश कुमार जैन और उपायुक्त अनीता सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। संबोधन में सीडीओ गुलाब चंद ने दानवीर भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे भामाशाह ने राष्ट्रहित में अपना सब कुछ दान कर दिया था। साथ ही व्यापारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सीडीओ ने व्यापारी बंधुओं से अपील की कि भामाशाह जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और प्रदेश के हित में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से राजस्व दें। इस अवसर पर सर्वाधिक जीएसटी देने वाले 5 व्यापारी बंधुओं और राजस्व बढ़ाने में सहयोग करने वाले 8 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सीडीओ गुलाब चंद और राज्य कर के अधिकारियों ने इन्हें ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।



विकास भवन के सभागार में व्यापारियों को सम्मानित करते सीडीओ। -जागरण मोर्चा

रहें सावधान | मौसम बदलने पर मरीजों की संख्या में हो रही वृद्धि

# बढ़ा दबाव: 150 बेड के जिला अस्पताल में 414 रोगी हो रहे भर्ती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मौसम बदलने के साथ ही मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। 150 बेड की क्षमता वाले जिला अस्पताल में शनिवार को 414 मरीज भर्ती हुए थे, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर भारी दबाव पड़ गया है। कई मरीजों को बेड न मिलने के कारण स्ट्रेचर या बेंच पर ही उपचार लेना पड़ रहा है।

पिछले कई दिनों में मौसम में बदलाव हो रहा है। इसी वजह से लोग तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सुबह होते ही जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या में बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है अस्पताल के चिकित्सकों कक्षों के बाहर रोगियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। यही हालत है अस्पताल में वार्डों में रोगियों की भीड़ अधिक देखने को मिल रही है।



जिला अस्पताल।

> 150 बेड की क्षमता वाले अस्पताल में शनिवार को 414 रोगियों को उपचार दिया गया है। सोमवार को भी 854 रोगियों की ओपीडी हुई है। मौसम बदलने पर मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। **-डॉ .बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

150 बेड के जिला अस्पताल में करीब 400 रोगी भर्ती हो रहे हैं। सोमवार को भी जिला अस्पताल में 854 रोगियों की ओपीडी हुई।

### सीएचसी, पीएचसी से रोगी हो रहे रेफर

शहर को तो छोड़े लेकिन तहसील, देहात क्षेत्रों में बने सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से रोगियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। यहां पर रोगियों को उपचार नहीं मिल रहा है। क्योंकि यहां पर अधिकतर चिकित्सकों के पद रिक्त है। इसलिए रोगियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजना पड़ रहा है। यहीं वजह है कि जिला अस्पताल में 150 बेड पर 414 रोगियों को उपचार करना पड़ रहा है।

# कच्ची शराब के सेवन से एक वर्ष में हो चुकी हैं कई मौतें

- ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कच्ची शराबबंदी को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा है कि कच्ची शराब के सेवन से एक वर्ष के भीतर गांव में कई मौतें हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कच्ची शराब बंद करने की मांग को लेकर गांव में ही प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कार्यों का कहना है कि अगर जल्दी कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो वह जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



गांव में कच्ची शराबबंदी को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

कोतवाली क्षेत्र के गांव करन खाल के ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह गांव में शिव मंदिर के प्रांगण में प्रदर्शन करते हुए कहा है कि गांव में भारी मात्रा में कच्ची शराब बेची व बनाई जा रही है। एक वर्ष के अंदर गांव में कई मौतें हो चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार को गांव निवासी सुनील पुत्र जगत राम 28 वर्षीय के द्वारा कच्ची शराब का अधिक सेवन करने के कारण उसकी मौत हो गई। लेकिन परिजनों के द्वारा बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव निवासी ब्रह्मपाल पुत्र गोविंद सिंह की छह बिस्वा जमीन भी एक शराब बनाने व बेचने वाले व्यक्ति के द्वारा उसे शराब पिलाकर उसकी छ विस्वा जमीन का बैनामा करा लिया । अब पीड़ित ब्रह्मपाल मरणासन्न पर है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही गांव में कच्ची शराब का कारोबार बंद नहीं हुआ तो ग्रामीण जिला अधिकारी कार्यालय पर जाकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में शिवम, रोहित, देवेंद्र, ब्रह्मपाल, विष्णु, राम अवतार, राहुल, उदल, गोविंद, वीर सिंह, विजयपाल, शीशपाल, कन्हैया, जल देव, सेवक, महिपाल, विनोद ,संतोष, चंद्र, दिनेश, पूनिया, रानी, सावित्री,धनवती, मवाशी,अंगूरी, जगवती, माया, जमुना आदि मौजूद रहे।

# दानवीर भामाशाह की जयंती में बड़े उद्योगपतियों को किया गया सम्मानित

## राज्य कर विभाग व जिला प्रशासन ने किया कार्यक्रम आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में एएम वर्ल्ड स्कूल में राज्य कर विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने किया। कार्यक्रम में ममता राजपूत की टीम ने दानवीर भामाशाह के जीवन पर आधारित लघु नाट्य फिल्म की प्रस्तुति दी। इसके अलावा जनपद के 10 बड़े टैक्सपेयर्स (धामपुर बायो आर्गेनिक्स लि., यारा फर्टिलाइजर्स इंडिया प्रा.लि., डीलक्स एग्रीकल्चर वर्क्स, डीलक्स एग्रीकल्चर इण्डस्ट्रीज, प्रदीप कुमार कांट्रेक्टर, आरकेजी ऑटोव्हील्स प्रा.लि., हिंदुस्तान ट्रेडर्स, शिव ब्रिक वर्क्स, जैन एण्टरप्राइजेज व हारिस सीमेण्ट स्टोर को राज्य कर विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से भामाशाह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही व्यापारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारी बंधुओं, बाल कलाकारों, दानवीर भामाशाह के जीवन पर आधारित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।



जयंती कार्यक्रम में सीडीओ को सम्मानित करते अतिथि।



दानवीर भामाशाह की जयंती कार्यक्रम में शामिल लोग।

कार्यक्रम स्थल पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं के लिए स्टॉल लगाये गये तथा उद्योग विभाग द्वारा ओडीओपी से सम्बंधित उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की गयी। उक्त कार्यक्रम में दानवीर भामाशाह के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

महिला उद्यमी शाजिया खान द्वारा महिला व्यापारियों के लिए टैक्स में छूट की मांग शासन तक पंहुचाने की मांग की गयी। संगीत वार्ष्णेय द्वारा महिला उद्यमियों के लिए वर्तमान में सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू द्वारा सरकार द्वारा दिन-प्रतिदिन विकसित की जा रही ढांचागत सुविधाओं से व्यापारियों को अवगत कराया तथा उनका लाभ उठाते हुए अधिकाधिक राजस्व सरकार को प्रदान करने के लिए व्यापारियों को प्रेरित किया गया। नगर पालिका परिषद बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू एवं अंकित जैन द्वारा इस कार्यक्रम को मनाए जाने के लिए सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके अलावा सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने व्यापारी व प्रशासन को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए जनपद के विकास को व्यापारियों की महत्ता पर बल दिया।

कार्यक्रम में उपायुक्त वीरेंद्र कुमार, बब्बू यादव, लल्लन प्रसाद यादव, धर्मेंद्र कुमारर, गिरीश चंद्र सिंह, आशुतोष कुमार, विजय सिंह, रुचि अग्रवाल, ऋषिपाल सिंह, इन्द्रजीत सिंह, जय प्रकाश, व्यापारी फूल प्रकाश, कमल कौशल वार्ष्णेय, मुकेश सिंघल, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### तहसील अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

**चन्दौसी।** तहसील परिसर स्थित उपनिबंधक कार्यालय पर ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप वेंडरों एवं टाइपिस्टों द्वारा लगातार आठवें दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी रहा। अधिवक्ताओं ने सरकार की प्रस्तावित व्यवस्था पर गहरी नाराजगी प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार उपनिबंधक कार्यालय की कार्यप्रणाली को निजी हाथों में सौंपकर सीमित लोगों को रोजगार देने के नाम पर अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप वेंडरों, टाइपिस्टों एवं उनसे जुड़े लाखों परिवारों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डालने जा रही है। इस निर्णय से पारंपरिक रोजगार व्यवस्था को गंभीर क्षति पहुंचेगी। सभा के उपरांत सभी अधिवक्ताओं एवं आंदोलनकारियों ने एकजुट होकर पूरी तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए सरकार के इस काले कानून का विरोध किया तथा विरोध मार्च निकालकर अपनी एकता और संघर्ष का प्रदर्शन कियासर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर दिनांक 1 जुलाई 2026 तक न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए आंदोलन जारी रखा जाएगा तथा किसी भी प्रकार का न्यायालय संबंधी कार्य नहीं किया जाएगा।

## सार संक्षेप



श्री वार्ष्णेय युवा समूह की बैठक में शामिल पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### 32वां वार्ष्णेय मेधावी छात्र छात्रा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह 20 सितंबर को

**चन्दौसी।** श्री वार्ष्णेय युवा समूह की आम सभा का आयोजन समूह संरक्षक मुकेश वार्ष्णेय ब्रेड वालों के निवास गणेश कालोनी पर किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समूह द्वारा 32वां वार्ष्णेय मेधावी छात्र छात्रा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 20 सितंबर दिन रविवार को श्री बारहसैनी सेवा सदन, रामबाग धाम में किया जायेगा। जिसमें नगर के वार्ष्णेय समाज के उन सभी छात्र/छात्राओं को जिन्होंने हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा 70% या उससे अधिक एवं स्नातक/ परास्नातक परीक्षा प्रथम श्रेणी में/ व्यवसायिक परीक्षा जैसे- सीए, सीएस, एमबीए, एमसीए, एलएलबी, एमबीबीएस आदि परीक्षा वर्ष 2026 में उत्तीर्ण की है, उन सभी को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागी अपनी अंक तालिका एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ राधे कास्मेटिक्स, घास मण्डी पर जमा कर दें। अंत में यह निर्णय भी लिया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्ष्णेय समाज के एक अवकाश प्राप्त शिक्षक को वार्ष्णेय शिक्षक रत्न से सम्मानित किया जाएगा।सभा की अध्यक्षता डा. सौरभ वार्ष्णेय एवं संचालन मंगेश वार्ष्णेय ने किया। इस दौरान मुकेश वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, प्रशांत गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, अमित आर. के., चिराग वार्ष्णेय, गोविन्द वार्ष्णेय, अंकुर गुप्ता, पीयूष वार्ष्णेय आदि सदस्य मौजूद रहे।

### दानवीर शिरोमणि भामाशाह का त्याग और राष्ट्रभक्ति पूरे विश्व के लिए अद्वितीय उदाहरणः अनुज

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के तत्वावधान में देश के महान गौरव और अद्वितीय दानी भामाशाह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों ने भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू' ने कहा की दानवीर शिरोमणि भामाशाह का त्याग और राष्ट्रभक्ति पूरे विश्व के लिए अद्वितीय उदाहरण है। जब देश और मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप संकट में थे, तब भामाशाह ने अपनी जीवनभर की पूंजी देश के लिए समर्पित कर दी थी। आज के युवा व्यापारियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारा उद्देश्य केवल व्यापार करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनीजिम्मेदारियों को निभाना भी है। व्यापार मंडल संकट की हर घड़ी में समाज और व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।युवा इकाई के पदाधिकारियों ने उनके पदचिह्नों पर चलते हुए व्यापार में ईमानदारी और समाज कल्याण के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प दोहराया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा हुई।इस दौरान निशांत शर्मा, उमेर शम्सी, सोनू अग्रवाल, संजू, दीपक, कमल, राजू चड्ढा, महताब, बबलू, अमित आदि व्यापारी मौजूद रहे।



भामाशाह की जयंती पर शपथ लेते व्यापारी।

# बाबा खाटू श्याम की निकली भव्य निशान यात्रा

- चेयरमैन राजपाल सैनी ने आरती कर किया निशान यात्रा का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बाबा खाटू श्याम मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर श्याम भक्तों द्वारा बहुत ही भव्य तरीके से नगर के मुख्य मार्गों पर निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बाबा की आरती एवं फीता काटकर किया। निशान यात्रा का नगर में कई स्थानों पर श्याम भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में स्थापित बाबा खाटू श्याम के मंदिर के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को श्री श्याम मित्र मंडल सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में एक भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा हारे के सहारे की आरती एवं फीता काट कर किया गया। श्याम भक्तों द्वारा मुख्य अतिथि को पगड़ी एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। निशान यात्रा अमरोहा बस स्टैंड चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई शिवाला मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष बाबा का झंडा लेकर बाबा का गुणगान करते हुए चल रही थे। निशान यात्रा में मुरादाबाद से आए हुए कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से महाकाल की आरती एवं अन्य झांकियां प्रस्तुत की जिसने नगर वासियों का मन मोह लिया। निशान यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। निशान यात्रा में नगर पालिका चेयरमैन राजपाल सैनी, मुकेश गुप्ता, विक्रांत शर्मा, शोभित शर्मा, गौरव अग्रवाल, आशु चौहान, मोहित चौहान, हिरदेश अग्रवाल, अंकित गर्ग, अंकित गुप्ता, महेश प्रजापति, हनी अग्रवाल, सुगंधा अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मोहित शर्मा, पुनीत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, वंदना शर्मा, मनी बेदी, राजा शर्मा, ज्योति गर्ग, बबीता सैनी, धर्मपाल चौहान, सहित हजारों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।



निशान यात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते चेयरमैन।



निशान यात्रा में सम्मिलित झांकी। -जागरण मोर्चा



निशान यात्रा में बाबा का झंडा लेकर चलते भक्त। -जागरण मोर्चा

# सपा ने मनाया व्यापारी कल्याण दिवस

- दानवीर भामाशाह के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**बहजोई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सोमवार को जनपद सम्भल में भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में व्यापारियों के योगदान, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका तथा दानवीर भामाशाह के आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने मेवाड़ के संकटकाल में अपनी समस्त संपत्ति महाराणा प्रताप को समर्पित कर मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनका त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।





भामाशाह की जयंती मनाते सपाई। -जागरण मोर्चा

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भामाशाह एक कुशल प्रशासक, अर्थशास्त्री और राष्ट्रभक्त व्यापारी थे। उन्होंने व्यापार से अर्जित धन को राष्ट्रहित में समर्पित कर यह संदेश दिया कि सच्चा व्यापारी समाज और देश के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वहन करता है। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरैशी, उमेश यादव, लड्डन मियां, मास्टर अखिल हुसैन, अशोक राणा, चेतन गुप्ता, अशोक गुप्ता, फारूक हुसैन, अंकित गुप्ता, डा. होराम, आसिफ हुसैन, साबिर खान, लायक सिंह, नेताजी, शेख सदन, जमात अली, नजाकत सैफी सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराया

- 44 डिग्री तापमान में ट्रांसफॉर्मर और केबल हो रहे क्षतिग्रस्त

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के चलते बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। बढ़े हुए लोड के कारण कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर और विद्युत केबल क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने, बिजली की बचत करने और विभागीय कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील की है।

विभाग का कहना है कि लगभग 44 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है। क्षमता से अधिक लोड पड़ने के कारण ट्रांसफॉर्मर, केबल और अन्य विद्युत उपकरण प्रभावित हो रहे हैं, जिससे कई क्षेत्रों में अस्थायी बिजली बाधित हो रही है।

विभाग ने कहा कि जब उपभोक्ता कुछ मिनट बिजली बाधित होने से परेशान हो जाते हैं, उसी समय बिजली कर्मी तेज धूप और कठिन परिस्थितियों में सड़कों पर, बिजली के खंभों पर चढ़कर तथा फॉल्टग्रस्त ट्रांसफॉर्मरों और केबलों की मरम्मत में जुटे रहते हैं। कर्मचारी अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना विद्युत आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली बाधित होने की स्थिति में धैर्य रखें और कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का विवाद न करें। विभागीय कर्मियों के प्रति सम्मान और सहयोग का व्यवहार अपनाएं, ताकि मरम्मत कार्य तेजी से पूरा किया जा सके।

साथ ही विभाग ने नागरिकों से अनावश्यक बिजली खपत कम करने का आग्रह किया है। जिन कमरों में कोई मौजूद न हो वहां एसी, कूलर, पंखे और लाइट बंद रखें। दोपहर और रात के पीक आवर्स में वॉशिंग मशीन, पानी के पंप तथा ई-व्हीकल चार्जिंग जैसे भारी विद्युत उपकरणों का उपयोग यथासंभव टालें। इसके अलावा स्वीकृत विद्युत लोड से अधिक क्षमता वाले उपकरण बिना लोड बढ़वाए संचालित न करने की भी सलाह दी गई है, क्योंकि इससे स्थानीय विद्युत व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

विद्युत विभाग ने कहा कि उपभोक्ताओं का सहयोग, संयम और जिम्मेदारी ही इस कठिन समय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में सबसे बड़ी मदद साबित होगी। विभाग ने सभी नागरिकों से बिजली बचाने, अनावश्यक लोड कम करने तथा बिजली कर्मियों का मनोबल बढ़ाने की अपील की है।

### भीषण गर्मी के चलते विद्यालयके समय में परिवर्तन की मांग को बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** उत्तर प्रादेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को भीषण गर्मी के कारण विद्यालय समय में परिवर्तन व 2 से 4 जुलाई तक होने वाली टीईटी परीक्षा देने वाले सभी शिक्षक साथियों को अनुमति प्रदान की जाने की मांग को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जनपद में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चरम पर है। तापमान लगातार बढ़ोत्तरी होने से स्कूली बच्चों के विद्यालय आने जाने और कक्षाओं में बैठने में परेशानी आ रही है। तेज धूप से बच्चों में काफी बीमारी पनप का खतरा बना हुआ है। इसलिए विद्यालयों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाए। वहीं दूसरे ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा कि 2 से 4 जुलाई टीईटी की परीक्षा होनी है। विद्यालय में कार्यरत कई ऐसे शिक्षक व शिक्षामित्र है। जो अपनी योग्यता के बल पर इस परीक्षा में सम्मलित हो रहे हं। इसलिए इन शिक्षकों को परीक्षा में बैठने के लिए विभागीय अनुमति व परीक्षा के लिए नियमानुसार अवकाश प्रदान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष कालाराम यादव, जिला महामंत्री डॉ गौरव मिश्रा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कपूर आदि शिक्षक उपस्थित रहें।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।



शपथ ग्रहण करतें भारत विकास परिषद सनातन शाखा के पदाधिकारी।

### भारत विकास परिषद, सनातन के सचिन गुप्ता अध्यक्ष बने

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद, सनातन शाखा का अधिष्ठापन समारोह एवं संगठनात्मक कार्यशाला अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुई। समारोह में सचिन गुप्ता ने शाखा अध्यक्ष, प्रवीण गुप्ता ने शाखा सचिव तथा अभिषेक गुप्ता ने वित्त सचिव के रूप में विधिवत दायित्व ग्रहण किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने परिषद के पंचसूत्र—संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण—को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यशाला में परिषद के उद्देश्य, सदस्यता विस्तार, सेवा प्रकल्प, पर्यावरण संरक्षण, महिला सहभागिता, वित्तीय पारदर्शिता एवं संगठनात्मक दायित्वों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनोपयोगी बनाने का संकल्प लिया।अजय विश्नोई ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा और संस्कार की ऐसी सशक्त धारा है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रही है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व को सेवा-साधना मानकर कार्य करे, यही परिषद की वास्तविक शक्ति है। जगन्नाथ चावला ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित होती है। संपर्क, समन्वय और आत्मीयता के माध्यम से प्रत्येक शाखा समाज में विश्वास और सेवा का नया अध्याय लिख सकती है। इस दौरान नीरज मित्तल, सुनीता अग्रवाल, राहुल वार्ष्णेय, सोमप्रकाश वार्ष्णेय, पी.के. अग्रवाल, डा. दुर्गा टंडन सुभाष चंद्र भोलानाथ, पुनीत खुरना, दीपमाला गुप्ता, पुनीत चौधरी, डीसी गुप्ता, पूनम अरोड़ा, रेखा रस्तोगी, राजेश गुप्ता, अंजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई

उपसंचालक चकबंदी न्यायालय का बड़ा फैसला, सभी पक्षों की सुनवाई के बाद ग्राम सभा के पक्ष में पारित हुआ आदेश

# फर्जी पट्टे के आधार पर दर्ज नाम निरस्त, 5.06 एकड़ ग्राम सभा भूमि वापस हुई दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल/बहजोई।** उपसंचालक चकबंदी न्यायालय, सम्भल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए विकासखंड सम्भल के ग्राम तख्त गोसाईं स्थित लगभग 2.25 से 2.50 हेक्टेयर (करीब 5.06 एकड़) ग्राम सभा की भूमि को पुनः ग्राम सभा के नाम दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया है। न्यायालय ने पाया कि पूर्व में पारित आदेश कथित रूप से फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त किया गया था, जिसके चलते उसे निरस्त कर दिया गया।

आदेश के अनुसार गाटा संख्या 206 (0.34 एकड़), 207 (1.91 एकड़), 233 (1.78 एकड़), 242/378 (0.53 एकड़) तथा 279 (0.50 एकड़) की भूमि दोबारा ग्राम सभा के खाते में दर्ज की जाएगी। न्यायालय में प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार वर्ष 1954 में शासन की अधिसूचना के तहत मौजा तख्त गोसाईं को गैर आबाद घोषित करते हुए उसका प्रबंधन तत्कालीन नगर पालिका परिषद सम्भल को सौंपा गया था। हालांकि यह क्षेत्र नगर पालिका सीमा से बाहर था। वर्ष 1995 में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान यह भूमि ग्राम सभा के नाम दर्ज पाई गई।



मौके पर नक्शा देखते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

सुनवाई के दौरान सईदुल रहमान की ओर से दावा किया गया था कि उन्हें तत्कालीन नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा उक्त भूमि का पट्टा दिया गया था। वहीं अमीर चन्द्र ने अनुसूचित जाति का लाभ देते हुए भूमि पर अपने कब्जे का दावा किया। प्रारंभिक स्तर पर दोनों दावे निरस्त कर दिए गए थे, लेकिन बाद में निगरानी याचिका में सईदुल रहमान के पक्ष में आदेश पारित होने के बाद उनका नाम अभिलेखों में दर्ज हो गया। बाद के वर्षों में भूमि पर कब्जे और बेदखली को लेकर कई कानूनी कार्यवाहियां हुईं। इस बीच सईदुल रहमान एवं उनके उत्तराधिकारियों द्वारा भूमि का बड़ा हिस्सा अन्य लोगों को विक्रय भी कर दिया गया।

मामले में 3 जून 2026 को जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा पुनरीक्षण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद वर्तमान उपसंचालक चकबंदी श्री ओमप्रकाश अंजोर ने सभी पक्षों को नोटिस जारी कर विस्तृत सुनवाई की। सुनवाई के दौरान नगर पालिका परिषद सम्भल की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि सईदुल रहमान के नाम कोई वैध पट्टा कभी जारी नहीं किया गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष को इस प्रकार का पट्टा देने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं था तथा नगर पालिका के अभिलेखों में ऐसे किसी पट्टे का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। न्यायालय ने इसे फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों पर आधारित माना।

न्यायालय ने सभी अभिलेखों एवं साक्ष्यों का परीक्षण करने तथा संबंधित पक्षों को सुनवाई का पूरा अवसर देने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि पूर्व में प्राप्त आदेश न्यायालय को गुमराह कर हासिल किया गया था। इसके आधार पर 27 जून को पूर्व आदेश निरस्त करते हुए लगभग 5.06 एकड़ ग्राम सभा भूमि को पुनः ग्राम सभा के नाम दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया। यह निर्णय ग्राम सभा की सार्वजनिक भूमि के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# ‘लाइनपार नहीं, अब दाऊ दयाल नगर कहिए श्रीमान जी’

## मुरादाबाद में मुख्यमंत्री योगी का बड़ा ऐलान, गुरु जंभेश्वर कॉरिडोर बनाने की भी घोषणा

- **365 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की दी सौगात, महापौर और नगर निगम की जमकर सराहना**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उमेश लव/ मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुरादाबाद दौरे के दौरान शहर को कई बड़ी सौगातें देते हुए विकास और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण ऐलान किए। बुद्धि विहार स्थित उड़ीसा महोत्सव पार्क में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मुरादाबाद का ‘लाइनपार’ क्षेत्र ‘दाऊ दयाल नगर’ के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने गुरु जंभेश्वर तीर्थ क्षेत्र के लिए भव्य कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा भी की।





मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि उस महान व्यक्तित्व को सम्मान देने का प्रयास है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मंच से कहा, “अब लाइनपार नहीं, दाऊ दयाल नगर कहिए श्रीमान जी।” मुख्यमंत्री के इस ऐलान पर जनसभा में मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने जनसभा के दौरान लगभग 365 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार मुरादाबाद को आधुनिक, स्वच्छ और विकसित शहर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद नगर निगम की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से महापौर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की योजनाओं को शहर के विकास की नई पहचान बताया। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने केवल सड़कें और भवन ही नहीं बनाए, बल्कि संविधान पार्क, हनुमान वाटिका, राम वाटिका और ‘त्रिशूल – भारतीय रक्षा संग्रहालय’ जैसे प्रेरणादायी स्थलों का निर्माण कर शहर को नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे स्थलों से नई पीढ़ी को संविधान, राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति और शहीदों के बलिदान की प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान, कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी सतपाल सैनी, एमएलसी गोपाल अंजान, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भांडुला आदि समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

### विकास और विरासत दोनों पर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आधुनिक विकास के साथ-साथ धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण पर भी समान रूप से कार्य कर रही है। मुरादाबाद में घोषित नई परियोजनाएं इसी सोच का हिस्सा हैं, जिनसे शहर का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

### जनप्रतिनिधियों की सराहना, जनता से की अपील

मुख्यमंत्री ने नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह तथा महापौर विनोद अग्रवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इनके सहयोग से मुरादाबाद में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि आगामी चुनावों में मुरादाबाद देहात, बिलारी, कांठ और ठाकुरद्वारा में भी डबल इंजन सरकार के जनप्रतिनिधियों को चुनें, ताकि पूरे जिले में विकास की रफ्तार और तेज हो सके।

### गुरु जंभेश्वर कॉरिडोर से मिलेगी नई पहचान

मुख्यमंत्री ने गुरु जंभेश्वर तीर्थ क्षेत्र को विकसित करने के लिए कॉरिडोर निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे यह धार्मिक स्थल देश और दुनिया के श्रद्धालुओं से बेहतर तरीके से जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर बनने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय व्यापार को नई गति मिलेगी और पीतल नगरी मुरादाबाद को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

---

### महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**रामपुर ।** मिशन शक्ति फेस - 5.0 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद स्तरीय महिला सुरक्षा दल एवं जनपद रामपुर के समस्त थानो से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया । महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।

# मुरादाबाद गुरु जम्बेश्वर के लिए जाना जा रहा: योगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर विधायक रितेश गुप्ता के परिवार के साथ योगी आदित्यनाथ।



नगर विधायक रितेश गुप्ता के घर पर रात्रि भोज ग्रहण करते योगी।



मुरादाबाद में बच्ची को सीएम ने दुलारा-पोषाहार खिलाया।

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से मुरादाबाद पर बोलते हुए कहा कि आज से 9 साल पहले का मुरादाबाद उपद्रव, कर्फ्यू और अव्यवस्था के लिए जाना जाता था, लेकिन आज का मुरादाबाद गुरु जम्बेश्वर के लिए जाना जा रहा है।

अखिलेश यादव पर बोलते हुए कहा कि अखिलेश 12 बजे सोकर उठते थे, 1 बजे तैयार होते थे और 3 बजे दोस्तो के साथ बैठते थे, महफ़िल जो जमती थी वो जमी ही रह जाती थी,,, बड़े घर मे पैदा हुए थे,जो योजना 100 करोड़ में बन सकती थी उसकी डीपीआर 500 करोड़ की बनती थी। चर्चित सीट कुंदरकी के चुनाव में आपने देखा, धन्यवाद दिया तुर्क को परास्त करके साबित कर दिया कि बाबर का राज अब नही चलेगा। राम राज ही चलेगा। राम राज के लिए आपने रामवीर को विदबायक बनाया है। ये जो कांग्रेस और सपा की विभाजनकारी नीति है यही बाबरी सोच है। जातिवाद, क्षेत्र और भाषा के नाम पर,। पहले पैसा पौराणिक ओर ऐतिहासिक मंदिरों के लिए नही जाता था बल्कि कब्रिस्तानों की चारदीवारी को बनाने के लिये जाता था। साइकिल तो दंगा,लूट,उपद्रव का प्रतीक है। ये लोग रामभक्तों को धोखा देना चाहते हैं,अब बारी है बांके बिहारी की, श्री कृष्ण जन्मभूमि के बारे में बोलिये। मुरादाबाद में कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक की उसके बाद वह नगर विधायक रितेश गुप्ता के घर पहुंचे जहां उनके परिवार ने उनसे शिष्टाचार भेंट की इस दौरान उन्होंने विधायक के परिवार के साथ रात्रि भोजन ग्रहण किया इस मौके पर कई भाजपा भी मौजूद रहे।

---

# रोटरी क्लब संभल मिडटाउन का सत्र समापन

- **सम्मान समारोह में समाजसेवा, रक्तदान और जनहित कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों का हुआ अभिनंदन**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** रोटरी क्लब संभल मिडटाउन द्वारा शनिवार को एक रेस्तरां में सत्र 2025-26 के समापन, धन्यवाद एवं सम्मान समारोह तथा सत्र 2026-27 के पदभार ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान वर्षभर सामाजिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा नई कार्यकारिणी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने वर्षभर मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से क्लब ने सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान और जनकल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचा। समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रोटेरियन गौरव वार्ष्णेय, अमित गुप्ता, अमन वार्ष्णेय, शिवांश अग्रवाल एवं पंकज ठाकुर सहित अन्य रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। वहीं सफल कांवड़ सेवा आयोजन के लिए मनोज वार्ष्णेय एवं पंकज ठाकुर को सम्मान प्रदान किया गया।

क्लब द्वारा आयोजित कल्चरल प्रोग्राम एवं पूल पार्टी के सफल संचालन में विशेष भूमिका निभाने वाले प्रभात रस्तोगी, शिवांश अग्रवाल एवं निखिल शर्मा को सम्मानित किया गया। क्लब एवं समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए टिंकू टंडन, वेद चहल, विशाल मोंगिया, मनीष अग्रवाल एवं प्रियांशु वार्ष्णेय को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 45 बार स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रोटेरियन सुमित वार्ष्णेय को विशेष सम्मान से नवाजा गया। अन्य सेवा कार्यों के लिए आलोक गुप्ता, चंद्रेश आर्य, प्रवीण वर्मा, पराग आर्य एवं शुभम वार्ष्णेय को भी सम्मानित किया गया।

रोटरी एवं समाज सेवा के क्षेत्र में दीर्घकालीन एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ रोटेरियन अवधेश वार्ष्णेय एवं प्रिय रत्न आर्य को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं क्लब में शामिल हुए नए सदस्यों विपिन गुप्ता, अमित वार्ष्णेय, पवन एवं क्षितीज का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सत्र-2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। रोटेरियन सुमित अग्रवाल ने अध्यक्ष तथा रोटेरियन गौरव वार्ष्णेय ने सचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष को कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा।

### विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और बाजार में पारदर्शिता बनाए रखना-शिबा कादरी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी ।** जनपद संभल के जिला मुख्यालय बहजोई में पैकेज पेयजल एवं अन्य पैकेज वस्तुओं को निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत पर बेचने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विधिक माप विज्ञान विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान बहजोई बस स्टैंड एवं उसके आसपास स्थित दुकानों की सघन जांच की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व विधिक माप विज्ञान अधिकारी शिबा कादरी ने किया।जांच को प्रभावी और निष्पक्ष बनाने के लिए विभागीय टीम ने ग्राहक बनकर विभिन्न दुकानों से पानी की बोतलें, कोल्ड ड्रिंक तथा अन्य पैकेज उत्पाद खरीदे। खरीदारी के बाद उत्पादों पर अंकित एमआरपी और दुकानदार द्वारा वसूले गए मूल्य का मिलान किया गया। इस दौरान कुल 18 दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 12 दुकानों पर सभी वस्तुएं निर्धारित एमआरपी पर बिकती मिलीं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा। वहीं 6 दुकानों पर पानी की बोतलों और कोल्ड ड्रिंक सहित पैकेज उत्पाद एमआरपी से अधिक कीमत पर बेचे जाते पाए गए। अनियमितता मिलने पर विभाग ने तत्काल संबंधित दुकानदारों के खिलाफ मौके पर ही अभिग्रहण ज्ञापन जारी करते हुए विधिक माप विज्ञान (पैकेज कमोडिटी) नियमावली के तहत मामले दर्ज कर लिए।विधिक माप विज्ञान अधिकारी शिबा कादरी ने बताया कि उपभोक्ताओं से एमआरपी से अधिक मूल्य वसूलना कानून का उल्लंघन है और इस तरह की शिकायतों को विभाग गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण किए जाते रहेंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे के पॉइंट 73 मंगरौला के पास सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहाँ एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो चचेरे तहेरे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर डायल 112 और यूपीडा एंबुलेंस मौके पर पहुंची।और दोनों को तुरंत नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने मनीष कुमार शर्मा पुत्र सूरज शर्मा, 30 वर्षीय निवासी गांव नसरोल, थाना इस्लामनगर, जिला बदायूं को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल चचेरे भाई धर्मेंद्र पुत्र मनोज कुमार का उपचार सीएचसी में चल रहा है। मृतक मनीष अपने पीछे दो मासूम बच्चों व पत्नी को रोते बिलखते छोड़ गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस व अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। मृतक के परिजन अपने घर से चल दिए हैं।



सड़क हादसे में घायल।



सीएचसी में जानकारी करती पुलिस।

**अनदेखी** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है दुकानदार

# परचून की दुकान पर देसी शराब बेचने की वीडियो वायरल

- **वायरल वीडियो आबकारी विभाग की कार्य शैली पर उठा रही है सवाल**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में स्थित परचून की दुकान पर बेखौफ होकर दुकानदार द्वारा देशी शराब बेची जा रही है। जिसका एक ग्रामीण द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो आबकारी विभाग एवं पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठा रही है। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी की मिली भगत के चलते ही दुकानदार बेखौफ होकर देसी शराब बेच रहा है। सोमवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि गांव स्थित परचून की दुकान पर दुकानदार द्वारा देशी शराब की फ्रूटी बेधडक होकर बेची जा रही है, बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो गांव भैंसरौली की है जहां दुकानदार आबकारी विभाग की मिली भगत के चलते दुकान पर दिन रात देसी शराब की फ्रूटी बेच रहा है। जबकि नियम यह है कि जो सरकार के द्वारा निर्धारित की गई सरकारी देसी शराब की दुकान इस पर फ्रूटी की बिक्री होगी, स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि दुकानदार एवं आबकारी विभाग की मिली भगत के चलते गांव में यह काला कारोबार चल रहा है, ग्रामीणों द्वारा चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द आरोपी दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह जनपद के उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। वही आबकारी विभाग के प्रभारी निरीक्षक रामकुमार यादव द्वारा बताया गया कि मामला संज्ञान में नहीं है आपके द्वारा पता चला है जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



गांव में परचून की दुकान पर बिकती हुई देसी शराब।

## सार संक्षेप

### बाबा खाटू श्याम मंदिर की स्थापना दिवस पर हुआ यज्ञ

**हसनपुर।** नगर स्थित बाबा खाटू श्याम के मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण में एक यज्ञ का आयोजन किया गया यज्ञ में सभी भक्तों द्वारा श्रद्धापूर्वक आहुतियां दी गई और पूर्णाहुति कर प्रसाद का वितरण किया गया। नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को मंदिर प्रांगण श्री श्याम मित्र मंडल सेवा ट्रस्ट के द्वारा एक यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में पंडित देवेंद्र शास्त्री द्वारा मंटो चरण के साथ पूजन कर के आहुतियां दिलाई गई। यज्ञ में यजमान के रूप में चेयरमैन राजपाल सैनी, संदीप अग्रवाल एवं शोभित शर्मा सम्मिलित हुए। भक्तों द्वारा श्रद्धापूर्वा के यज्ञ में आहुतियां देखकर मनोकामना मांगी वही पूर्णाहुति के बाद बाबा खाटू श्याम की आरती हुई और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर चेयरमैन राजपाल सैनी, संदीप अग्रवाल,पूनम अग्रवाल, शोभित शर्मा,मनी बेदी,गौरव अग्रवाल,मोहित चौहान,हिरदेश अग्रवाल, आशु चौहान, अभिषेक अग्रवाल,महेश शर्मा, पप्पू गिरी, सतवीर गिरी, संजीव शर्मा, लोकेश अग्रवाल,राजपाल प्रजापति सहित काफी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।



यज्ञ में आहुतियां देते श्याम भक्त।

### भाकियू बीआर अंबेडकर ने ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हुई कार्रवाई वापस करने की की मांग

**हसनपुर।** भाकियू बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हुई जिला बदर की कार्रवाई को वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर जिला बदर की कार्रवाई को वापस नहीं लिया गया तो महापंचायत कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के कार्यकर्ता ग्राम करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय पर एकत्र हुए और जिला अधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सोपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी के विरोध प्रशासन द्वारा जिला बदर की कार्रवाई की गई है जिससे किसानों,मजदूरों एवं क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। आगामी 2 जुलाई को ग्राम मंगरोला स्थित पुल के नीचे एक विशाल किसान महापंचायत एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है, और यह धरना प्रदर्शन जब तक जारी रहेगा जब तक डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी पर हुई जिला बदर की कार्रवाई वापस नहीं होती। इसी के साथ उन्होंने मांग की जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक भी महापंचायत में उपस्थित हो और किसानो की समस्याओं को सुने। ज्ञापन देने वालों में सोनू गुर्जर, धर्मपाल सिंह,नन्हे यादव,कुलदीप, रियान,अभिषेक,गौतम,अमरजीत, नदीम,करतार,मंथन आदि मौजूद रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू।

### रामराज्य की अवधारणा आज भी प्रासंगिक: प्रो. उपेन्द्र




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भारतीय ज्ञान परम्परा- आईकेएस केंद्र के तत्वावधान में त्रेता युग : धर्माधारित शिक्षा एवम् ऋषि आश्रमों का उदय पर ऑनलाइन 14वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के सेंटर फॉर वैदिक साइंस में विभागाध्यक्ष एवम् संस्थापक-समन्वयक प्रो . उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा, वेद, उपनिषद, वेदांग, उपवेद, पुराण एवम् षड्दर्शन में निहित ज्ञान परम्परा ही भारतीय शिक्षा का मूल आधार हैं। उन्होंने तक्षशिला और पुष्कलावती जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्रों, प्रश्नोपनिषद, शिक्षावल्ली, स्वाध्याय, श्रवण-मनन, गुरु-शिष्य परम्परा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो . त्रिपाठी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा- आईकेएस केंद्र के तत्वावधान में त्रेता युग : धर्माधारित शिक्षा एवम् ऋषि आश्रमों का उदय पर ऑनलाइन आयोजित 14वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। प्रो . मिश्रा ने छांदोग्य उपनिषद के सत्यकाम जाबाल, विदुर नीति, गार्गी एवम् मैत्रेयी के दार्शनिक संवादों के संग-संग सा विद्या या विमुक्तये की अवधारणा के जरिए भारतीय शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को स्पष्ट किया। टीएमयू के कुलपति प्रो . वीके जैन ने वेब ऑफ साइंस एवम् स्कोपस सरीखी प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोधपत्रों, पुस्तकों, पेटेंट और अनुसंधान परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक शोध का समन्वय ही भविष्य की शिक्षा का आधार बनेगा।

### दबंगों ने मारपीट कर तीन को किया घायल

**हसनपुर ।** थाना सैद नगली क्षेत्र के कस्बे में घर को लौटते समय दबंगों द्वारा टीका टिप्पणी करने का विरोध करना भारी पड़ गया,दबंगों द्वारा मारपीट कर तीन लोगों को घायल कर दिया ।घायल थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की,पुलिस ने तहरीर लेकर तीनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया,जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना सैद नगली के कस्बा उझारी निवासी जहीर अब्बास पुत्र आमिर अब्बास अपने परिवार के साथ सोमवार की सुबह करीब 5 :30 बजे मोहर्रम का जुलूस देखकर अपने घर को लौट रहे थे रास्ते में मोहल्ले के ही तीन लोग उन्हें मिले,तीनों बहुत दबंग व्यक्ति हैं। तीनों के द्वारा उनके परिवार पर टीका टिप्पणी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे जिसे जहीर अहमद एवं उनके परिवार के द्वारा विरोध किया गया तो दबंगों द्वारा उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी और जहीर अहमद,भाई अथहर अब्बास एवं बेटी वंतूरजहां घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। इसके बाद घायल पुलिस चौकी पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई,पुलिस ने तहरीर लेकर तीनों घायलों को नगर में स्थित सीएचसी भेज दिया।



मारपीट के दौरान हुए घायल।

### मामूली बात को लेकर बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष, युवक के सिर पर फावड़े से हमला

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पड़ोसियों के बीच मामूली बात को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार को बच्चों के बीच आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था ।जब पीड़ित पक्ष के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे, तो विवाद बढ़ गया। इसी बीच विपक्षी परिवार के एक युवक ने गुस्से में आकर लईक पुत्र अली औसात के सिर पर फावड़े से जोरदार हमला कर दिया। फावड़ा लगते ही लईक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी।



# नगर पालिका के तीन साल बेमिसाल : फात्मा रज़ा

- करीब 50 करोड़ के विकास कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया
- सांसद आदित्य यादव ने कहा फात्मा रज़ा के नेतृत्व में हुआ ऐतिहासिक विकास
- 2027 में सपा सरकार बनने पर नगर की बदलेगी नई तस्वीर





जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद के तीन वर्ष पूर्ण होने पर रविवार देर शाम आयोजित उपलब्धि समारोह में अध्यक्ष फात्मा रज़ा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने दावा किया कि बिना किसी भेदभाव के हर वार्ड तक विकास पहुंचाया गया और करीब 50 करोड़ रुपये के जनहित कार्य कराए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि सपा सांसद आदित्य यादव ने कहा कि फात्मा रज़ा के नेतृत्व में शहर में ऐतिहासिक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सफाई जैसे क्षेत्रों में हुए कार्यों से शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में सपा सरकार बनने पर बदायूँ की तस्वीर और बदलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने की।

फात्मा रज़ा ने बताया कि तीन वर्षों में 189 सड़कों एवं गलियों का निर्माण, 33 नालों का निर्माण, छह मिनी नलकूपों की स्थापना, नई पाइपलाइन बिछाने सहित कई कार्य कराए गए। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एमआरएफ सेंटर स्थापित किए गए और संसाधनों में वृद्धि की गई। शहर में 900 एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं तथा विभिन्न प्रमुख मार्गों पर आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था विकसित की गई।

### बिना भेदभाव हर क्षेत्र में विकास, कर्मचारियों के बकाया का भी भुगतान : फात्मा रज़ा

**बदायूँ।** नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि उनके कार्यकाल में विकास का आधार केवल जनहित और आवश्यकता रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 50 प्रतिशत सड़कें हिंदू बहुल क्षेत्रों और 50 प्रतिशत मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बनाई गईं, जिससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिला। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों तक जाने वाले मार्गों का विशेष रूप से निर्माण कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिली। इसके साथ ही नगर पालिका कर्मचारियों के वर्षों से लंबित 16 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया का भुगतान भी कराया गया, जिससे कर्मचारियों में विश्वास और उत्साह बढ़ा है। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि नगर पालिका का कार्य सीधे जनता के जीवन से जुड़ा होता है और फात्मा रज़ा ने जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम किया है। अंत में अध्यक्ष ने सभी सभासदों, अधिकारियों, कर्मचारियों और शहरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी विकास की गति बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

### पार्टी में गद्दारी करने वाले होंगे बेनकाबः आबिद राजा

सपा से पूर्व मंत्री व विधायक रहे आबिद रजा ने कहा कि पार्टी के साथ वह ईमानदारी के साथ जुड़े हुए हैं। वह विधायक और मंत्री बनने की लालसा नहीं रखते, बल्कि वह एक लीडर बनना चाहते हैं। पार्टी के अंदर गद्दारी करने वालों को बेनकाब करना होगा, जिससे आने वाले विधानसभा के चुनाव में पार्टी को भारी बहुमत से जीत मिल सके। उन्होंने कहा कि उनके साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख इसाई हर धर्म और मजहब के लोग जुड़े हुए हैं जो निरंतर उनको क्षेत्र में काम करने की हिम्मत और हौसला देते हैं।

## सार संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश हेतु विशेष अभियान, 901 वाहनों पर लगी रिफ्लेक्टिव टेप

**बदायूं।** जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा 22 जून से 28 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस और सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग करते हुए भारी एवं अन्य वाहनों पर सुरक्षा की दृष्टि से रिफ्लेक्टिव टेप लगाने की कार्रवाई की। इस दौरान कुल 901 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई, जिनमें 159 ट्रक, 277 ट्रैक्टर तथा 465 अन्य वाहन शामिल रहे। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 913 वाहनों के चालान किए गए तथा 34 वाहनों को सीज किया गया। इनमें ट्रैक्टर के 17 चालान व 7 सीज, डम्पर/ट्रक के 23 चालान व 1 सीज तथा अन्य श्रेणी के वाहनों के 873 चालान व 26 सीज शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

### अलापुर पुलिस ने 24.640 किग्रा गांजा व दो बाइक सहित चार तस्कर पकड़े




**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत थाना अलापुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 24 .640 किलोग्राम अवैध गांजा, दो मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक माधौ सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए विवेक पुत्र रविन्द्र, निहाल पुत्र लल्ला, अभिषेक पुत्र रविन्द्र और विशाल पुत्र जैन सिंह, निवासी मोहल्ला कंचनपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से दो बोरों में भरा 24 .640 किग्रा गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा एक करिजमा बाइक ( UK 04 Q 2427 ) और एक राइडर बाइक ( UP 25 EH 4716 ) भी कब्जे में ली गई। इस संबंध में थाना अलापुर में मु0अ0सं0 135/2026 के तहत धारा 8/20/27A/29/60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में से अभिषेक का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जबकि अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध भी संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम में थाना अलापुर के प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जलजीवन मिशन कंपनी के इंजीनियर का शव उघैती क्षेत्र में मिला, हत्या का आरोप

## इस्लामनगर क्षेत्र में निर्माणाधीन टंकी की गुणवत्ता जांचने निकले इंजीनियर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जल जीवन मिशन के क्वालिटी इंजीनियर का शव रविवार शाम उघैती थाना क्षेत्र में बिजनौर स्टेट हाइवे किनारे खंती में बाइक समेत पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं, मृतक के भाई ने कंपनी के एक ठेकेदार समेत अन्य लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है।



फ़ाइल फ़ोटो जितेंद्र चंदेल।

मध्यप्रदेश के जिला छतरपुर के थाना नौगांव के गांव तिन्नी निवासी जितेंद्र सिंह चंदेल (28) पुत्र अरविंद चंदेल जिले की जलजीवन मिशन कंपनी की पीएनसी कंपनी चौपाल सागर में क्वालिटी इंजीनियर के पद पर तैनात थे।उन्होंने वर्ष 2025 में यहां आकर ज्वाइन किया था। जितेंद्र शनिवार को करीब 11 बजे इस्लामनगर इलाके के गांव विक्रमपुर चरसौरा में हर घर जल योजना के तहत बन रही पानी की टंकी की गुणवत्ता की जांच के लिए गए थे। देरशाम तक जब वह नहीं लौटे तो कंपनी के अधिकारियों ने उनकी तलाश की,लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद कंपनी ने बिनावर थाने पर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच रविवार शाम उनका शव उघैती थाना क्षेत्र के बिजनौर हाइवे पर सड़क किनारे खंती में पड़ा मिला।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एक्सीडेंट होने का खुलासा,मौके से बाइक बरामद**

जितेंद्र के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर थाना पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों को घटना की सूचना दी। जिस पर कंपनी के अधिकारी और मृतक का भाई विनय सिंह चंदेल मौके पर पहुंचे। भाई का आरोप है कि कंपनी का एक ठेकेदार जबरन उन पर पेमेंट करने का दबाव बना रहा था। इसी बात पर ठेकेदार नाराज था। भाई ने ठेकेदार समेत अन्य लोगों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है। उधर,पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्वालिटी इंजीनियर की मौत सड़क हादसे में होना बताया जा रहा है।



# बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में पिता की मौत, बेटा समेत दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र में रविवार रात दो बाइकों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई,जबकि उसका बेटा समेत एक अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक कृष्णपाल।

बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव अकौली निवासी कृष्णपाल (40) पुत्र रामसिंह रविवार रात अपने बेटे परमजीत को दिल्ली जाने के लिए उझानी छोड़ने जा रहे थे। पिता-पुत्र के साथ गांव के सत्यवीर भी थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। बताया जा रहा है कि बाइक सवार जैसे ही रिसौली-रोहान गांव के बीच पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेट से उनकी टक्कर हो गई। जिसमें कृष्णपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा परमजीत व सत्यवीर घायल हो गए। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। कृष्णपाल की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में फिर लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पाठकपुर में बेखौफ चोरों ने एक घर में कूमल लगाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों की वारदातों से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है और पुलिस की गश्त व कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।





पाठकपुर निवासी पुष्पेंद्र पुत्र कुंवरपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण वे अपने परिजनों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। अर्धरात्रि के समय अज्ञात चोरों ने घर की दीवार काट दी और अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे तीन बिछुआ, चांदी की रेशम पट्टी, सोने के झाले और 40,000 रुपये चुरा लिए।

पीड़ित पुष्पेंद्र ने बताया कि जब सुबह उनकी आंख खुली और वे नीचे आए, तो घर का नजारा देखकर दंग रह गए। कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी। अलमारी में रखे लाखों के जेवरात और नकदी गायब थे। पीड़ित परिवार ने तुरंत इस घटना की सूचना फैजगंज बेहटा थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि पाठकपुर में चोरी की घटना की तहरीर प्राप्त हो गई है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तेल चोरी कर ले गए चोर, सौ से अधिक गावों की बिजली गुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उघैती के खितौरा विद्युत उपकेंद्र पर लगे मुख्य ट्रांसफार्मर से चोर सारा तेल निकालकर ले गए। इसके बाद सौ से भी ज्यादा गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रात भर लोग गर्मी से बिलबिलाते रहे।

घटना रविवार रात की है। चोर उपकेंद्र की पिछली दीवार फांदकर घुस आए और ट्रांसफार्मर से सारा तेल निकाल लिया। बताया जाता है कि उस समय कर्मचारी भी यहां मौजूद थे, लेकिन चोरों की भनक तक उन्हें नहीं लगी।

ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने के बाद खितौरा उपकेंद्र से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे ग्रामीणों को पेयजल, घरेलू कार्य और खेती से जुड़े कामों में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विभाग अब ट्रांसफार्मर में दोबारा तेल भरवाकर जल्द आपूर्ति बहाल करने की कोशिश में जुटा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, तहरीर पुलिस को दी जा रही है और जल्द ही बिजली आपूर्ति सुचारु कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**उघैती क्षेत्र के गांव खितौरा का मामला, मेन ट्रांसफार्मर से होती है कई गांवों की बिजली सप्लाई**



# दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचे पूर्व मंत्री आबिद रज़ा, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव में 25 जून को हुई चार साल कि बच्ची से दुष्कर्म की घटना के बाद पूर्व मंत्री आबिद रज़ा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह की वारदात इंसानियत को कलंकित करती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इस कृत्य में शामिल है, वह इंसान नहीं बल्कि हैवान है और उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निष्पक्ष जांच और दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही यह भी कहा कि किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई न हो, इसका भी ध्यान रखा जाए।



पूर्व मंत्री ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस दौरान उनके साथ कई स्थानीय लोग व समर्थक भी मौजूद रहे।

# बीच सड़क से बाइक हटाने को लेकर विवाद, पूर्व प्रधान और उसके बेटे ने ई-रिक्शा चालक समेत परिवार को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव कपरोल में मामूली बात को लेकर बड़ा विवाद हो गया। बीच सड़क बाइक हटाने को लेकर शुरू हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि सिठोली के पूर्व प्रधान और उनके बेटे ने दबंगई दिखाते हुए ई-रिक्शा चालक समेत उसके पूरे परिवार के साथ मारपीट की।

बताया जा रहा है कि सड़क पर खड़ी बाइक हटाने को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद मामला बढ़ गया। आरोपियों ने ई-रिक्शा चालक को पीटने के साथ ही उसकी पत्नी और बेटी को भी नहीं बख्शा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित पक्ष ने घटना की शिकायत थाना इस्लामनगर पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।




# ऑपरेशन दहन के तहत बदायूँ पुलिस ने 14 करोड़ से अधिक के नशीले पदार्थ किए नष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद बदायूँ पुलिस द्वारा "ऑपरेशन दहन" के तहत अब तक कुल 5140.139 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14,11,36,910 रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के क्रम में नशा मुक्त समाज के उद्देश्य से की जा रही है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा जब्त मादक पदार्थों को निर्धारित मानकों के अनुसार नष्ट किया गया।

अभियान के तहत अलग-अलग तिथियों पर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया। 28 अप्रैल 2026 को 609.194 किलोग्राम (कीमत लगभग 2.59 करोड़ रुपये), 12 मई 2026 को 863.383 किलोग्राम (लगभग 1.78 करोड़ रुपये) तथा 31 मई 2026 को 2188.196 किलोग्राम (लगभग 7.42 करोड़ रुपये) मादक पदार्थ नष्ट किए गए। वहीं 29 जून 2026 को 1479.36 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया, जिनमें चरस 0.2 किग्रा, डोडा 1446.5 किग्रा, स्मैक 0.101 किग्रा, गांजा 26.234 किग्रा तथा नशीला पाउडर 6.31 किग्रा शामिल है। इनकी अनुमानित कीमत करीब 2,30,59,200 रुपये बताई गई है।

मादक पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण की यह कार्रवाई पुनः चक्रण प्राइवेट लिमिटेड, बबराला (जनपद सम्भल) में उच्च क्षमता वाले इन्सीनरेटर के माध्यम से पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए की गई।

पूरी प्रक्रिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ड्रग डिस्पोजल कमेटी एवं क्षेत्राधिकारी बिसौली श्री अंशुमन श्रीवास्तव की निगरानी में पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई।

बदायूँ पुलिस ने "ऑपरेशन दहन" के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि जनपद में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर बढ़ने नहीं दिया जाएगा। 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# जिला सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं से पूर्व सैनिकों व आश्रितों को मिल रहा लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को निरंतर लाभ प्रदान किया जा रहा है। विभाग की ओर से प्राप्त आवेदनों का त्वरित सत्यापन कर उन्हें संबंधित स्तर पर अग्रसारित किया जा रहा है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल सके।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की पुत्री विवाह अनुदान योजना के तहत पांच आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक पात्र लाभार्थी को 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं दो अन्य पात्र आवेदनों का सत्यापन कर उन्हें केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली को भेजा गया है, जिनकी स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है।

शिक्षा अनुदान योजना के अंतर्गत 98 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 93 आवेदनों का सत्यापन कर उन्हें केन्द्रीय सैनिक बोर्ड को भेजा गया है और सभी को स्वीकृति मिल चुकी है। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राप्त छह आवेदनों में से तीन को स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसके अलावा राज्य सैनिक पुनर्वास निधि से संचालित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्राप्त दो आवेदनों का सत्यापन कर उन्हें लखनऊ भेजा गया है। विभाग द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता मिल रही है।

# सम्पादकीय

## चीन देखता रह गया, हिंद महासागर में भारत ने बना ली मजबूत घेराबंदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में केवल एक सहभागी शक्ति नहीं, बल्कि स्थिरता, सुरक्षा और विकास का सबसे भरोसेमंद केंद्र बन चुका है। सेशेल्स की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ और दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर हुई यह यात्रा सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए जिस प्रकार हिंद महासागर को अवसरों का महासागर बनाने की बात कही, वह भारत की दूरदर्शी समुद्री नीति का स्पष्ट संकेत है। भारत ने यह संदेश दिया कि हिंद महासागर केवल समुद्री व्यापार का मार्ग नहीं, बल्कि सामरिक संतुलन, आर्थिक समृद्धि और वैश्विक शक्ति संरचना का केंद्र बनने जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में मोदी सरकार की विदेश नीति का आत्मविश्वास और परिपक्वता साफ दिखाई दी। सेशेल्स को भारत ने जिस सम्मान और साझेदारी का भरोसा दिया, उसने यह साबित किया कि नई दिल्ली छोटे देशों को भी बराबरी और सम्मान के साथ साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच नौ महत्वपूर्ण समझौते हुए। इनमें प्रत्यर्पण संधि सबसे अधिक सामरिक महत्व रखती है। हिंद महासागर क्षेत्र लंबे समय से समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और अंतरराष्ट्रीय अपराधों की चुनौती से जूझता रहा है। ऐसे में प्रत्यर्पण समझौता और समुद्री सुरक्षा सहयोग भारत की सुरक्षा नीति को मजबूत करने वाला कदम है। इससे भारत को पश्चिमी हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक उपस्थिति और निगरानी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि भारत और सेशेल्स की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि भारत ने सेशेल्स को तेज गश्ती पोत, नौकाएं, एंबुलेंस और अन्य उपयोगी वाहन भेंट किए। भारतीय नौसेना के युद्धपोत और सर्वेक्षण पोत का सेशेल्स पहुंचना हिंद महासागर में भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रदर्शन भी था। साथ ही भारत ने सेशेल्स के लिए एक सौ पचहत्तर मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा कर यह भी दिखाया कि उसकी विदेश नीति केवल रणनीतिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास आधारित साझेदारी पर आधारित है। सामाजिक आवास, शिक्षा, परिवहन, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भारत का सहयोग यह दशार्ता है कि नई दिल्ली अपने साझेदार देशों के विकास को अपनी प्राथमिकता मानती है। मोदी सरकार की यही नीति भारत को अन्य वैश्विक शक्तियों से अलग पहचान देती है। इस यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष डिजिटल और आर्थिक सहयोग भी रहा। भारत और सेशेल्स के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार, प्रत्यक्ष नौवहन संपर्क और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को लेकर हुए समझौते भविष्य की आर्थिक संरचना को बदलने वाले कदम हैं। भारत की डिजिटल सार्वजनिक संरचना को सेशेल्स में लागू करने की पहल यह साबित करती है कि भारत अब तकनीकी समाधान देने वाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभर चुका है। यह मोदी सरकार की उस नीति का परिणाम है जिसमें तकनीक को जनकल्याण और वैश्विक साझेदारी का आधार बनाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन और छोटे द्वीपीय देशों की चुनौतियों को जिस मजबूती से उठाया, वह भी भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को दशार्ता है। उन्होंने साफ कहा कि जिन देशों ने जलवायु संकट पैदा नहीं किया, उन्हें उसका सबसे बड़ा बोझ नहीं उठाना चाहिए। यह बयान विकसित देशों की दोहरी नीतियों पर सीधा प्रहार भी था। भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी आधारभूत ढांचा गठबंधन और हरित ऊर्जा अभियानों के माध्यम से पहले ही विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बना ली है। सेशेल्स द्वारा भारत की पहल में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि विकासशील देशों के बीच भारत की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को सेशेल्स द्वारा दिया गया ब्लू होराइजन के संरक्षक सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। यह सम्मान पहली बार किसी नेता को दिया गया और इससे यह संदेश गया कि हिंद महासागर क्षेत्र भारत को एक जिम्मेदार और भरोसेमंद शक्ति के रूप में देखता है। पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और समुद्री संसाधनों के संतुलित उपयोग को लेकर भारत की प्रतिबद्धता ने छोटे द्वीपीय देशों में विश्वास पैदा किया है।

## मणिपुर में उग्रवाद के अंत की निर्णायक लड़ाई



■ प्रमोद भार्गव

(लेखक साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

मणिपुर में उग्रवाद का वर्तमान स्वरूप केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह जातीय संघर्ष, क्षेत्रीय विभाजन और असुरक्षा-बोध का जटिल रूप ले चुका है। बड़े पैमाने पर हिंसा भले थम गई हो, किंतु मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच बना अविश्वास आज भी कायम है। 2023 की हिंसा के बाद केंद्र सरकार ने दोनों समुदायों के बीच बफर जोन बनाया था, लेकिन अर्धसैनिक बलों की तैनाती के बावजूद यह विभाजन व्यावहारिक रूप से स्थायी सीमा जैसा दिखाई देता है। घाटी में रहने वाले मैतेई और पहाड़ी क्षेत्रों में बसे कुकी-जो समुदाय आज भी एक-दूसरे के इलाकों में सुरक्षित आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी किसी भी कोशिश के साथ गोलीबारी, बम विस्फोट या रॉकेट हमलों की घटनाएं सामने आ जाती हैं।

लगभग तीन वर्षों से जारी इस हिंसा और अराजकता को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार ने अब निर्णायक अभियान छेड़ दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में नक्सलवाद के विरुद्ध सफल अभियान चला चुकी कोबरा की विशेष जंगल-युद्ध इकाइयों को मणिपुर में तैनात किया गया है। कोबरा की 207 और 201 बटालियन के लगभग दो हजार प्रशिक्षित कमांडो 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत सीमावर्ती जंगलों में सक्रिय उग्रवादी ठिकानों को ध्वस्त करने में जुटे हैं। इनका लक्ष्य उन बीस से अधिक उग्रवादी संगठनों को या तो आत्मसमर्पण के लिए विवश करना है, जो सरकार से बातचीत के लिए तैयार नहीं हैं, अथवा उनके सशस्त्र नेटवर्क को पूरी तरह निष्क्रिय करना है।

इस अभियान के प्रारंभिक परिणाम सामने आने लगे हैं। कोबरा, असम राइफल्स, सेना और मणिपुर पुलिस के संयुक्त अभियानों में कांगपोकपी तथा इंफाल घाटी के कई क्षेत्रों में उग्रवादियों के नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। अनेक उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके अवैध ठिकानों को नष्ट किया गया है। अब अभियान का फोकस जंगलों में बने हथियारबंद शिविरों का पता लगाकर उन्हें समाप्त करना है।

फरवरी 2026 में मुख्यमंत्री यमनाम खेमचंद्र सिंह के नेतृत्व में त्रि-जातीय संतुलन वाली नई सरकार बनी, जिसमें मैतेई मुख्यमंत्री के साथ कुकी और नागा समुदायों के उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं। इससे राजनीतिक संवाद की शुरुआत अवश्य हुई है, किंतु जमीनी स्तर पर विश्वास बहाली अब भी सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसके पीछे कारण यह है कि 2023 की हिंसा के मूल कारण आज भी जस के तस मौजूद हैं।

मैतेई समुदाय लंबे समय से अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग कर रहा है। उनका तर्क है कि म्यांमार से हो रही अवैध घुसपैठ और भूमि संबंधी कानूनी प्रतिबंधों के कारण वे अपनी ही मातृभूमि में अल्पसंख्यक बनने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर कुकी-जो और नागा समुदाय इस मांग का कड़ा विरोध करते हैं। उनका कहना है कि मैतेई पहले से ही राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टि से सबसे सशक्त समुदाय हैं। यदि उन्हें भी जनजातीय दर्जा मिल गया तो वे आदिवासी आरक्षण, नौकरियों और पहाड़ी भूमि पर अधिकार स्थापित कर लेंगे। इसी कारण कुकी संगठनों और विधायकों ने अलग प्रशासनिक व्यवस्था, केंद्र शासित प्रदेश अथवा व्यापक स्वायत्तता की मांग तेज कर दी है।



विवाद की पृष्ठभूमि फरवरी 2023 में और गहरी हुई, जब राज्य सरकार ने पहाड़ी एवं वन क्षेत्रों से कथित अवैध प्रवासियों को हटाने का अभियान प्रारंभ किया। इन क्षेत्रों में नागा और कुकी समुदाय की 34 अधिसूचित जनजातियां निवास करती हैं, जिनकी भूमि पर गैर-जनजातीय लोगों के स्वामित्व की अनुमति नहीं है। जिन लोगों को प्रशासन प्रवासी मानकर हटाना चाहता था, उन्हें कुकी समुदाय अपना मूल निवासी बता रहा था। इससे सरकार और आदिवासी समुदायों के बीच टकराव और बढ़ गया। दूसरी ओर मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने की मांग पर विचार शुरू होने से आदिवासी समाज की आशंकाएं और गहरी हो गईं। यही विरोधाभास बाद में हिंसा का प्रमुख कारण बना।

राजनीतिक प्रतिनिधित्व भी इस तनाव को बढ़ाने वाला कारक है। मैतेई समुदाय संख्या में अधिक होने के साथ-साथ विधानसभा की 60 में से लगभग 40 सीटों पर प्रभाव रखता है, जबकि राज्य के लगभग 90 प्रतिशत पर्वतीय भूभाग में रहने वाली 34 जनजातियों का प्रतिनिधित्व केवल 20 विधायकों तक सीमित है। परिणामस्वरूप आदिवासी समुदायों में यह धारणा मजबूत हुई कि उनके हितों की पर्याप्त राजनीतिक रक्षा नहीं हो पा रही है।

इस संघर्ष में धार्मिक आयाम भी जुड़ गया है। अधिकांश मैतेई हिंदू, विशेषकर वैष्णव परंपरा से जुड़े हैं, जबकि नागा और कुकी समुदायों में बड़ी संख्या ईसाई धर्मावलंबियों की है। इसलिए जातीय तनाव कई बार धार्मिक रंग ग्रहण कर लेता है। इस स्थिति का लाभ मादक पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क भी उठाते रहे हैं। म्यांमार सीमा से लगे क्षेत्रों में अफीम की खेती और ड्रग्स तस्करी लंबे समय से सक्रिय है। पूर्व मुख्यमंत्री नोंगथोंबम बीरेन सिंह ने अफीम की खेती और ड्रग माफिया के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया था। इसी दौरान उच्च न्यायालय ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के प्रश्न पर विचार करने का निर्देश दिया और इसके बाद हिंसा ने व्यापक रूप ले लिया।

हालांकि इस संकट की जड़ें इससे भी पहले की हैं। वर्ष 2015 में मणिपुर विधानसभा ने तीन महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए थे, जिनमें सबसे अधिक विवाद मणिपुर यात्री, किराएदार एवं प्रवासी नियमन विधेयक को लेकर हुआ। इसके अलावा मणिपुर भू-राजस्व एवं भूमि सुधार (सातवां संशोधन) विधेयक तथा मणिपुर दुकान एवं प्रतिष्ठान (दूसरा संशोधन) विधेयक भी पारित किए गए। आदिवासी समुदायों को आशंका थी कि इन कानूनों के माध्यम से बाहरी लोगों के लिए पर्वतीय क्षेत्रों में स्थायी बसावट का मार्ग खुल जाएगा और उनके पारंपरिक अधिकार कमजोर पड़ जाएंगे।

यात्री, किराएदार एवं प्रवासी नियमन विधेयक के माध्यम से इनर लाइन परमिट व्यवस्था को और कठोर बनाया गया। यह कदम जीसीआरएलपीएस संगठन की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप था, जिसका कहना था कि मणिपुर में बाहरी लोगों की बढ़ती संख्या स्थानीय संसाधनों, रोजगार और प्राकृतिक संपदा पर दबाव बना रही है। सरकारी नौकरियों और रोजगार के अवसरों में भी स्थानीय निवासियों और प्रवासियों के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही थी। इन्हीं परिस्थितियों में तत्कालीन मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह की सरकार ने इनर लाइन परमिट व्यवस्था को सख्त बनाने का प्रयास किया।

यद्यपि यह मांग मुख्यतः मैतेई समुदाय की थी, लेकिन आदिवासी समुदायों ने इसका प्रारंभ से विरोध किया। उन्हें आशंका थी कि इससे मणिपुर घाटी जन-प्रशासन नियमन अधिनियम, 1947 के तहत उन्हें प्राप्त विशेष संरक्षण कमजोर हो जाएगा। इस कानून का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों में निवास करने वाली जनजातियों की भूमि और पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करना था। नए प्रावधानों में 1951 को आधार वर्ष मानते हुए उसके बाद आए लोगों की नागरिक सुविधाओं और अधिकारों को सीमित करने की व्यवस्था की गई। किंतु इस व्यवस्था को लेकर भी अनेक विरोधाभास सामने आए, जिससे बाहरी बनाम मूल निवासी का प्रश्न और अधिक संवेदनशील बन गया।

स्पष्ट है कि मणिपुर का संकट केवल उग्रवाद का नहीं, बल्कि पहचान, भूमि, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, अवैध प्रवासन, संसाधनों पर अधिकार और सामाजिक विश्वास के संकट का भी है। केवल सैन्य कार्रवाई से उग्रवादी संगठनों को कमजोर किया जा सकता है, लेकिन स्थायी शांति तभी संभव होगी, जब विभिन्न समुदायों के बीच विश्वास बहाली, संवैधानिक अधिकारों का संतुलित संरक्षण और राजनीतिक संवाद समानांतर रूप से आगे बढ़े। केंद्र सरकार का 'ऑपरेशन क्लीन' सुरक्षा के मोर्चे पर निर्णायक पहल है, किंतु इसकी वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब मणिपुर फिर से सामाजिक समरसता, पारस्परिक विश्वास और स्थायी शांति की राह पर लौट सके।

## प्रेम, सत्य और समरसता के संत कबीर



■ मुकेश ऋषि

संत कबीरदास भारतीय संत परंपरा के ऐसे महान संत, समाज-सुधारक, विचारक और कवि थे, जिन्होंने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से प्रेम, सत्य, समानता और मानवता का संदेश दिया। वे हिंदू और मुसलमान दोनों समुदायों में समान रूप से आदरणीय थे। उन्होंने मूर्तिपूजा, आडंबर, कर्मकांड, पाखंड और सामाजिक कुरीतियों का निर्भीक होकर विरोध किया तथा ईश्वर के निराकार स्वरूप में आस्था रखने की प्रेरणा दी।

कबीर स्वयं औपचारिक रूप से शिक्षित नहीं थे, फिर भी उनकी वाणी आज भी ज्ञान का अमूल्य स्रोत मानी जाती है। उनका प्रसिद्ध दोहा है -

**'पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।**
**ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।'**

कबीर के अनुसार सच्चा पंडित वही है, जो प्रेम, करुणा और समभाव का मार्ग अपनाए तथा प्रत्येक प्राणी में ईश्वर का दर्शन करे।

मूर्तिपूजा के संबंध में उन्होंने कहा -

**'पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहाड़।**
**ताते यह चाकी भली, पीस खाए संसार।।'**

इस दोहे के माध्यम से उन्होंने बाहरी आडंबरों की अपेक्षा कर्म और लोककल्याण को अधिक महत्त्व दिया।

जयंती पर स्मरण



कबीर के जन्म के संबंध में अनेक किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। व्यापक रूप से माना जाता है कि उनका पालन-पोषण काशी के जुलाहा दंपति नीरू और नीमा ने किया। उन्होंने आजीविका के लिए बुनकरी का कार्य किया और श्रम करते हुए समाज में ज्ञान, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाया।

वे सामाजिक अन्याय, जाति-पांति और भेदभाव के कट्टर विरोधी थे। उनका जीवन निःस्वार्थ सेवा और लोकमंगल के लिए समर्पित था। उनका प्रसिद्ध दोहा आज भी समाज को दिशा देता है -

**'कबीरा खड़ा बाजार में, सबकी मांगे खैर।**
**ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर।।'**

कबीर निंदा से विचलित नहीं होते थे। वे आलोचक को भी अपना हितैषी मानते थे -

**'निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय।**
**बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।।'**

उनकी वाणी में मधुरता, विनम्रता और आत्मीयता थी। वे कहते हैं -

**'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय।**
**औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।।'**

कबीर के गुरु के रूप में सामान्यतः स्वामी रामानंद का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि उन्होंने रामानंद से 'राम' नाम का मंत्र ग्रहण किया और उसे अपने जीवन का आधार बनाया।

अपने जीवन के अंतिम समय में कबीर काशी छोड़कर मगहर चले गए। उस समय यह मान्यता थी कि काशी में मृत्यु होने से मोक्ष और मगहर में मृत्यु होने से नरक मिलता है। कबीर ने इस अंधविश्वास का खंडन करते हुए मगहर में ही देह त्यागी और यह संदेश दिया कि मोक्ष स्थान से नहीं, बल्कि मनुष्य के कर्म और आचरण से प्राप्त होता है।

संत कबीर का संपूर्ण जीवन सत्य, प्रेम, समानता और मानवता का अनुपम उदाहरण है। उनकी वाणी आज भी समाज को भेदभाव, पाखंड और अंधविश्वास से ऊपर उठकर प्रेम, सद्भाव और आत्मबोध का मार्ग दिखाती है। उनकी शिक्षाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं।

**(लेखक स्तंभकार हैं।)**

## गैर-शैक्षणिक दायित्वों के बोझ तले शिक्षा व्यवस्था



■ प्रो. एस.के.सिंह

किसी भी राष्ट्र की प्रगति और विकास का सबसे महत्वपूर्ण पैमाना उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा न केवल मनुष्यों के निर्माण का आधार है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक उन्नति का प्रतिबिम्ब भी होती है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि शिक्षा राष्ट्र की आत्मा होती है। भारत की शिक्षा परंपरा सदियों तक विश्व के लिये प्रेरणा का स्त्रोत रही है। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी जैसे प्राचीन भारतीय शिक्षा केन्द्र केवल ज्ञान के ही नहीं, बल्कि वैश्विक बौद्धिक विमर्श के भी प्रमुख केन्द्र थे, जहॉं दुनिया के विभिन्न देशों से विद्यार्थी अध्ययन के लिये आते थे क्योंकि भारतीय शिक्षा व्यवस्था ने हमेशा ज्ञान, नैतिकता, चरित्र निर्माण और मानव एवं विश्व कल्याण के आदर्शों को प्रतिष्ठित किया है। लेकिन मध्यकाल और विशेषकर औपनिवेशिक काल में भारतीय शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर गंभीर आघात पहुंचाया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा को हानि पहुंचाने के लिये अनेक पारंपरिक शिक्षण संस्थानों को नष्ट किया गया। औपनिवेशक शासन ने ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित की, जिसमें भारतीय भाषाओं एवं भारतीय ज्ञान संपदा को कमतर आंकते हुए अंग्रेजी-केन्द्रित शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया। औपनिवेशिक काल में भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरूकुल व्यवस्था तथा स्वदेशी शिक्षण संस्थानों को जिस सुनियोजित तरीके से कमजोर किया गया वैसा उदाहरण भारतीय इतिहास के अनेक पूर्ववर्ती कालखण्डों में दिखाई नहीं देता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के विस्तार के लिये विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की संख्या तो बढ़ी, विभिन्न आयोग भी गठित किये गये, लेकिन शिक्षा के भारतीयकरण, मातृभाषा में शिक्षण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के पुर्नस्थापन जैसे विशयों पर ठोस और व्यापक परिवर्तन लंबे समय तक दिखाई नहीं दिया। तत्कालीन सरकारें शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित बुनियादी परिवर्तन करने का साहस ही नहीं जुटा सकीं। परिणामस्वरूप, शिक्षा व्यवस्था काफी हद तक उसी ढॉचें में चलती रही, जिसकी नींव औपनिवेशक काल में रखी गई थी। ऐसे परिदृश्य में स्वतंत्रता के लगभग 73 साल बाद 2020 में एनईपी 2020 के माध्यम से देश को एक बेहद लचीली, समावेशी, बहुलतावादी, प्रगतिशील, छात्र-केन्द्रित एवं भारतीयता से ओत-प्रोत शिक्षा नीति मिली जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा और मातृभाषा को केन्द्र में रखते हुए छात्रों का सर्वागींण विकास कर उन्हें जीवन के लिये तैयार करने पर जोर दिया गया है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी नीति में शिक्षा को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की ठोस पहल की गई है। इसलिये इसे सही मायनों में स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय शिक्षा नीति कहा जा सकता है। लेकिन शिक्षकों पर प्रशासनिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्यों का बढ़ता बोझ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उसके अपेक्षित परिणामों की प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा नजर आ रहे हैं। महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि सांदीपनि, आचार्य चाणक्य जैसे शिक्षकों की परंपरा इसलिये महान नहीं बनी, कि वे प्रशासनिक औपचारिकताओं में दक्ष थे, बल्कि इसलिये बनी कि वे अपने शिष्यों के व्यक्तित्व निर्माण में पूर्णतः समर्पित थे। उनके आश्रमों में शिक्षा का केन्द्र बिन्दु गुरू और शिष्य का जीवंत संवाद था। लेकिन वर्तमान समय में शिक्षकों की गैर-शैक्षणिक कार्यो में बढ़ती व्यस्तता के कारण यह संवाद निरंतर कम होता जा रहा है, जिससे शिक्षण एवं शोध की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा मंडराने लगा है। जिस तरह से क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न हुई कुछ व्यावहारिक चुनौतियों एवं कठिनाईयों के कारण नोटबंदी से वे अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो सके, जिसकी आशा की गई थी, उसी तरह यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होते हैं, तो इसका कारण नीति में कोई कमी होना नहीं, बल्कि क्रियान्वयन की सबसे मजबूत कड़ी शिक्षक का उसके मूल कार्य से विमुख होना होगा। अब तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शिक्षा व्यवस्था में भी नौकरषाही की प्रवृत्तियां प्रवेष कर गई हैं जहॉं शिक्षण की वास्तविक गुणवत्ता और परिणामों की अपेक्षा प्रक्रियाओं, अभिलेखीकरण तथा औपचारिकताओं को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि शिक्षकों पर लादे गये प्रशासनिक दायित्व तथा अधिकांश गैर-शैक्षणिक कार्य छात्रों के कल्याण और शिक्षा व्यवस्था के सुचारू संचालन से जुडे होते हैं, इसलिये इन कार्यों के निष्पादन हेतु पृथक रूप से प्रशिक्षित कर्मियों की नियुक्ति की जानी चाहिये, जिससे शिक्षक अपना अधिकतम समय शोध एवं शिक्षण में दे सकें।



आजकल लगभग प्रत्येक गतिविधि के लिये फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है। अधिकांश कार्यक्रमों के प्रमाण के रूप में फोटो ओर वीडियो भेजने की बाध्यता ने शिक्षा व्यवस्था को एक प्रकार की औपचारिकता एवं दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया में उलझा दिया है। परिणामस्वरूप कार्य की वास्तविक गुणवत्ता और उसके शैक्षिक प्रभाव की अपेक्षा उसके प्रमाण प्रस्तुत करने पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है। कई बार ऑनलाईन कार्यक्रमों के लिये छात्रों को एक स्थान पर एकत्रित करने के निर्देश उनके नियमित अध्ययन में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न करते हैं। यदि कोई कार्यक्रम ऑनलाईन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है तो छात्रों को उनकी सुविधा और उपलब्धता के अनुसार उसे देखने की स्वतंत्रता दी जा सकती है। इससे न केवल उनकी पढ़ाई प्रभावित होने से बचेगी बल्कि ऑनलाईन माध्यम की वास्तविक उपयोगिता भी सुनिश्चित होगी। एनईपी 2020 के अनुच्छेद 5 12 में स्पश्ट उल्लेख है कि शिक्षकों का अधिकांश समय गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में व्यतीत होने से रोकने के लिये उन्हें ऐसे कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जो शिक्षा से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित न हों, लेकिन विडम्बना यह है कि जिस देश ने शिक्षक को राष्ट्र निर्माण का आधार माना वहां आज शिक्षक अनेक प्रशासनिक और गैर-शैक्षणिक दायित्वों में उलझा हुआ है। भारत की प्राचीन गुरूकुल परंपरा से लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तक इस बात पर सभी सहमत हैं कि शिक्षा में वास्तविक और बुनियादी बदलाव सिर्फ शिक्षकों के माध्यम से ही संभव है। यदि हमें एनईपी 2020 के वास्तविक लक्ष्यों तक पहुंचना है तो हमें शिक्षक को गैर-शैक्षणिक कार्यों के बोझ से मुक्त कर उसके वास्तविक दायित्व शिक्षण, शोध एवं अधिगम पर केन्द्रित होने का अवसर देना होगा, अन्यथा एक उत्कृष्ट और दूरदर्शी शिक्षा नीति भी क्रियान्वयन की कमजोरियों के कारण अपने अपेक्षित परिणामों से वंचित रह सकती है।

**(लेखक जेयू में वाणिज्य के विभागाध्यक्ष हैं।)**

## नागरिकता के दस्तावेजों पर इतना भ्रम ठीक नहीं..

पिछले कुछ वर्षों में पासपोर्ट हासिल करना आसान हो गया है। इसकी वजह तकनीकी क्रांति तो है ही, लेकिन सरकारी नीतियों ने भी आम आदमी के लिए पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया को आसान किया है। पासपोर्ट हासिल करने के कठिन दौर से लेकर आसानी से प्राप्त होने के मौजूदा दौर में, आम नागरिक इसे अपनी नागरिकता का एक वैध दस्तावेज मानता रहा है। लेकिन पासपोर्ट सेवा दिवस के मौके पर भारतीय विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के पासपोर्ट को लेकर दिए बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। इस अधिकारी के मुताबिक, भारतीय पासपोर्ट सिर्फ विदेश यात्रा के लिए एक दस्तावेज है, भारतीय नागरिकता का सबूत नहीं। जहां पासपोर्ट हासिल करने को चार धाम यात्रा जैसी उपलब्धि माना जाता रहा हो, जहां किसी व्यक्ति की पहचान के लिए मजबूत सरकारी दस्तावेज माना जाता रहा हो, वहां ऐसा बयान आएगा तो विवाद होगा ही। तो विवाद हो रहा है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर लोग पूछ रहे हैं कि अगर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और पासपोर्ट नागरिकता का वैध दस्तावेज नही है तो फिर कोई भारतीय नागरिक अपनी नागरिकता के लिए क्या सबूत पेश करे। भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के शब्दों से गुजरें तो विदेश मंत्रालय के अधिकारी का कहना गलत भी नहीं है, लेकिन हाल के दिनों में मतदाता सूचियों के विशेष और गहन परीक्षण के दौरान जब घोषित कर दिया गया कि किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र होना उसकी नागरिकता के सबूत नहीं है और अब पासपोर्ट भी नहीं रहा, तो फिर भारतीय नागरिक क्या करे। जरूरत पड़ने पर वह कैसे साबित करे कि वह भारतीय नागरिक है। इस आधार पर तो देश के ज्यादातर लोग अपनी नागरिकता को तो साबित ही नहीं कर पाएंगे। यही वजह है कि लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। आज के दौर की तमाम लड़ाइयों का बुनियादी और मजबूत आधार चूंकि नैरेटिव बन गया है तो यह भी साबित करने की कोशिश होगी कि मोदी सरकार ने जानबूझकर ऐसा किया है। इसके लपेटे में मोदी समर्थक ताकतें भी आएंगी, भारतीय जनता पार्टी पर तो खैर सवाल उठेगा ही। इस नैरेटिव को खड़ा होने से पहले ही जरूरी है कि नागरिकता के वैध दस्तावेज को लेकर जारी भ्रम को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

# राजभर का अखिलेश पर तीखा हमला, बोले- अगर सपा सत्ता में लौटी तो बहुजन समुदाय के लोगों पर अत्याचार बढ़ेंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर बहुजन समाज के प्रति द्वेष रखने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सपा सत्ता में आई तो बहुजन समुदाय पर अत्याचार बढ़ेंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव और उनके समर्थकों के मन में बहुजन समाज के प्रति नाराजगी है और यदि समाजवादी पार्टी सत्ता में लौटती है तो बहुजन समुदाय के लोगों पर अत्याचार बढ़ेंगे।

सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में राजभर ने अखिलेश यादव को "राजा बाबू" कहकर संबोधित करते हुए दावा किया कि उनके कुछ समर्थक "लाठियों में तेल लगा रहे हैं तो कुछ चाकू और तलवारें तेज कर रहे हैं।" उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले लगभग दस वर्षों से समाजवादी पार्टी के नेता बहुजन समाज के खिलाफ मन में द्वेष रखे हुए हैं। राजभर ने यह भी आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी सत्ता में आने के बाद अपने "गुंडे, माफिया और लाल टोपी वालों" को थानों पर कब्जा दिलाना चाहती है। उन्होंने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) अभियान पर भी निशाना साधते हुए दावा किया कि इसके नाम पर भड़काऊ नारे लगाए जा रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि पाल, प्रजापति, बिंद, केवट, मल्लाह, राजभर, निषाद, मांझी, दर्जी, तेली, लोनिया, फकीर और बंजारा समेत कई बहुजन जातियां समाजवादी पार्टी के शासन में सबसे अधिक निशाने पर होंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता मिलने पर इन समुदायों के लोगों के घरों और जमीनों पर कब्जा किया जाएगा, दंगे कराए जाएंगे तथा महिलाओं पर अत्याचार होंगे। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। राजभर ने कहा कि बहुजन समाज समाजवादी पार्टी को दोबारा सत्ता में आने का अवसर नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। वहीं, समाचार लिखे जाने तक समाजवादी पार्टी की ओर से राजभर के आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

## सार संक्षेप

### पालिका अध्यक्ष रामू ने किया वार्ड 5 में 9 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण


सीसी रोड का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष रामू जोशी। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सिंह जोशी रामू ने वार्ड संख्या 5 में बनाई गई 85 मीटर सीसी रोड का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर वार्ड वासियों ने नव निर्मित सीसी रोड के लिए एक दूसरे को बधाई देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वार्ड में लंबे समय के बाद वार्ड वासियों की सुविधा के लिए सीसी मार्ग का निर्माण हुआ है। नगर पालिका द्वारा वार्ड वासियों की सुविधा के लिए 9 लाख की लागत से 85 मीटर सीसी रोड का निर्माण किया। इस अवसर पर सभासद बसंती सामंत, राजेंद्र सामंत, हरि रामचंद्र सिंह बोरा, सुरेश कुमार, मंजू शर्मा, निर्मला गडकरी, आशु अधिकारी, मोहित पोखरिया, पूजा देवी, शुभम पटवा आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विद्युत अव्यवस्था का लिया संज्ञान अधिकारियों को दिए निर्देश

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने तयशुदा कार्यक्रम के तहत आज सोमवार को लोहिया हेड स्थित हेलीपैड पर पार्टी कार्यकर्ताओं , आम जनता एवं जनता प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के हालात जानें। उन्होंने उपखंड क्षेत्र में चल रही बिजली की समस्या का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तलब किया और उचित कार्रवाई के कडे निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान करने को कहा। इस दौरान सीएम धामी ने अपनी व क्षेत्र की समस्याओं को लेकर यहां पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश भी दिए। शनिवार शाम यहां पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत – नेपाल सीमा स्थित लोहिया हेड शारदा बाईपास चैनल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक अनुपम छटा वाले इस क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री धामी ने घने जंगल के बीच बहने वाले शारदा व उसके आसपास के क्षेत्र को अत्यधिक सूरम्य, मनोहारी, महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र में प्रमुख रूप से जोड़कर विकसित करने संबंधी जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान शारदा कॉरिडोर के लिए विकास कार्य को प्रगति पर बताया और कहा कि इसके लिए लगभग 200 वर्ग किमी दायरे में आने वाले इस क्षेत्र को विकास के योजना में सम्मिलित किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। सरकार के उद्देश्य से अवगत कराते हुए सीएम धामी ने कहा कि सीमांत क्षेत्र का सामग्री विकास कर प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को शुद्ध करना है। उन्होंने इस क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मोर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दरगाह मंत्री अनिल कपूर डब्बू, किशन सिंह किन्ना, मोहनी पोखरिया, कैप्टन गंभीर सिंह धामी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, रंदीप पोखरिया, नवीन बोरा, भवानी भंडारी, नरेंद्र बिष्ट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, सीडीओ दिवेश शासनी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम तुषार सैनी आदि मौजूद रहे।

# राजधानी के जूता शोरूम में एसी का कंप्रेसर फटा, लगी भीषण आग

## लपटें देख कांपे लोग, पुलिस ने 50 घर कराए खाली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ के गुडंबा में एसी का कंप्रेसर फटने से दो मंजिला जूता शोरूम और गोदाम में भीषण आग लग गई। पुलिस ने एहतियातन आसपास के 50 घर खाली कराए। दमकल की 10 गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे में आग बुझाई। घटना में लगभग 40 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

गुडंबा में कुर्सी रोड स्थित महावीर इंटर कॉलेज के सामने सोमवार दोपहर जूतों के दो मंजिला जूते के शोरूम और गोदाम में एसी का कंप्रेसर फटने से आग लग गई। घटना से हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर पुलिस ने आसपास के 50 घर और अन्य प्रतिष्ठानों को खाली करा लिया। दमकल कर्मियों ने दस गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया। हुसैनाबाद निवासी मो. समीर और मो. हसीन का महावीर इंटर कॉलेज के सामने मिस्टर फंकी शूज नाम से जूतों का शोरूम है। भवन के भूतल और प्रथम तल पर शोरूम व दूसरे तल पर गोदाम बना है।

समीर के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे शोरूम खोला गया था। करीब 11:45 बजे शोरूम के पहले तल पर एसी के कंप्रेसर में अचानक फट गया। कर्मचारियों ने दमकल को सूचना देने के साथ आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, मगर कुछ ही मिनटों में लपटें पूरे प्रथम तल और गोदाम तक फैल गईं।

**स्कूल कर्मियों ने दिखाई तत्परता :** महावीर इंटर कॉलेज के कर्मचारियों ने शोरूम से धुआं और आग की लपटें उठती देख तत्काल प्रधानाचार्य को सूचना दी। कॉलेज में लगे सबमर्सिबल को चालू कर दो पाइपों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। बिजली कट जाने पर जनरेटर चलाकर पानी की व्यवस्था की गई। कर्मचारियों की सूझबूझ के चलते आग भूतल तक नहीं पहुंच सकी और वहां स्थित शोरूम को काफी हद तक बचा लिया गया।

**टीन की दीवार तोड़कर बुझाई आग :** कुछ ही देर में एफएसओ इंदिरानगर पशुपति नाथ मिश्रा तीन गाड़ियों के साथ मौके पर आ गए। फायर स्टेशन बख्शी का तालाब और हजरतगंज से भी सात गाड़ियां बुला ली गईं। दमकल कर्मी दो हिस्सों में बट गए। एक टीम सामने से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगी, जबकि दूसरी टीम से बनी गोदाम की छत और दीवारें हथौड़ों से तोड़ने लगे। कुछ देर बाद टीन टूटने पर टीम ने उपर से भी आग बुझाना शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

### 16 गैस सिलिंडर सुरक्षित निकाले गए

घटनास्थल पर डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा, एसीपी गाजीपुर, विकासनगर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के करीब 50 घरों और दुकानों को खाली कराया गया। एक मिठाई की दुकान से करीब 16 गैस सिलिंडर को समय रहते बाहर निकाल लिया गया।

# बिल्डिंग मालिक ने बना रखी थी बिजली सुरक्षा निदेशालय की फर्जी एनओसी, एफआईआर दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड की जांच में बिल्डिंग मालिक द्वारा बिजली सुरक्षा निदेशालय की फर्जी एनओसी बनाने का आरोप सामने आया है। सहायक निदेशक की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। जांच में एनओसी के दस्तावेज, हस्ताक्षर और डिस्पैच नंबर फर्जी पाए गए।

अलीगंज अग्निकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। बिल्डिंग के मालिक अलीगंज सेक्टर डी निवासी वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला ने बिजली सुरक्षा निदेशालय से फर्जी एनओसी बनाई थी। यह आरोप निदेशालय के सहायक निदेशक आलोक शुक्ला ने लगाया है। उनकी तहरीर पर अलीगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

सहायक निदेशक आलोक शुक्ला का कहना है कि 22 जून को हुए अग्निकांड की जांच उन्हें मिली थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि वीरेंद्र ने बिल्डिंग की फर्जी एनओसी बनाई थी। यह एनओसी 24 जून 2016 से डिस्पैच थी, जबकि कार्यालय के अभिलेखों में दर्ज डिस्पैच नंबर फर्जी एनओसी से अलग था। एनओसी पर दर्ज हस्ताक्षर भी तत्कालीन सहायक निदेशक पीके निगम के हस्ताक्षर से भिन्न थे। एनओसी में छपा फॉन्ट साइज, लिखावट व पेपर की डिजाइन भी अलग थी। आलोक शुक्ला का कहना है कि आरोपी बिल्डिंग मालिक ने तत्कालीन अधिकारी के हस्ताक्षर निदेशालय को भ्रमित करने के मकसद से बनाए थे। फिर इसके बाद निगम से कनेक्शन ले लिया। वहीं, इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बिल्डिंग मालिक को जेल भेजा जा चुका है। सहायक निदेशक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उनसे फर्जीवाड़े संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। मामले की विवेचना दरोगा अभय प्रताप सिंह कर रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# 132 केवीए पिटकुल चालू होने ही घोषित कटौती की समस्या दूर होगी ईई बस्नैत

जागरण मोर्चा कार्यालय


विकास कार्यों का जायजा लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** उपखंड क्षेत्र में विद्युत लोड बढ़ने की वजह से बिजली की किल्लत बनी हुई है। लोहियाहेड एक पावर हाउस से वर्तमान में 1300 ampr अंपियर विद्युत आपूर्ति हो रही है। जबकि वर्तमान में 1500 ampr अंपियर बिजली की आवश्यकता है।

ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता चंदन सिंह बस्नैत ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयास से राजीव नगर खटीमा में 132 केवीए का पिटकुल तैयार हो चुका है। विभागीय टीम फीडर निर्माण में जुटी है। इसके चालू होते ही उपखंड क्षेत्र में बिजली गुल रहने की एक बड़ी समस्या हल हो सकेगा। ईई ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान इस समस्या का स्वसंज्ञान लिया। इसके समाधान के लिए उनके द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। विभाग के इंजीनियर लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

ईई बस्नेट नहीं यह भी बताया कि प्रदेश में 3000 मेगावाट से अधिक बिजली खपत है मुख्यमंत्री धामी के प्रयास से 150 मेगावाट बिजली की व्यवस्था केंद्र से की गई है। उम्मीद है इसके बाद स्थिति सामान्य हो सकेगी। ईई बस्नैत ने से इस दौरान सहयोग की अपील की है।

# अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार; 79 चेक बुक और 77 एटीएम कार्ड बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस और साइबर प्रकोष्ठ एक संयुक्त अभियान में कॉरपोरेट धोखाधड़ी से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) रल्लापल्ली वसंत कुमार ने बताया कि वित्तीय लेनदेन से जुड़े सुरागों की जांच के बाद संयुक्त टीम ने गिरोह के चार सदस्यों सत्येन्द्र सविता, निप्पु कुमार, मनीष कुमार और सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 79 चेक बुक, 77 एटीएम कार्ड, छह पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) मशीनें, 14 कीपैड मोबाइल फोन, 15 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 29 सिम कार्ड, तीन लैपटॉप, विभिन्न कंपनियों से जुड़े दस्तावेज, तीन पहचान पत्र और छह रबर स्टांप बरामद किए गए हैं। अधिकारी के अनुसार, आरोपी लोगों को बहला-फुसलाकर उनके नाम पर चालू खाते खुलवाते थे और फर्जी कार्यालयों की आड़ में फर्मों का पंजीकरण कराते थे।

उन्होंने बताया कि इसके बाद उनके साथी साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि इन खातों में अंतरित करते थे और बाद में इंटरनेट बैंकिंग क्रेडेंशियल, एटीएम कार्ड, चेक बुक, सिम कार्ड और ओटीपी का इस्तेमाल किया जाता था। कुमार ने बताया कि गिरोह का एक अन्य सदस्य फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

# रेलवे फाटक पर घंटों जाम, बंद फाटक से राहगीर बेहाल

## ओवरब्रिज या अंडरपास निर्माण की मांग तेज, एम्बुलेंस के बार-बार फंसने से बढ़ी चिंता

जागरण मोर्चा कार्यालय


रेलवे फाटक पर लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र खटीमा का मुख्य रेलवे फाटक इन दिनों आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। ट्रेन के आवागमन के दौरान फाटक बंद होते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता है। खटीमा के प्रमुख मार्ग पर स्थित इस रेलवे फाटक से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। फाटक बंद होने के दौरान दोपहिया, चारपहिया, मालवाहक वाहनों और पैदल राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो जाती है। फाटक खुलने के बाद भी वाहनों का दबाव इतना अधिक रहता है कि यातायात सामान्य होने में काफी समय लग जाता है। इस जाम का सबसे अधिक असर कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, छात्रों, व्यापारियों और आम नागरिकों पर पड़ रहा है। समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच पाने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। वहीं सबसे गंभीर स्थिति तब उत्पन्न होती है, जब एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे मरीजों की जान पर भी खतरा मंडराने लगता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खटीमा में लगातार बढ़ते यातायात के बावजूद इस समस्या का अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस प्रमुख रेलवे फाटक पर जल्द से जल्द रेलवे ओवरब्रिज या अंडरपास का निर्माण कराया जाए, ताकि रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारू हो सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि ओवरब्रिज या अंडरपास बनने से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि आपातकालीन सेवाओं को भी निर्बाध रूप से संचालित किया जा सकेगा।

## यूपी के हर सरकारी स्कूल में बनेगा इको क्लब

# पर्यावरण संरक्षण के लिए योगी सरकार ने जारी किए 65.64 करोड़ रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा के तहत ''इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ'' की गतिविधियों के संचालन के लिए करीब 65 करोड़ 63 लाख 95 हजार रुपये की लिमिट जारी की गई है। इसके तहत प्रदेश के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों को 5 हजार रुपये प्रति विद्यालय की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों, सहायक लेखा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयकों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि तीन दिन के भीतर विद्यालयों के खातों में हस्तांतरित की जाए। साथ ही इको क्लब्स के गठन, उनके संचालन, मासिक गतिविधि कैलेंडर और निर्धारित दिशा-निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

इको क्लब्स के माध्यम से विद्यार्थियों को मिशन लाइफ के सात प्रमुख विषयों से जोड़ा जाएगा। इनमें स्वस्थ एवं सतत जीवनशैली, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, कचरा कम करना और पुनर्चक्रण, ई-वेस्ट प्रबंधन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने जैसे विषय शामिल हैं। सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और पर्यावरण अनुकूल व्यवहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। विद्यालयों में जुलाई से मार्च तक निर्धारित कैलेंडर के अनुसार गतिविधियां संचालित होंगी।

**विरोध** दो माह के विपरीत 28 दिन में हो रही बिलों की वसूली, उचित कार्रवाई के लिए एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

# चरमराती विद्युत आपूर्ति के विरोध में कांग्रेसियों का धरना प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



विधायक भुवन कापड़ी व कांग्रेसियों ने चरमराती विद्युत आपूर्ति के विरोध में उपखंड कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** उपखंड क्षेत्र में लगातार चल रही बिजली कटौती एवं बिजली दरों में हुई अप्रत्याशित बढोतरी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया और विरोध में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं होने पर जल आंदोलन की चेतावनी दी।

विधायक भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व तो में एकत्रित कांग्रेसियों ने विद्युत दरों में वृद्धि एवं अघोषित बिजली के विरोध में उपखंड अधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। बाद में एसडीओ आलोक सचान को ज्ञापन सौंपा और अभिलंब कटौती बंद करने की मांग की।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक कापड़ी ने कहा कि उपखंड क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण इलाकों में अघोषित कटौती से आम उपभोक्ता परेशान है। उपभोक्ता भीषण गर्मी के चलते इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग से वंचित चल रहे हैं वहीं बच्चों की पढ़ाई, पेयजल सहित छोटे-छोटे उद्योग धंधे पूरी तरह प्रभावित हैं। सबसे भयंकर त्रासदी किसानों को झेलनी पड़ रही है। आसमान छू रही महंगाई में किसान कीट नाशक, उर्वरक के इस्तेमाल कर धान की रोपाई में जुटा है। वहीं सुचारू आपूर्ति नहीं मिलने व जल स्तर गिरने से सिंचाई के संसाधन ठप पड़े हैं। विधायक कापडी ने कहा कि सरकार की मनमानी के चलते दो माह में मिलने वाला बिल अब लगभग 28 दिन में ही वसूला जा रहा है। उन्होंने विभाग पर 12 के बजाय 13 माह के बिल वसूलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जसविंदर सिंह पप्पू , ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, सतपाल राणा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, राज किशोर सक्सेना, प्रवीण सिंह, अरविंद कुमार, नासिर खान, शमीम अहमद, नवीन जोशी, गौरसिंह राणा, गोपाल चंद्र, छोटेलाल यादव, पंकज मेहता, नंदकिशोर, नंदन सिंह, ताहिर जरीफ, दीपक मुडेला, अयूब, अंकित सिंह, मनोज कोहली, सोनू चीमा, सुखविंदर पंधेर, ललिता, चंचल, तनवीर सिंह, अनिरुद्ध, तरुण ज्याला, फहीम, इमरान आदि मौजूद थे।

# इस महीने से 4.43 प्रतिशत सस्ती होगी बिजली

## 15 माह बाद उपभोक्ताओं को 358 करोड़ की राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जुलाई माह के बिजली बिलों में उपभोक्ताओं को 4.43 प्रतिशत की राहत मिलेगी। एफपीपीसीए के तहत यह 15 महीनों की सबसे बड़ी कटौती है, जिससे करीब 358 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। बिजली खरीद लागत कम होने से यह राहत संभव हुई है, जबकि अतिरिक्त वसूली वापसी की मांग भी जारी है।

उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई में राहत मिलेगी। इस माह के बिजली 4.43 प्रतिशत सस्ती मिलेगी। इतनी सस्ती बिजली करीब 15 माह बाद मिलेगी।उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के आदेश के अनुपालन में एफपीपीसीए (ईंधन एवं बिजली खरीद लागत समायोजन) के तहत जुलाई माह के लिए अप्रैल-2026 की लागत समायोजन दर जारी कर दी है।

इसके तहत जुलाई माह के बिजली बिलों में उपभोक्ताओं को 4.43 प्रतिशत की राहत मिलेगी, जो पिछले 15 माह का सबसे बड़ा एफपीपीसीए लाभ माना जा रहा है।

अप्रैल 2025 से लेकर आज तक सबसे अधिक मार्च 2026 में 2.42 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क में कमी की गई थी। उसके बाद यह अब तक की सबसे बड़ी कमी है। जिसकी वजह से जुलाई के महीने में प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 358.31 करोड़ का लाभ मिलेगा।

# ज़िले को 569 करोड़ की विकास सौगात

## 56 साल से विस्थापित परिवारों को मिली नागरिकता और जमीन

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा-अब दुनिया की कोई ताकत इन परिवारों को यहां से नहीं हटा सकती विकास के हर प्रस्ताव को मिलेगी प्राथमिकता

जागरण मोर्चा कार्यालय











**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत पतरासा कुंवरपुर में 569 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने करीब 55-56 वर्षों से विस्थापित बंगाली हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध परिवारों को भारतीय नागरिकता प्रमाणपत्र और जमीन के पट्टे वितरित कर उनके लंबे इंतजार का अंत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परिवारों ने दशकों तक राजस्व, वन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन अब उन्हें स्थायी सम्मान और सुरक्षा का अधिकार मिल गया है। उन्होंने कहा कि "अब दुनिया की कोई ताकत इन परिवारों को यहां से नहीं हटा सकती।" उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश में ऐसे 55 हजार से अधिक विस्थापित परिवारों को चरणबद्ध तरीके से नागरिकता और भूमि अधिकार दिए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी सहायता प्रदान की। होमगार्ड विचित्र पाल सिंह की पत्नी पुष्पा देवी को 38 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। सोनी देवी को कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए 24 लाख रुपये का अनुदान, कमलेश गंगवार को नंदनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 31.25 लाख रुपये का चेक तथा स्वयं सहायता समूहों को 10.12 करोड़ रुपये की रिवॉल्विंग फंड एवं सीआईएफ राशि प्रदान की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भी लाभ वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत अपनी प्राकृतिक सुंदरता, विश्व प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व, जैव विविधता और कृष्ण की बांसुरी की पहचान के कारण विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार विकास के साथ-साथ विरासत के संरक्षण के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई और सरकारी तथा गौशाला की जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया। आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण, गंगा एक्सप्रेसवे और आर्थिक कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए कहा कि पीलीभीत से शामली और गोरखपुर तक बनने वाला इकोनॉमिक कॉरिडोर व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने मंच से जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि पीलीभीत के विकास से जुड़े सभी जनहित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जाएगी और जनता से विकास यात्रा में सहयोग बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर, विधायक विवेक वर्मा, स्वामी प्रवक्तानंद, बाबूराम पासवान, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### मानसून की बेरुखी से सूख रहे खेत, महंगा डीजल खरीदकर धान रोपाई को मजबूर किसान



**पूरनपुर।** जून माह समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। लेकिन मानसून की सुस्त चाल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में धान रोपाई का कार्य शुरू हो चुका है। परंतु पर्याप्त बारिश न होने के कारण खेतों में नमी की भारी कमी बनी हुई है। धान की खेती को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सामान्य वर्षों में इस समय तक अच्छी बारिश होने से खेतों में पर्याप्त जलभराव हो जाता है और रोपाई का कार्य तेजी पकड़ लेता है। लेकिन इस बार मौसम के बदलते मिजाज ने किसानों की उम्मीदों को झटका दिया है। आसमान में बादल तो दिखाई देते हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं और किसान परेशान हैं। क्षेत्र के गांवों में इन दिनों दिन-रात डीजल चालित पंपिंग सेटों की गड़गड़ाहट सुनाई दे रही है। किसान खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए लगातार सिंचाई कर रहे हैं, ताकि धान की रोपाई समय पर पूरी की जा सके। हालांकि इसके लिए उन्हें जेब ढीली करनी पड़ रही है। डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण एक बीघा खेत तैयार करने और रोपाई योग्य बनाने में पहले की तुलना में कहीं अधिक खर्च आ रहा है। किसानों का कहना है कि पहले बारिश के भरोसे अधिकांश काम हो जाता था। लेकिन अब हर चरण में सिंचाई के लिए डीजल पर निर्भर होना पड़ रहा है। इससे खेती लाभ का नहीं बल्कि घाटे का सौदा बनती जा रही है। कई किसानों ने बताया कि रोपाई के साथ-साथ नर्सरी बचाने के लिए भी अतिरिक्त सिंचाई करनी पड़ रही है। मानसून की देरी का सबसे अधिक असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ रहा है। जिन किसानों के पास निजी ट्यूबवेल या पर्याप्त आर्थिक संसाधन नहीं हैं, वे अभी भी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। कई किसानों ने धान की रोपाई शुरू ही नहीं की है। उनका कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो रोपाई का समय निकलता जाएगा और उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। बारिश ना होने से किसान काफी परेशान है।

### गोमती उद्गम स्थल बनेगा पर्यटन केंद्र, विकास कार्यों पर 1.04 करोड़ रुपये खर्च



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पीलीभीत के कलीनगर तहसील क्षेत्र स्थित मां गोमती के उद्गम स्थल को प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना को गति दे दी है। 104 .81 लाख रुपये की परियोजना के लिए पहली किस्त के रूप में 78 लाख रुपये जारी किए गए हैं। परियोजना के तहत मल्टीपर्पज हॉल, शौचालय, शेड, इंटरलॉकिंग, उद्यान, साइनेज और सोलर आधारित सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि गोमती उद्गम स्थल सनातन आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है और इसके विकास से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। लगभग 960 किलोमीटर लंबी गोमती नदी का उद्गम पीलीभीत के माधोटांडा क्षेत्र स्थित गोमत ताल (फुलहर झील) से होता है।



सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा। -जागरण मोर्चा



अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा।



समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी।

### घुंघचाई पुलिस ने विक्षिप्त महिला को परिवार को सौंपा

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमराया मोड पर मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला घूम रही थी। सूचना पर पहुंची घुंघचाई पुलिस ने महिला को थाने ले जाकर जानकारी की तो उसकी पहचान ऊषा देवी पत्नी परमेश्वरी दयाल निवासी ग्राम पैनिया हिम्मतपुर थाना दियूरियाकला पीलीभीत के रूप में हुई। पुलिस ने महिला को उसके घर ले जाकर उसकी मां संतोषी देवी के सुर्पुद कर दिया। इस कार्य में उपनिरीक्षक अहमद अली, अमित कुमार, शोभित, सुशीला देवी, मोनिका बोहरा व आकांक्षा शामिल रहीं।

# मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सपा व हिंदूवादी संगठन के नेताओं को किया गया हाउस अरेस्ट, राजनीतिक हलकों में नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पीलीभीत दौरे से पहले सोमवार तड़के पुलिस ने समाजवादी पार्टी और हिंदूवादी संगठन के कई पदाधिकारियों को उनके आवासों पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती के फोटो भी संबंधित नेताओं की ओर से जारी किए गए। कार्रवाई के बाद विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में नाराजगी देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने बताया कि सोमवार सुबह करीब चार बजे पुलिस उनके आवास पर पहुंची और उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया। उनका कहना है कि वे मुख्यमंत्री के समक्ष जनपद की विभिन्न समस्याएं उठाना चाहते थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि जनता के मुद्दों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा को भी उनके आवास पर पुलिस ने नजरबंद रखा। पंकज शर्मा का कहना है कि वे जिले में व्याप्त बिजली संकट और आम जनता की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाना चाहते थे, लेकिन उन्हें बाहर नहीं निकलने दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाने वालों को रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। इसी क्रम में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी को भी उनके आवास पर हाउस अरेस्ट किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से पहले रात्रि में की गई यह कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की भावना के विपरीत है। मुख्यमंत्री का दौरा सकुशल संपन्न होने के बाद इस कार्रवाई को लेकर जिले के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। विपक्षी नेताओं और विभिन्न संगठनों का कहना है कि जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का अधिकार सभी को है और इस प्रकार की कार्रवाई लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं मानी जा सकती। हालांकि, इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# जानलेवा हमले में घायल ग्रंथी की उपचार के दौरान मौत

## पत्नी-दोस्त ने मिलकर किया था हमला, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

> पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद दर्ज रिपोर्ट में नियमानुसार धारा बढ़ाई जाएगी

**पूरनपुर।** जानलेवा हमले में घायल थाना खुटार के गांव कजरा निवासी ग्रंथी हरविंदर सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने घटना में ग्रंथी की पत्नी और उसके दोस्त गांव रम्पुरा कोन के कुलदीप सिंह उर्फ सोनी और राकेश का चालान किया था।

कोतवाली क्षेत्र गांव कढ़ेरचौरा से गांव रम्पुरा कोन जाने वाले मार्ग पर नदहा पुलिया के पास एक मार्च को ग्रंथी घायल अवस्था में बेहोश मिला था। ग्रंथी को इलाज के लिए बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ग्रंथी की पत्नी गुरजीत कौर ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के बाद पुलिस ने घटना का खुलासा कर सात मार्च को ग्रंथी की पत्नी और उसके दोस्त कुलदीप सिंह का चालान किया था। पुलिस का तर्क था कि ग्रंथी की पत्नी के प्रेम संबंध छह महीने पहले कुलदीप सिंह से हो गए थे। इसकी भनक पर हरविंदर ने विरोध कर नाराजगी जताई थी। इस पर ग्रंथी की पत्नी ने प्रेमी से मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। पत्नी गुरजीत कौर ने घटना के दिन शाम को पति को सामान लेने को गांव कढेरचौरा भेजा। साथ ही इसकी जानकारी प्रेमी कुलदीप को दी थी।

योजना के तहत कुलदीप ने अपने साथी राकेश के साथी गांव कढेरचौरा पहुंचा। ग्रंथी के बाइक से गांव रम्पुरा कोन लौटने पर रास्ते में कुलदीप ने राकेश के साथ उसे रास्ते में घेरकर जान से मारने की नीयत से प्रहार कर घायल कर दिया। ग्रंथी को मरा समझकर दोनों मौके से भाग गए थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे का बरमा बरामद कर ग्रंथी की पत्नी गुरजीत कौर, उसके प्रेमी कुलदीप सिंह और कुलदीप के दोस्त राकेश को गिरफ्तार कर चालान किया था।

घायल ग्रंथी की बरेली में मौत हो गई। सीओ विधि भूषण मौर्या ने बताया कि मौत की जानकारी थाना पुलिस को मिली है। परिजनों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद दर्ज रिपोर्ट में नियमानुसार धारा बढ़ाई जाएगी।

# खजाने का लालच देकर किसान से हजारों की ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** खेत में खजाना होने का झांसा देकर ग्रामीण से ठगी कर ली गई। युवक रुपये लौटाने के बजाय लगातार टालमटोल कर रहा है। पीडित ने मामले की शिकायत पुलिस की है। अंधविश्वास का फायदा उठाकर ठगी करने का एक और मामला सामने आया है।

क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी किसान नंद किशोर ने बताया कि गांव निवासी एक युवक ने दावा किया कि खेत में वर्षों पुराना खजाना दबा है।जिसे विशेष पूजा-पाठ और तांत्रिक विधि से निकाला जा सकता है। जिसका खर्च उसने तीस हजार रुपये बताए। यह भी बताया गया कि खजाना निकलने के बाद किसान की आर्थिक स्थिति पूरी तरह बदल जाएगी। पीडित नंद किशोर युवक के झांसे में आ गया। उसकी बातों पर विश्वास कर किसान ने तीस हजार रुपये नगद दे दिए।पूजा एक दो दिन में करना तय हुआ, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी कोई भी पूजा पाठ नही किया गया। काफी इंतजार के बाद पीडित ने युवक से अपने दिए गए रुपये वापस मांगे, जिस पर युवक रुपये लौटाने के बजाय लगातार टालमटोल कर रहा है। कईबार उसने रुपये वापस मांगे, लेकिन उसने टरका दिया। इस पर किसान को अपने साथ धोखाधड़ी का एहसास हुआ। रुपये ना मिलने पर नंद किशोर ने घुंघचाई थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने वताया कि जांच की जा रही है।

### गन्ना प्रजातियों का हुआ व्यापक सत्यापन, किया संवाद

**पूरनपुर।** क्षेत्र में गन्ना उत्पादन को अधिक लाभकारी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में गन्ना प्रजातियों के व्यापक सत्यापन अभियान के तहत वैज्ञानिकों की टीम ने पूरनपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर किसानों के खेतों का विस्तृत निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने खेतों में खड़ी विभिन्न गन्ना प्रजातियों की शुद्धता, वृद्धि, फसल की गुणवत्ता, रोग एवं कीटों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी टीम के साथ रहकर सत्यापन कार्य में सहयोग किया। वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधे संवाद करते हुए आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने तथा केवल अनुशंसित एवं प्रमाणित गन्ना प्रजातियों की खेती करने की सलाह दी।






दुखद — मामा के साथ वापस घर लौटते समय हुआ था हादसा

# पेड़ से टकराई बाइक युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र में रविवार को हुए एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मामा के साथ बाइक से घर लौट रहे युवक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूपसिंह निवासी राहुल अपने मामा के साथ रविवार को किसी काम से गया था। देर शाम दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बलरामपुर-जितौरिया मार्ग पर पहुंची, तभी किसी कारणवश बाइक का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते बाइक सड़क पर फिसल गई। जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन और स्थानीय लोग घायल राहुल को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे।



मृतक राहुल का फाइल फोटो।

चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मृत घोषित करते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अस्पताल परिसर में भी काफी देर तक गमगीन माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल और बाद में उसके घर पहुंच गए। परिजनों का कहना था कि कुछ ही देर पहले तक राहुल हंसते-बोलते घर लौट रहा था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। घटना की सूचना मिलने पर घुंघचाई थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी,राहुल की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दुःखद हादसे के पीड़ित परिवार से मिले समाजसेवी, 11 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की

**पूरनपुर।** महुआ गुन्दे निवासी स्वर्गीय विकास शुक्ला की बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के निकट गन्ने के खेत में पानी लगाते समय बिजली का तार गिरने से हुई दर्दनाक मृत्यु के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही पंडित राजेन्द्र प्रसाद स्मारक फार्मेसी कॉलेज एवं मेडिकेयर हॉस्पिटल के चेयरमैन, समाजसेवी एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित मिश्रा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत विकास शुक्ला की पत्नी राखी शुक्ला, पुत्र आदित्य शुक्ला एवं पिता ओमप्रकाश शुक्ला से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने पीड़ित परिवार को 11,000 का सहायता चेक प्रदान करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान अचलेन्द्र मिश्र 'अचल', नकुल पाण्डेय, सोनू सिंह एवं ऋषभ पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम पर अल बरकात फाउंडेशन ने लगाया लंगर, हाजी मुश्ताक सम्मानित



मुहर्रम महीने में लंगर का एहतिमाम करते अल बरकात फाउंडेशन के लोग।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मोहर्रम के अवसर पर वार्ड संख्या 12 स्थित साहूकारा लाइन ईदगाह पर अल बरकात फाउंडेशन कमेटी द्वारा राहगीरों और जरूरतमंदों के लिए हसनी-हुसैनी लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने इमाम हसन और इमाम हुसैन की शहादत को इंसानियत, सेवा और त्याग का संदेश बताते हुए लोगों से समाजसेवा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मोहम्मद अजीम बरकाती, फैजान बरकाती, आसिफ बरकाती, जहीर बरकाती, मोहम्मद शारिक, सभासद मोहम्मद हनीफ सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। आयोजन के दौरान फाउंडेशन की ओर से बावर्ची हाजी मुश्ताक को सम्मानित भी किया गया।

# कछला घाट पर उमड़ी आस्था की भीड़, श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बदायूं।** सावन माह और शुभ संयोग के चलते सोमवार सुबह कछला गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले सहित आसपास के जनपदों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर आस्था की डुबकी लगाई और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह तड़के से ही घाट पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, भीड़ बढ़ती चली गई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद दीपदान किया और प्रसाद चढ़ाकर मां गंगा का आशीर्वाद लिया। घाट पर "हर-हर गंगे" और "गंगा मैया की जय" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। घाट और उसके आसपास पुलिस बल की तैनाती रही, वहीं पीएसी और अग्निशमन विभाग की टीमें भी मुस्तैद रहीं। नदी में किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए गोताखोरों की टीम लगातार निगरानी करती रही। अधिकारियों ने समय-समय पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सुरक्षा इंतजामों को दुरुस्त रखा। घाट पर साफ-सफाई और बैरिकेडिंग की भी उचित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को स्नान करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की सतर्कता के चलते पूरे आयोजन के दौरान कहीं से भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

श्रद्धालुओं का कहना है कि कछला घाट पर गंगा स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। सोमवार को भी आस्था का यही सैलाब घाट पर देखने को मिला।

# ठिरिया रोड पर आधुनिक गोशाला की नींव बेसहारा गोवंश को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

## पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया भूमि पूजन, पांच करोड़ से बनेगी एक हजार गोवंश क्षमता वाली गोशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बेसहारा गोवंश के संरक्षण और उन्नत नस्ल की गायों के संवर्धन को लेकर बरेली छावनी परिषद ने एक अहम पहल की है। ठिरिया रोड पर प्रस्तावित आधुनिक गोशाला के निर्माण की दिशा में सोमवार को भूमि पूजन कर औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में विधिवत पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस गोशाला में एक हजार से अधिक गोवंश को रखने की व्यवस्था होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और छावनी परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. तनु जैन भी मौजूद रहीं। जनप्रतिनिधियों ने इस परियोजना को गोवंश संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसकी सराहना की। छावनी परिषद की सीईओ डॉ. तनु जैन ने बताया कि प्रस्तावित गोशाला को आधुनिक डिजाइन और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। यहां बेसहारा गोवंश के संरक्षण के साथ-साथ उन्नत नस्ल की गायों के पालन और उनके बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोशाला में पशुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी, जिससे गोवंश के समुचित पालन-पोषण और दीर्घकालिक संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यातायात पुलिस ने जारी की विस्तृत एडवाइजरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली में आज मुख्यमंत्री के आगमन एवं भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनज़र यातायात पुलिस द्वारा व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा। सुरक्षित और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी व हल्के वाहनों के साथ-साथ रोडवेज बसों के संचालन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यातायात पुलिस के अनुसार 30 जून को सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक परसाखेड़ा रोड नम्बर-01, विलवा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झाड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से किसी भी भारी वाहन का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। संबंधित थाना प्रभारियों को इन स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। भारी वाहनों के लिए तय किए गए वैकल्पिक मार्ग दिल्ली और रामपुर की ओर से बदायूं जाने वाले भारी वाहन झुमका तिराहा से बड़े बाईपास होते हुए विलवा, विलयधाम, नवदिया झाड़ा, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा और भमौरा मार्ग से आवागमन करेंगे। नैनीताल व पीलीभीत रोड से बदायूं जाने वाले भारी वाहन और बसें भी इसी मार्ग का प्रयोग करेंगी। वहीं दिल्ली व रामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बड़े बाईपास से झुमका, विलवा, विलयधाम, फरीदपुर और फतेहगंज पूर्वी होकर निकलेंगे। लखनऊ से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को फरीदपुर और इन्वर्टिस तिराहा होते हुए बड़े बाईपास से भेजा जाएगा। रोडवेज बसों के संचालन में बड़ा बदलाव। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि 30 जून को पुराना रोडवेज बस स्टैंड पूरी तरह बंद रहेगा। सभी रोडवेज बसों का संचालन सैटेलाइट बस स्टैंड से किया जाएगा। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत की ओर से आने वाली बसें बड़े बाईपास व इन्वर्टिस तिराहा होते हुए सैटेलाइट बस स्टैंड पहुंचेंगी और वहीं से बदायूं व लखनऊ की ओर रवाना होंगी। नागरिकों से सहयोग की अपील यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अति विशिष्ट कार्यक्रम के दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस ने कहा कि यह व्यवस्था जनसुरक्षा और यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए की गई है, असुविधा के लिए खेद है।

## सार संक्षेप

### पूरनपुर में धरने पर बैठी महिला की हालत बिगड़ी



धरने पर बैठे भाकियू भानू गुट। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** जमीन की पैमाइश की मांग को लेकर चल रहे धरने के दौरान उस समय हड़कंप मच गया। जब धरने पर बैठी एक महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। महिला की हालत बिगड़ने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मुडिया गांव की भूमि संबंधी विवाद और जमीन की पैमाइश कराने की मांग को लेकर पिछले कुछ समय से ग्रामीण और किसान प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। भाकियू (भानू गुट) के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने के दौरान महिला लगातार मौके पर मौजूद रही और प्रशासन से शीघ्र पैमाइश कराए जाने की मांग पर अड़ी रही। सोमवार को अचानक संगठन की एक महिला की तबीयत खराब होने लगी। महिला को चक्कर आने और कमजोरी की शिकायत हुई। जिसके बाद धरनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाल पवन पांडे और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार उपलब्ध कराया। टीम ने महिला का रक्तचाप और अन्य आवश्यक जांचें कीं। अब महिला की हालत में सुधार है। धरने पर आरोप लगाया कि लंबे समय से जमीन की पैमाइश की मांग की जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा मामले का समाधान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि कई बार अधिकारियों को शिकायतें और प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण किसानों और ग्रामीणों को धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा है। भाकियू (भानू गुट) के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक जमीन की पैमाइश कराकर समस्या का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संगठन के नेताओं ने यह भी कहा कि यदि मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### शिखर स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 का आगाज़, पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले

**बदायूं।** शेखूपुर रोड स्थित शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में सोमवार को शिखर स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन खेले गए दो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्थान के ट्रस्टी राजन मेंदीरत्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के साथ खेलने का संदेश देते हुए शुभकामनाएं दीं। पहले मुकाबले में डिप्लोमा चैलेंजर्स ने डिप्लोमा डेयर डेविल्स को 82 रन से हराया। टॉस जीतकर डेयर डेविल्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। चैलेंजर्स ने निर्धारित 10 ओवरों में 116 रन बनाए। जवाब में डेयर डेविल्स की टीम 6 .4 ओवरों में 34 रन पर सिमट गई। अरुण ने 41 रन बनाकर और 3 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, जबकि हर्ष ने 6 विकेट झटककर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। दूसरे मुकाबले में बैचलर्स वॉरियर्स ने बैचलर्स बैलिस्टिक बटालियन को एकतरफा मुकाबले में हराया। बैलिस्टिक बटालियन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 97 रन बनाए, जिसमें रामू ने 22 रन का योगदान दिया। जवाब में वॉरियर्स की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बिना कोई विकेट गंवाए 5 .3 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। उत्तम उपाध्याय ने नाबाद 47 और ज्ञानदीप ने नाबाद 39 रन बनाए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ज्ञानदीप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले दिन के मुकाबलों में खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना ने प्रतियोगिता को यादगार शुरुआत दी।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बोले-गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाए, दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** सोमवार को उस समय भक्तिमय माहौल बन गया, जब जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का नगर आगमन हुआ। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। जगह-जगह जयघोष गूंजते रहे और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए उमड़ पड़े।

नगर के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में गाय को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में गौ माता का विशेष स्थान है और उसके संरक्षण के लिए समाज को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। शंकराचार्य के आगमन को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया और जय श्रीराम तथा हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शंकराचार्य ने बताया कि वह गौ संरक्षण और गाय को 'राष्ट्र माता' घोषित करने के समर्थन में देशभर की 403 विधानसभा क्षेत्रों में जनजागरण अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में बहेड़ी उनकी 228वीं विधानसभा रही, जहां उन्होंने लोगों से इस अभियान में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। पूरे आयोजन में अनुशासन और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। शंकराचार्य के आगमन को लेकर नगर में दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। इस मौके पर सपा विधायक अताउररमान,सपा जिला अध्यक्ष सुभलेश यादव, सीता राम दुवे, केसर मिल के सीईओ शरद मिश्रा, वफ़ाउरमान, ह्रदेश पंडित, अमरीश शर्मा, आचार्य राजीव मिश्रा, पीर मोहम्मद, विजेंद्र चौधरी राजू मौर्य,आदि लोग मौजूद रहे।

# दो दिन में 3.80 लाख बच्चों को पिलाई गई 'जिंदगी की दो बूंदें'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में पल्स पोलियो अभियान के तहत दो दिनों में स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर बड़ा लक्ष्य हासिल किया। अभियान के पहले दिन जिले भर में बनाए गए 2335 बूथों पर अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां 3 लाख 42 हजार बच्चों को 'जिंदगी की दो बूंदें' पिलाई गईं। दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की 1214 टीमों ने घर-घर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने का कार्य किया, जिसमें 38 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस तरह दो दिनों में कुल 3 लाख 80 हजार बच्चों को दवा पिलाकर अभियान को सफल बनाया गया।

रविवार को शुरू हुए इस विशेष अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पहले से ही व्यापक तैयारियां की थीं। जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 2335 बूथ स्थापित किए गए थे, जहां सुबह से ही अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। बूथों पर तैनात स्वास्थ्यकर्मियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थित ढंग से बच्चों को पोलियो की खुराक दी। कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों को जागरूक किया।

सोमवार को अभियान के दूसरे चरण में घर-घर जाकर दवा पिलाने का कार्य किया गया। इसके लिए 1214 टीमें गठित की गई थीं, जिनमें आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। इन टीमों ने उन घरों तक पहुंच बनाई, जहां पहले दिन बच्चे बूथों तक नहीं आ सके थे।

# अग्निवीर में चयनित गुरवेंद्र सिंह का हुआ भव्य विदाई समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जनपद के ग्राम वरीपुरा निवासी गुरवेंद्र सिंह पुत्र मेघपाल सिंह का भारतीय थल सेना के अग्निवीर पद पर चयन होने के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। सोमवार को गुरवेंद्र सिंह को ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे उत्साह और गर्व के माहौल में ट्रेनिंग के लिए रवाना किया गया। इस दौरान गांव के लोगों और परिजनों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

ट्रेनिंग के लिए रवाना होने से पहले गुरवेंद्र सिंह ने अपने घर पर विधि-विधान से हवन-पूजन किया। उन्होंने अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और देश सेवा के संकल्प के साथ घर से प्रस्थान किया। इस भावुक क्षण में परिवार के सदस्यों की आंखें नम भी दिखीं, वहीं बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व भी साफ झलक रहा था।

गांव में इस अवसर पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की धुन पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और भारत माता के जयकारे लगाए। ग्रामीणों का कहना था कि गुरवेंद्र सिंह ने पूरे गांव का नाम रोशन किया है और उनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

इस मौके पर तेजपाल सिंह, कल्लू सिंह, पिंटू सिंह, हरिनंदन सिंह समेत बड़ी संख्या में रिश्तेदार, मित्र और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने गुरवेंद्र सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें देश की सेवा में सफल होने का आशीर्वाद दिया। गुरवेंद्र सिंह के इस चयन से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

# बदायूं और उझानी में लगा भीषण जाम भीषण गर्मी में परेशान हुए वाहन चालक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** शहर के चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती कम रहने से यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। चौराहों पर दिन में कई बार जाम लगा। इससे राहगीरों को दिक्कतें झेलनी पड़ीं। शहर के थानों के सिपाहियों और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की वीवीआईपी कार्यक्रम और कछला गंगा घाट पर ड्यूटी लगाए जाने से दिक्कत बढ़ी थी। वहीं, उझानी कृषि उत्पादन मंडी समिति में मक्का की जबर्दस्त आवक ने एक बार फिर बरेली-मथुरा हाईवे पर यातायात व्यवस्था फेल हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के बीच कार सवारों के साथ ही कछला गंगा स्नान को आने-जाने वाले श्रद्धालु भी फंस गए। मुख्य द्वार से दोनों ओर करीब दो किलोमीटर इलाके में जाम में फंसे वाहनों के सिवाय कुछ और नजर नहीं आया।

बरेली-मथुरा हाईवे पर मंडी के सामने जाम की शुरूआत सोमवार करीब आठ बजे हुई। दुकानदार सौरभ के मुताबिक धर्मकांटों से तौल कराने के लिए मक्का लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को उनके चालकों ने बेतरतीब दौड़ाना शुरू किया तो सबसे पहले श्रद्धालुओं के छोटे वाहन फंसने शुरू हुए। जाम में फंसे कार सवार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मंडी गेट से करीब दो किलोमीटर इलाके में वाहनों की कतार लग गई। उन्हें मंडी के मुख्य द्वार के सामने से छतुइया रेलवे क्रॉसिंग तक पहुंचने में एक घंटा लग गया। सुरेंद्र की तरह की गंगा स्नान करने और लौट कर आने वाले सैकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करें अधिकारी सीडीओ ने की संपूर्णता अभियान 2 .0 की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामनी सिंगला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सोमवार को आकाक्षात्मक विकास खण्ड उसावाँ, कादरचौक, सालारपुर, वजीरगंज एवं नीति आयोग द्वारा आवास विकास खण्ड अंबियापुर एवं आसफपुर के अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0, परिवार आईडी की दैनिक प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण / मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा एवं आजीविका मिशन योजना की समीक्षा की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण / ग्रामीण श्रम रोजगार ग्रामीण स्वतः रोजगार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में सम्पूर्णता अभियान 2.0 पर विस्तार से चर्चा की गई एवं आगामी सम्पूर्णता अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित लाभार्थियों को अपने इंडीकेटर्स की आयोग से निर्धारित लक्ष्य अनुसार शतप्रतिशत पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। खण्ड विकास अधिकारियों एवं शोधार्थियों को यह भी निर्देश दिये गये कि वह अपने-अपने विकास खण्ड में कराये गये उत्कृष्ठ कार्यों की सफलता की कम से कम 01 कहानी तैयार कर उपलब्ध करायें। परिवार आई0डी0 की प्रगति की समीक्षा की गई निर्देश दिये गये कि नगर क्षेत्र / नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर परिवार आई0डी0 बनवाने की कार्य योजना तैयार कर आई0डी0 बनवायें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण / मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन योजना की भी समीक्षा की गई। मनरेगा योजनान्तर्गत मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण करने एवं जल संरक्षण करने हेतु तालाबों के लिए भूमि चिहिन्त करने के निर्देश दिये गये। अखबार के लिए व्यवस्थित खबर बनाकर हेडिंग के साथ दो

# आयोग के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करें अधिकारी : सीडीओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सोमवार को आकांक्षात्मक विकास खंड उसावां, कादरचौक, सालारपुर, वजीरगंज तथा नीति आयोग के अंतर्गत चयनित अंबियापुर व आसफपुर ब्लॉकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्पूर्णता अभियान 2.0, परिवार आईडी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया।

सीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स के अनुसार लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। आगामी अभियान की तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने और लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में परिवार आईडी की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों में विशेष कैम्प लगाकर अधिक से अधिक परिवारों की आईडी बनाई जाए। साथ ही खंड विकास अधिकारियों और शोधार्थियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की कम से कम एक सफलता कहानी तैयार कर प्रस्तुत करें। मनरेगा के अंतर्गत मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए तालाबों हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए। सीडीओ ने कहा कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर जिले को विकास के मानकों पर आगे बढ़ाया जाए।

# मेसी ने लगातार 7 वर्ल्डकप में गोल करने का बनाया रिकॉर्ड




**नई दिल्ली**

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी लगातार 7 वर्ल्ड कप मैच में गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने हैं। वे रविवार को ग्रुप जे के मुकाबले में जॉर्डन के खिलाफ सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे और 80वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागा। मेसी को 20 साल बाद अर्जेंटीना की स्टार्टिंग-11 में जगह नहीं मिली है।

इससे पहले 30 जून 2006 को होस्ट जर्मनी के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में ऐसा हुआ था। मेसी के इस गोल की मदद से अर्जेंटीना ने डलास स्टेडियम में खेले गए मैच में जॉर्डन को 3-1 से हराया। इस जीत से अर्जेंटीना की टीम ग्रुप जे के टॉप पर रहकर नॉकआउट राउंड में पहुंची। टीम ने अपने लीग स्टेज में अपने तीनों मुकाबले जीते और 9 अंक हासिल किए। अल्जीरिया और ऑस्ट्रिया का मैच 3-3 की बराबरी पर रहा। यह मेसी के करियर का 72वां और अर्जेंटीना के लिए 12वां फ्री किक गोल था। वर्ल्ड कप में यह उनका दूसरा फ्री-किक गोल रहा। मेसी के अब इस वर्ल्ड कप में छह गोल हो चुके हैं। वे गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। रविवार को हुए मुकाबलों के साथ ही फीफा वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 32 यानी नॉकआउट क्वालीफाई करने वाली टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। 29 जून से नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे।

### कांगो ने पहली बार नॉकआउट में बनाई जगह

52 साल बाद वर्ल्ड कप में लौटी कांगो डीआर ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप के नॉकआउट (राउंड ऑफ 32) में जगह बना ली। अटलांटा स्टेडियम में उज्बेकिस्तान के कप्तान एल्डोर शोमुरोदोव ने 10वें मिनट में गोलकीपर के ऊपर से लॉब शॉट खेलकर गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ के 68वें मिनट में अब्दुकोदिर खुसानोव ने योआने विसा को पेनल्टी बॉक्स में गिरा दिया, जिस पर रेफरी ने पेनल्टी दी। विसा ने खुद पेनल्टी लेकर गोल स्कोर 1-1 किया। 78वें मिनट में मेशाक एलिया के शॉट पर डिफ्लेक्शन मिलने के बाद फिस्टन मायेले ने कांगो को 2-1 की बढ़त दिला दी। इंजरी टाइम में योआने विसा ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दागकर 3-1 की जीत पक्की कर दी।

### क्रोएशिया-घाना भी नॉकआउट में

1966 की वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड ने ग्रुप एल के टॉप पर रहकर नॉकआउट में प्रवेश किया। क्रोएशिया ने दूसरे स्थान पर रहकर नॉकआउट में जगह बनाई। घाना तीसरे स्थान पर रहकर भी इस राउंड में पहुंच गया। वहीं, पनामा तीनों मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। रविवार के पहले मुकाबले में इंग्लिश टीम ने पनामा को 2-0 से हराया। इस मैच में जूड बेलिंघम ने 62वें और कप्तान हैरी केन ने 67वें मिनट में गोल किए।

### राउंड ऑफ 32 मैचों का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| जर्मनी बनाम पराग्वे | 30 जून, सुबह 2:30 बजे |
| नीदरलैंड्स बनाम मोरक्को | 30 जून, सुबह 6:30 बजे |
| आइवरी कोस्ट बनाम नॉर्वे | 30 जून, रात 10:30 बजे |
| फ्रांस बनाम स्वीडन | 1 जुलाई, रात 2:30 बजे |
| मेक्सिको बनाम इक्वाडोर | 1 जुलाई, सुबह 6:30 बजे |
| इंग्लैंड बनाम कांगो | 1 जुलाई, रात 9:30 बजे |
| बेल्जियम बनाम सेनेगल | 2 जुलाई, रात 1:30 बजे |
| यूएसए बनाम बोस्निया एंड हर्जेगोविना | 2 जुलाई, सुबह 5:30 बजे |
| स्पेन बनाम ऑस्ट्रिया | 3 जुलाई, रात 12:30 बजे |
| पुर्तगाल बनाम क्रोएशिया | 3 जुलाई, सुबह 4:30 बजे |
| स्विट्जरलैंड बनाम अल्जीरिया | 3 जुलाई, सुबह 8:30 बजे |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम मिस्र | 3 जुलाई, रात 11:30 बजे |
| अर्जेंटीना बनाम केप वर्डे | 4 जुलाई, सुबह 3:30 बजे |
| कोलंबिया बनाम घाना | 4 जुलाई, सुबह 7:00 बजे |

टी20 वर्ल्ड कप से टीम इंडिया बाहर, ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हार के साथ सफर समाप्त

**लंदन**

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम का महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने का सपना एक बार फिर चकनाचूर हो गया है। रविवार को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले गए करो या मरो के महामुकाबले में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी।

इस शर्मनाक हार के साथ ही भारतीय टीम का सफर इस वर्ल्ड कप में यहीं समाप्त हो गया है और टीम सेमीफाइनल की रेस से आधिकारिक तौर पर बाहर हो चुकी है। भारतीय फैंस को उम्मीद थी कि विमेन इन ब्लू इस बार इतिहास रचेंगी, लेकिन कंगारू टीम ने एक बार फिर बड़े मैचों में अपना दबदबा साबित करते हुए भारत को टूर्नामेंट से पैक-अप करने पर मजबूर कर दिया।



### ग्रुप-ए से ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमें महिला टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में

इस मैच के नतीजे के साथ ही ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए ऑस्ट्रेलिया ने और दूसरे स्थान पर मौजूद साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने सेमीफाइनल के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। भारत को सेमीफाइनल का टिकट कटाने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत की जरूरत थी, लेकिन इस हार ने नेट रन-रेट के सारे समीकरणों को खत्म कर दिया। अब भारतीय टीम को खाली हाथ स्वदेश लौटना होगा, जबकि ग्रुप-बी से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ मिलकर टूर्नामेंट के अंतिम चार की जंग बेहद रोमांचक हो गई है।

### हरमनप्रीत कौर की आतिशी फिफ्टी काम नहीं आई, एलिस पेरी और गार्डनर ने संभाला मोर्चा

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक फैसला किया। हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर चौके-छक्कों की बरसात करते हुए करियर का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। हरमनप्रीत की इस कप्तानी पारी की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 170 रनों का स्कोर खड़ा किया था और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 171 रनों का लक्ष्य दिया था। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। उन्होंने 68 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खो दिया था, लेकिन इसके बाद एलिस पेरी और एश गार्डनर ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

# बेन स्टोक्स ने क्रिकेट से संन्यास का किया ऐलान

### न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेंगे आखिरी मैच

**नई दिल्ली**



इंग्लैंड क्रिकेट के सबसे बड़े स्टार और मौजूदा टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास का ऐलान कर सबको चौंका दिया है। स्टोक्स ने घोषणा की है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेला जाने वाला तीसरा और निर्णायक टेस्ट मैच उनके इंटरनेशनल करियर का आखिरी मुकाबला होगा।

इसके बाद वह इंग्लैंड की जर्सी में दोबारा खेलते नजर नहीं आएंगे। हाल ही में नाइटक्लब विवाद और टीम कर्फ्यू तोड़ने के बाद लगे एक मैच के बैन से वापसी करने वाले स्टोक्स ने इस मैच से ठीक पहले यह भावुक और बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही साल 2022 से शुरू हुआ उनका टेस्ट कप्तानी का सफर भी इसी मैच के साथ समाप्त हो जाएगा। न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में जन्मे और कंब्रिया में पले-बढ़े बेन स्टोक्स का इंटरनेशनल सफर साल 2011 में वाइट बॉले क्रिकेट से शुरू हुआ था।

### आंकड़ों से परे था स्टोक्स का कद

ईसीबी के सीईओ रिचर्ड गूल्ड ने भी स्टोक्स के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इंग्लिश क्रिकेट में स्टोक्स का योगदान अमूल्य है। गूल्ड ने कहा, स्टोक्स ने न केवल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक के रूप में अपनी काबिलियत साबित की, बल्कि अपने पूरे करियर में जो प्रतिबद्धता, जुझारूपन और जुनून दिखाया, वह बेमिसाल है। उनका प्रभाव आंकड़ों से कहीं आगे है, उन्होंने दुनिया भर के क्रिकेटरों को प्रेरित किया।




# आयरलैंड ने भारत को टी20 सीरीज में किया क्लीन स्वीप

**बेलफास्ट**

आयरलैंड ने भारत को टी20 सीरीजी में क्लीन स्वीप कर दिया है। सीरीज के पहले मैच में उलटफेर करने के बाद आयरलैंड ने दूसरे मैच को भी जीत लिया। इस सीरीज से पहले मेजबान टीम ने भारत के खिलाफ कोई इंटरनेशनल मैच नहीं जीता था।

पहले बैटिंग करते हुए आयरलैंड ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 154 रन बनाए। भारत की बैटिंग एक बार फिर फेल रही और टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 153 रन ही बना सकी। आयरलैंड ने मैच को एक रन से जीत लिया। आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 22 रन चाहिए थे।

हर्षित राणा ने मैच को रोमांचक बनाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। ओवर की 5वीं गेंद पर हर्षित आउट हो गए। उन्होंने 10 गेंद पर 21 रन बनाए। भारत को आखिरी गेंद पर जीत के लिए 8 रन चाहिए थे। प्रिंस यादव ने छक्का मार दिया।

### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टेक्टर कॉट अभिषेक बो.राणा | 5 | 6 | 1 | 0 |
| अड़ायर कॉट तिलक बो.अर्शदीप | 16 | 7 | 1 | 2 |
| हैरी कॉट ईशान बो.प्रिंस | 53 | 47 | 5 | 1 |
| टकर कॉट ईशान बो.प्रिंस | 15 | 18 | 2 | 0 |
| कालित्ज़ कॉट तिलक बो.दुबे | 37 | 23 | 3 | 2 |
| डेलानी बो.दुबे | 0 | 1 | 0 | 0 |
| डॉकरेल कॉट अक्षर बो.अर्शदीप | 19 | 14 | 1 | 1 |
| मैकार्थी कॉट ईशान बो.प्रिंस | 2 | 4 | 0 | 0 |
| मूंदरा नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 6, कुल रन: 154-8 (20.0) बल्लेबाजी नहीं की: हम्फ्रीज, होलार्ड **विकेट पतन:** 17-1,21-2,48-3,113-4,113-5,144-6,153-7,154-8. गेंदबाज- अर्शदीप: 4-0-35-2, राणा: 3-0-17-1, प्रिंस: 4-0-22-3, दुबे: 3-0-25-2, शेड़गे: 2-0-25-0, अक्षर: 4-0-28-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन एलबी डब्ल्यू बो. मूंदरा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| अभिषेक कॉट होलार्ड बो. मूंदरा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| ईशान रन आउट | 12 | 11 | 1 | 0 |
| अय्यर बो. मूंदरा | 10 | 7 | 2 | 0 |
| तिलक कॉट मैकार्थी बो.होलार्ड | 55 | 46 | 3 | 1 |
| अक्षर कॉट टकर बो.होलार्ड | 14 | 18 | 0 | 0 |
| दुबे कॉट डॉकरेल बो. हम्फ्रीज | 20 | 16 | 2 | 0 |
| शेड़गे कॉट टेक्टर बो.होलार्ड | 1 | 5 | 0 | 0 |
| राणा कॉट टेक्टर बो.हैरी | 21 | 10 | 2 | 1 |
| अर्शदीप नाबाद | 4 | 5 | 0 | 0 |
| प्रिंस नाबाद | 6 | 1 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त:** 10, कुल रन: 153-9 (20.0). विकेट पतन: 0-1,1-2,19-3,35-4,74-5,109-6,117-7,121-8,147-9. गेंदबाज- मूंदरा: 4-0-32-3, हम्फ्रीज: 4-0-28-1, होलार्ड: 4-0-26-3, मैकार्थी: 4-0-22-0, हैरी: 4-0-40-1.

# कराटे प्रतियोगिता में मप्र शीर्ष स्थान पर रहा

**भोपाल**



सेज यूनिवर्सिटी भोपाल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 एवं 28 जून को आयोजित तीसरी भोपाल ओपन अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप का समापन हुआ। प्रतियोगिता में देश के 19 से अधिक राज्यों के 550 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। आशी बाधोराई ने 5-0 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आयुषी बाधोराई ने 6-0 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता, सौरभी नेगी ने भी 6-0 से जीत दर्ज कर चैंपियनशिप में श्रेष्ठता साबित की। रुशा तंबत ने सभी व्यक्तिगत मुकाबलों में 10-0 के अजेय स्कोर से जीत दर्ज की। राज्यवार समग्र प्रदर्शन में मध्यप्रदेश ने प्रथम, तमिलनाडु ने द्वितीय तथा राजस्थान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# नागल ने जीता इंटारो ओपन खिताब

**नई दिल्ली**




भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंटारो ओपन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के क्वालीफायर फेलिक्स बालशॉ को 6-3, 7-5 से हराकर दो साल से ज्यादा समय में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता। इस जीत के साथ ही चैलेंजर स्तर पर नागल का खिताबी सूखा भी खत्म हो गया। इससे पहले उन्होंने जून 2024 में जर्मनी में हेलब्रॉन चैलेंजर जीता था।

### किदांबी श्रीकांत यूएस ओपन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे

**फुलर्टन**



दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। पुरुषों के सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीकांत ने जापान के युदाई ओकिमोटो को हराया। श्रीकांत इस साल अपने पहले फाइनल में पहुंचे हैं। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओकिमोटो को एक घंटे 12 मिनट तक चले मुकाबले में 22-20, 15-21, 21-19 से हराया।

# पिकलबॉल खिलाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल**

शहर में पिकलबॉल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में तीन दिवसीय हाई परफॉर्मेंस पिकलबॉल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन राजधानी के ऐस पिकलबॉल क्लब में किया गया।



यह प्रशिक्षण शिविर ऐस पिकलबाल क्लब द्वारा मध्यप्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन एवं इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इस विशेष पहल की शुरुआत जिला पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य सूर ने की। कैंप का उद्देश्य भोपाल के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना रहा।

# कोहली और जोकोविच की जल्द हो सकती है मुलाकात

**नई दिल्ली**

टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने बताया कि वह अभी तक क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली से नहीं मिले हैं लेकिन उन्होंने मुलाकात करने की इच्छा जताई है। जोकोविच ने कहा है कि वे सालों से सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़े हुए हैं और एक-दूसरे के करियर का समर्थन व प्रशंसा करते रहे हैं। पूर्व नंबर एक और 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों के विजेता नोवाक जोकोविच जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। विंबलडन 2026 के दौरान एक साक्षात्कार में नोवाक जोकोविच ने भारतीय स्टार विराट कोहली से मिलने के सवाल पर कहा, हम आमने-सामने तो नहीं मिले हैं, लेकिन हमने मैसेज पर बात की है। हम पिछले कुछ सालों से संपर्क में हैं, दूसरे को फॉलो कर रहे हैं, एक-दूसरे का सपोर्ट कर रहे हैं और एक-दूसरे के करियर की तारीफ करते रहे हैं। नोवाक जोकोविच 29 जून को विबलडन 2026 अभियान की शुरूआत करेंगे, जहां वे रिकॉर्ड विस्तारित 25वां गौड स्लैम सिंगल्स खिताब जीतने के लिए उतरेंगे। सर्बियाई स्टार फ्रेंच ओपन में जोआओ फोंसेका के हाथों चौंकाने वाले तीसरे दौर के हार के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

# रजनीकांत परिवार की बहू बनेंगीं काव्या मारन

**नई दिल्ली।** आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद की को-ओनर काव्या मारन से जुड़ी एक खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि काव्या मशहूर म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर से शादी करने जा रही हैं। काव्या आईपीएल मैचों के दौरान अपनी टीम को सपोर्ट करती नजर आती हैं। हालांकि अनिरुद्ध ने कभी भी काव्या के साथ अपने रिश्ते की सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं की है। हाल ही में उनके परिवार के एक सदस्य ने इस बात की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। अनिरुद्ध के अंकल और एक्टर वाईजी महेंद्र ने एक बातचीत में म्यूजिशियन की काव्या के साथ शादी के बारे में जानकारी दी। महेंद्र के हवाले से कहा गया है कि वह बहुत शांत स्वभाव का लड़का है।







